www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

कार्तिक शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 287
नई दिल्ली
बुधवार, 05 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज से ...
06 हम दिखावे में नहीं सेवा पर विश्वास रखते हैं
अफगानिस्तान के साथ और शत्रुता... 12

# भारत की मजबूत लोकतांत्रिक नींव के कारण दुनिया निवेश के लिए आकर्षित हो रही है : लोकसभा अध्यक्ष



✔ बिरला ने न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन को बढ़ावा देकर नौकरशाही बाधाओं को कम करके और औद्योगिक विस्तार को सक्षम बनाकर व्यापार-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया।

**शैलेन्द्र शर्मा**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कोलकाता में भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के 125वें वर्षगांठ समारोह को संबोधित किया। समारोह का विषय था भारत 100 : एक नए सवेरे का युग। ओम बिरला ने कहा कि भारत की मजबूत और जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था से आकर्षित होकर दुनिया भारत में निवेश करने के लिए तेजी से इच्छुक हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिरला ने न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन को बढ़ावा देकर नौकरशाही बाधाओं को कम करके और औद्योगिक विस्तार को सक्षम बनाकर व्यापार-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने निजी क्षेत्र को अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने और वैश्विक मानकों के अनुरूप ढलने के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री के इस आश्वासन का स्वागत किया कि सरकार ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाएगी और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व की ओर भारत की प्रगति को और मजबूत करेगी। इस कार्यक्रम में उद्योग और वाणिज्य जगत के प्रतिष्ठित प्रमुख शामिल हुए। बिरला ने भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स को देश भर के व्यावसायिक चैंबरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए जनहित के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने में इसके अग्रणी प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में भारत का उल्लेखनीय परिवर्तन, यहां तक कि एक तेजी से जटिल होते वैश्विक परिवेश में भी इसके व्यावसायिक समुदाय की दूरदर्शिता, लचीलेपन और उद्यमशीलता की भावना का प्रमाण है। उन्होंने देश के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास में संस्था के ऐतिहासिक योगदान की सराहना करते हुए मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स के रूप में इसकी शुरूआत को याद किया। बिरला ने संस्था की गौरवशाली 125 वर्षों की यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह लचीलेपन, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पित सेवा से चिह्नित है। बिरला ने देश की लोकतांत्रिक ताकत पर कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व, स्थिरता और समावेशिता के साथ मिलकर भारत को दुनिया के लिए एक आदर्श लोकतंत्र बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं है, बल्कि एक जीवन शैली है जो देश के सामाजिक और सांस्कृतिक लोकाचार में गहराई से समाहित है। जहां लोकतंत्र फलता-फूलता है, वहां मजबूत और स्थिर शासन भी पनपता है। लोकसभा अध्यक्ष ने समावेशी विकास में महिलाओं और युवाओं की भूमिका पर कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी बढ़ती भागीदारी एक गहन सामाजिक परिवर्तन को दशार्ती है।

## आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास में संस्था के ऐतिहासिक योगदान की सराहना

बिरला ने कहा देश के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास में संस्था के ऐतिहासिक योगदान की सराहना करते हुए मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स के रूप में इसकी शुरूआत को याद किया। बिरला ने संस्था की गौरवशाली 125 वर्षों की यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह लचीलेपन, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पित सेवा से चिह्नित है। बिरला ने देश की लोकतांत्रिक ताकत पर कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व, स्थिरता और समावेशिता के साथ मिलकर भारत को दुनिया के लिए एक आदर्श लोकतंत्र बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं है, बल्कि एक जीवन शैली है जो देश के सामाजिक और सांस्कृतिक लोकाचार में गहराई से समाहित है। जहां लोकतंत्र फलता-फूलता है, वहां मजबूत और स्थिर शासन भी पनपता है। लोकसभा अध्यक्ष ने समावेशी विकास में महिलाओं और युवाओं की भूमिका पर कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी बढ़ती भागीदारी एक गहन सामाजिक परिवर्तन को दशार्ती है।

# शिक्षा हमें विनम्र होना और समाज व देश के विकास में योगदान देना भी सिखाती है: मुर्मु

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नैनीताल में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में किया प्रतिभाग

**उत्तम भारत संवाददाता**




**नैनीताल (उत्तराखंड)।** शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनाती है, साथ ही हमें विनम्र होना और समाज व देश के विकास में योगदान देना सिखाती है। विद्यार्थीगण अपनी शिक्षा को वंचित वर्गों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित करें। यही सच्चा धर्म है, जो उन्हें सच्चा सुख और संतोष प्रदान करेगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उपरोक्त प्रेरक उद्गार कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के 20वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। राष्ट्रपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और उपाधियां प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) भी उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव होती है। इसलिए, शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की बुद्धि और कौशल का विकास करना ही नहीं, बल्कि उनके नैतिक बल और चरित्र को भी सुदृढ़ करना होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। सरकार निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए अनेक नीतिगत पहल कर रही है। ये पहल युवाओं के लिए अनेक अवसर उत्पन्न कर रही हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों को चाहिए कि वे युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में शोध, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के प्रभावी अनुप्रयोग के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें विश्वास है कि विश्वविद्यालय इस दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हिमालय अपनी जीवनदायिनी संपदाओं के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जागरूक प्रयास कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि एक शिक्षण संस्था के रूप में कुमाऊँ विश्वविद्यालय की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियाँ भी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के अध्यापकों और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे आस-पास के गाँवों में जाएँ, वहाँ के लोगों की समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करें। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि आज का यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि इस दीक्षांत समारोह में हमें माननीय राष्ट्रपति महोदया का सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

Government of India
Ministry of Road Transport and Highways




संबंधित व्यक्ति विवरण परिवहन वेबसाइट https://parivahan.gov.in/ पर देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें - आईडी:helpdesk-vahan[at]gov[dot]in and helpdesk-sarathi[at]gov[dot]in

CBC 37101/13/0012/2526

P-02:28 paga09_jhn.qxd 11/4/2025 8:56 PM Page 1



# ब्रज रज उत्सव 2025 में किया जिलाधिकारी-एसएसपी ने यातायात माह का फीता काटकर शुभारंभ

*** यातायात जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी, उड़ाए गुब्बारे**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने धौलीप्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में आयोजित ब्रज-रज उत्सव 2025 कार्यक्रम स्थल पर यातायात माह नवंबर 2025 का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यातायात माह नवंबर 2025 जागरूकता कार्यक्रम में गुब्बारे उड़ाए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यातायात माह नवंबर 2025 कार्यक्रम में मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पर्पण किया। उन्होंने मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया तथा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि यातायात नियमों का अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन ना चलाएं, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट का ही प्रयोग करें, शराब के नशे में वाहन ना चलाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वाहन धीमा चलाये, अपनी जान के साथ दूसरों की जान भी बचाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात जागरूकता रैली एक ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस तरह की रैलियों में आम जनता, स्कूली बच्चे, और विभिन्न संगठनों के सदस्य भाग लेते हैं और यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। यातायात माह नवंबर 2025 में जागरूकता रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना और लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि यातायात नियम वे नियम हैं जो सड़कों पर यातायात को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए बनाए गए हैं। इन नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और यातायात को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है, कार चलाते समय सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य है, यातायात संकेतों जैसे कि लाल बत्ती, हरी बत्ती और यातायात पुलिस के संकेतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित गति सीमा के अनुसार वाहन चलाना चाहिए, ओवरटेकिंग करते समय सावधानी बरतना और नियमों का पालन करना चाहिए। वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करना चाहिए तथा यातायात लेन का पालन करना और दूसरे वाहनों को परेशान न करना हम सभी का दायित्व है।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, एसपी यातायात मनोज कुमार, एसपी सुरक्षा राजकमल अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी मांट आशीष शर्मा, क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम का चैकिंग अभियान जारी, बरसाना के दुकानों से एकत्र किए नमूने

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में ज्ञानपाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दलवीर सिंह, राम नरेश व भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विगत दिवस को अभय मिष्ठान भंडार, बरसाना से पेड़ा का एक नमूना व 04.11.2025 को सुदामा चौक एवं श्रीजी मंदिर, बरसाना, मथुरा के समीप स्थित मिठाईयों की दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ पेड़ा के तीन नमूने क्रमशः खाद्य कारोबारकर्ता सुरेश यादव, संतोष कुमार व बंशो निवासी बरसाना से संग्रहित किये गये। संग्रहित किये गये कुल चार नमूनों को जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पुलिसकर्मियों से मारपीट, चार गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में मंगलवार सुबह अलीगंज से आए श्रद्धालु परिवार और पुलिसकर्मियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मंदिर के एंट्री गेट से बाहर निकलने पर अड़े श्रद्धालु परिवार को रोकने को लेकर हुये विवाद में अन्य श्रद्धालु भी घायल हो गये। पुलिस श्रद्धालुओं को लेकर बिहारीजी पुलिस चौकी पहुंची। घटना के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार प्रातः 10:53 पर कुछ लोगों ने मंदिर में ड्यूटी पर कार्यरत हैड कांस्टेबल राघवेंद्र से अभद्रता मारपीट की जिसके साक्ष्य सीसीटीवी में मौजूद है। घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। आरोपी अभय सिंह संजय सिंह और राहुल सिंहएसुनीता निवासी अलीगंज एटा को हिरासत में लिया गया है। बताया जाता है कि ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में मंगलवार को लगभग 11 बजे एटा के अलीगंज निवासी श्रद्धालु परिवार के दस सदस्य मंदिर में गेट संख्या दो से दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालु इसी एंट्री गेट संख्या दो से बाहर निकल रहे थे तो गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका और बाहर निकलने वाले गेट संख्या एक से निकलने की अपील की। इसी बात को लेकर श्रद्धालुओं और पुलिस में बहस हो गई और देखते ही देखते श्रद्धालुओं ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता शुरू कर दी। जिसका मंदिर में मौजूद कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया। वीडियो में श्रद्धालु परिवार पुलिसकर्मियों से जमकर मारपीट करता दिखाई दे रहा है। जबकि कुछ पुलिसकर्मी बीच बचाव करने में जुटे हैं। श्रद्धालुओं का आरोप है कि परिवार की सदस्य 40 वर्षीय अनीता के साथ पुलिसकर्मियों ने अभद्रता कर दी। जिसका विरोध करने के साथ ही झगड़ा शुरू हो गया। घटना में श्रद्धालु परिवार का यतींद्र के चोटें आई हैं।

# वेटनरी विश्वविद्यालय में मना वन हेल्थ-डे उत्सव

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** उप्र पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान मथुरा ने बड़े उत्साह के साथ वन हेल्थ डे मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र द्वारा छात्र नेतृत्व वाली जागरूकता रैली को झंडा दिखाने के साथ हुई जिसमें मानव पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच अंर्त संबंध पर प्रकाश डाला गया। कक्षा 9 व 11 के स्कूली छात्रों के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र में वन हेल्थ अवधारणा पर एक मल्टी मीडिया प्रस्तुति दी गई जिसमें अधिष्ठाता पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय ने छात्रों को भविष्य के एक स्वास्थ्य दूत के रूप में प्रेरित किया। विश्वविद्यालय ने एक विश्व एक स्वास्थ्य का संदेश फैलाने के लिए एक पॉडकास्ट और रेडियो प्रसारण भी जारी किया। यह उत्सव वैश्विक वन हेल्थ पहल के तहत जागरूकता सहयोग और शिक्षा के प्रति दुवासु की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरु

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** आज पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार महानगर इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता महोदय को ज्ञापन सौंपते हुए इकराम खान ने बताया कि दिनांक 23 सितंबर 2025 को हकीमपूरा बिजली घर से संबंधित गोल्डन कॉलोनी में पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य विद्युत विभाग के कर्मचारी कर रहे थे जिममै एहसान कुरैशी, शाहनवाज, राजू, व आजम आदि थे, स्मार्ट मीटर बदलते समय इन लोगों ने विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर की सील काटकर उन्हीं पर मीटर से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए उनको डरा धमका कर उनसे मोटी अवैध उगाई की इसके संबंध में दिनांक 25 सितंबर को अधिशासी अभियंता खंड प्रथम को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की ? जिस पर अधीक्षण अभियंता महोदय ने पूरी बात सुनकर और ज्ञापन को पढ़कर उपरोक्त मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ? इस अवसर पर नगर महासचिव आरिफ मंसूरी, अध्यक्ष वार्ड 60 सलीम मलिक, जववार अहमद,आरिफ खान, नसीम राणा, खुर्शीद अहमद, सद्दाम, मेहरबान, जैद खान, इमरान, आदि मुख्य रूपसेउपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

*** डीएम ने लंबित मामलों का शीघ्रता से निस्तारण के दिए निर्देश।**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों सम्बन्धी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों में लंबित वादों के विषय में गहन समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों को समयान्तर्गत मुकदमों के निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को समय से कोर्ट में बैठने और जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कोर्ट के समय अन्य कोई कार्य न करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी न्यायिक को निर्देशित किया कि प्रतिदिन सभी उप जिलाधिकारी के कोर्ट की मॉनीटरिंग करें और वादों के निस्तारण की सूची तैयार करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होने वाली धाराओं में धारा 24, धारा 116 के अंतर्गत लंबित मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि धारा 80 व धारा 116 से सम्बन्धित सभी लंबित मुकदमों का निस्तारण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को कृषि एवं आवास के पट्टों के आवंटन हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी पट्टे आवंटन संबंधी कार्य 15 नवंबर तक पूर्ण कर लिए जाएं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी वि./रा. श्री संदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट श्री सालिक राम सहित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# छात्रों का नेट पटर्न पर मॉक परीक्षा का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** जिला अधिकारी सहारनपुर के निर्देशानुसार,आज जिले के समस्त परिषद विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के छात्रों का नेट पटर्न पर मॉक परीक्षा (विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित दक्षताओं/लर्निंग आउटकम्स की छात्रों द्वारा प्राप्ति के मूल्यांकन हेतु ) आयोजन किया गया द्ध जिसमें जिला सहारनपुर के परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक से पांच तक नामांकित कुल 113665 बच्चों के सापेक्ष, बच्चों 102298 अर्थात 90 प्रतिशत छात्रों ने प्रतिभाग किया। पारदर्शी परीक्षा के उद्देश्य हेतु विद्यालय में तैनात अध्यापकों को अन्य विद्यालय में कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात कर विद्यालय में परीक्षा कराई गई ।उत्तर पुस्तिकाओं को सील बंद लिफाफा में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्रित कराया गया, परीक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी के तीन नवंबर के आदेश के क्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विद्यालयों के अनुश्रवण हेतु सचल दल/ पर्यवेक्षक लगाये गए, साथ ही एकेडमिक रिसोर्स पर्सन एवं स्टेट रिसोर्स पर्सन को भी विद्यालयों के अनुश्रवण हेतु पर्यवेक्षक के रूप में लगाए गए इसी क्रम में 6 नवंबर 2025 को जिले के समस्त परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 के बच्चों का नेट मॉक आकलन कराया जाएगाद्य तत्पश्चात ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ही शिक्षकों को बुलाकर अन्य विद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अध्यापकों द्वारा करवाया जाएगा तथा प्राप्त दक्षताओं के सापेक्ष वच्चों को विभिन्न ग्रेड मे वर्गीकृत किया जाएगा। तथा परिणाम का गहननता पूर्वक विश्लेषण किया जाएगा।

# कम वसूली के लिए एक आर आई व तीन टीसी सस्पैंड

**-कम वसूली के लिए अधिकारियों को लगायी जमकर फटकार**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने टैक्स में कम वसूली के लिए टैक्स विभाग के अधिकारियो एवं अफसरों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कम वसूली के लिए जिम्मेदार एक आरआई (राजस्व निरीक्षक) व तीन टीसी (कर संग्रहकर्ता) को सस्पैंड कर मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया। नगरायुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी (सीटीओ) को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए उनकी शिथिल कार्यप्रणाली के लिए शासन को भी पत्र लिखने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि आज मां शाकंभरी सभागार में कर एवं कर करेत्तर की वसूली की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सीटीओ की शिथिल कार्यप्रणाली के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कारण टैक्स वसूली में नगर निगम लगातार पिछड़ रहा हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से सभी आर आई एवं टीसी को विभाग द्वारा दिये गए वसूली टॉरगेट और कम वसूली वाले कर्मचारियों के खिलाफ अधिकारियों द्वारा की गयी कार्रवाई की जानकारी मांगी। जिसका अधिकारी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाये। इस पर उन्होंने सबसे कम वसूली वाले तीन टीसी एवं एक आर आई को सस्पैंड कर उन्हें मुख्यालय से सम्बद्ध करने के निर्देश दिए। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि सभी बड़े बकायादारों को डिमांड नोटिस भेजे गए है, जिन्होंने नोटिस के बावजूद टैक्स जमा नहीं कराया, उनके खिलाफ कुर्की व प्रोपर्टी सील की कार्रवाई शुरु की जा रही है। नगरायुक्त ने स्पष्ट कहा कि महानगर में जितने भवन है उन सबकी ओर बकाया अविलंब जमा कराएं टैक्स जमा न कराने वालों के विरुद्ध कुर्की और सील की कार्रवाई करें। नगरायुक्त ने व्यवसायिक भवनों/प्रतिष्ठानों एवं बड़े बकायादारों से वसूली पर जोर दिया। नगरायुक्त ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में चार महीने शेष रह गए हैं, और लक्ष्य के अनुरुप वसूली में निगम काफी पिछड़ रहा है। उन्होंने टैक्स विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वसूली में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी, उन्होंने कहा कि आगामी शुक्रवार को वे फिर समीक्षा करेंगे।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**




**सहारनपुर।** आज इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, सहारनपुर में एक करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, गागलहेड़ी की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ नेहा त्यागी ने छात्राओं को भविष्य में उनके करियर के चुनाव के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात संस्था के उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने छात्राओं को विभिन्न कोर्सो के बारे में बताया तथा उन्होंने छात्रों को इंटरमीडिएट के बाद कोर्स के चुनाव करने हेतु विभिन्न टिप्स दिए। उन्होंने बताया इस कार्यशाला का उद्देश्य है छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जागरूक करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें अपने भविष्य के लिए सही निर्णय लेने में मदद करना है। इसके पश्चात संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने सभी छात्राओं को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से एक मोटिवेशनल लेक्चर दिया। इस लेक्चर के दौरान उन्होंने छात्राओं से विभिन्न प्रश्न पूछे तथा सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया आज का समय बदल चुका है जहां पहले लड़कियों को सिर्फ घर परिवार तक सीमित रखा जाता था, वही आज लड़कियां हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है चाहे वह विज्ञान, राजनीति,खेल, सेना या व्यापार हो, लेकिन इस सफलता की शुरुआत होती है सही करियर के चयन से। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिका श्रीमती नीता जोशी व श्रीमती रश्मि मिश्रा ने भी इस कार्यशाला में अपने विचार रखे। सभी छात्राओं ने इस कार्यशाला हेतु संस्था का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

# प्राधिकरण की सख्ती बेअसर, दबंगों ने फिर तोड़ी सील, जांच के घेरे में विभाग!

*** आखिर क्यों नहीं हुई अब तक एफआईआर?, क्या विभाग की मिलीभगत से खेला गया नया खेल?**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** शहर में अवैध निर्माणों पर रोक लगाने के दावे करने वाला विकास प्राधिकरण दबंगों के सामने बेबस नजर आ रहा है। पूर्व में 14 अक्टूबर को अवैध निर्माण को सील किया गया जिसे दबंगों द्वारा तोड़ दी गई थी, फिर प्राधिकरण द्वारा 30 अक्टूबर को उस अवैध निर्माण पर दुबारा सील की कार्रवाई की गई थी, लेकिन मात्र पाँच दिन बाद ही उस सील को तोड़कर अवैध रूप से दुकानों को खिल दिया गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्राधिकरण अब तक इस मामले में एफआईआर क्यों दर्ज नहीं करवा सका ? क्या दबंगों के सामने विभाग झुक गया है या फिर किसी सफेदपोश नेता का दबाव प्राधिकरण पर हावी है? सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले में विभाग के ही कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत की चर्चा भी जोरों पर है। यदि प्राधिकरण सख्त कार्रवाई नहीं करता तो अवैध निर्माण करने वालों के हौसले और बुलंद होंगे। अब देखना यह होगा कि प्राधिकरण इन दबंगों के खिलाफ ठोस कदम उठाता है या एक बार फिर मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा। आपको बता दें इस मामले में प्राधिकरण की भूमिका एक बेबस इन्सान के रूप में देखी जा रही है। जो लोकतांत्रिक प्रणाली पर किसी प्रहार से कम नहीं।

# हजारों कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए






**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** अपना दल एस पार्टी के स्वार विधायक शफीक अहमद अंसारी जी व जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी के नेतृत्व में वरेली में पार्टी के स्थापना दिवस में जनपद रामपुर से लगभग 4 हजार लोग 1000 गाड़ियों के काफिले और 20 वसो से वरेली पहुंचे और कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी ने हजारों पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहां कि हमारी पार्टी निरंतर बढ़ती जा रही है और आज उत्तर प्रदेश में तीसरे नंबर की पार्टी है और पार्टी के 13 विधायक हैं। सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक स्वार शफीक अहमद अंसारी जी ने कहां कि पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाये और वूथ स्तर पर पार्टी के संगठन को मजबूत करने का कार्य करे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जाटव आर पी गौतम ने की और संचालन राष्ट्रीय सचिव के के पटेल ने किया।

# तैयारियों को लेकर एसडीएम ने जताई नाराजगी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**टांडा (रामपुर)।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को दढ़ियाल की कोसी नदी में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। हर साल की तरह इस बार भी आसपास के करीब 40 गांवों से यहां स्नान के लिए 20 से 25 हजार श्रद्धालु घाट पर पहुंचेंगे।

लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासनिक तैयारियां अभी तक पूरी नहीं हो पाई हैं। मंगलवार की शाम करीब पांच बजे एसडीएम टांडा राजकुमार भास्कर ने कोसी नदी घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाट पर कोई समुचित व्यवस्था न मिलने पर एसडीएम ने नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद और लेखपाल नवीन कांबोज को फटकार लगाई और तत्काल सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने सुरक्षा के मद्देनज़र नदी में गहरे गड्ढों की जांच तैराकों से कराई और लेखपाल को निर्देश दिया कि जहां गहराई अधिक है, वहां सांकेतिक चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही उन्होंने एक नाव की व्यवस्था करने के भी आदेश दिए ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

जानकारी के मुताबिक मेले की प्रशासनिक अनुमति नहीं है, हालांकि परंपरा के चलते श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं।जो डुबकी लगाने के साथ ही मेले का आनंद लेते हैं।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम टांडा राजकुमार भास्कर के साथ कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, लेखपाल नवीन कांबोज और अशोक कुमार मौजूद रहे।

# दढ़ियाल से अपना दल एस के कार्यकर्ता स्थापना दिवस में गए बरेली

**उत्तम भारत संवाददाता**



**दढ़ियाल।** नगर सहित क्षेत्र के गांवो के लोग मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि इकराम अंसारी के आवास पर पहुंचे। जहां से पार्टी के स्थापना दिवस मनाने के लिए बरेली के लिए रवाना हो गए।

स्वार टांडा से अपना दल एस के विधायक शफीक अहमद अंसारी के प्रतिनिधि इकराम अंसारी के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद अपना दल एस के कार्यकर्ता बरेली के लिए निकले। विधायक प्रतिनिधि इकराम अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बरेली में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल पार्टी की स्थापना दिवस में शामिल होंगी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल कार्यकर्ताओं और लोगों से संवाद करेंगी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि इकराम अंसारी, सादिक अंसारी, शकील अंसारी ,मोहम्मद अदनान, हाफिज जावेद, नावेद अली, रफीक मिस्त्री ,शमशाद अली, बाबू अली,मास्टर हसन, इरशाद अंसारी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बरेली के लिए रवाना हुए।

# पुलिस बल के साथ की गयी पैदल गश्त

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** दिनांक 05 नवम्बर 2025 को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा जनपद के विभिन्न घाटों पर पवित्र कार्तिक स्नान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना टाण्डा क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख स्नान स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की समीक्षा कर पुलिस बल के साथ पैदल की गयी । श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस कर्मी एवं यातायात पुलिस को तैनात किया गया है । भीड़भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे सक्रिय किए गए हैं तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है ।

# काशीपुर कोसी घाट का निरीक्षण किया



**स्वार।** आगामी कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के अवसर पर जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस अधीक्षक रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र द्वारा थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत मसवासी चौकी क्षेत्र में स्थित काशीपुर-कोसी नदी घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा घाट क्षेत्र में की गई तैयारियों का जायजा लिया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने घाट पर

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज से 3 दिन का बिहार चुनाव प्रचार अभियान शुरू करेंगी

**निशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बिहार विधानसभा चुनावों के लिए एनडीए के कैंपेन को बढ़ावा देने के लिए पटना पहुंची हैं। अगले तीन दिनों में उनकी 12 और जनसभाएं आयोजित होंगी। एक भाजपा नेता ने इसकी पुष्टि की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है, अगले तीन दिनों तक, मुख्यमंत्री पूरे राज्य में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगी। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता, सहयोगी पार्टियों के नेता, साथ ही पार्टी के उम्मीदवार और कार्यकर्ता भी होंगे। जनसभाओं के अलावा, मुख्यमंत्री रोड शो में भी हिस्सा लेंगी। यह मुख्यमंत्री का चुनाव प्रचार के लिए बिहार का तीसरा दौरा होगा। इस अति-व्यस्त दौरे में सीएम रेखा गुप्ता तीन दिनों में 12 से 15 निर्वाचन क्षेत्रों में सभाओं को संबोधित करेंगी, जिसमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जहां 6 नवंबर और 11 नवंबर को वोटिंग होनी है। तीन दिवसीय अभियान के दौरान, मुख्यमंत्री 4 नवंबर को सीवान, बरहरिया, बैकुंठपुर और आस-



पास के इलाकों सहित कई निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी रैलियां, जनसभाएं और रोड शो करेंगी। 5 नवंबर को, उनका अभियान पारू, बीराम, अरवल, गया शहर और औरंगाबाद निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करेगा। 6 नवंबर को, वह भागलपुर, बारसलीगंज, हिसुआ और दिनारा निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करेंगी। मुख्यमंत्री के 6 नवंबर की शाम को नई दिल्ली लौटने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के बिहार शेड्यूल की घोषणा उस दिन की गई जब भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने दिल्ली में पार्टी के महासचिवों की एक बैठक की अध्यक्षता की।

इससे पहले एक चुनावी रैली के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी पर तीखा हमला बोलते हुए उनके 15 साल के शासन को बिहार में कानून-व्यवस्था की कमी और उद्योगों और चीनी मिलों के बंद होने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कानून-व्यवस्था बहाल करने और राज्य के विकास के लिए श्रेय दिया। उन्होंने कहा, लालू और राबड़ी के शासन के दौरान, बिहार में आतंक का राज था। हमारी चीनी मिल जबरन वसूली के कारण बंद हो गई थी। नीतीश कुमार ने आतंक का राज खत्म किया और विकास के दरवाजे खोले हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ने वादा किया कि केंद्र का सहकारिता विभाग बिहार की सभी बंद पड़ी शुगर मिलों को फिर से चालू करने के लिए काम करेगा ताकि गन्ने के किसानों की खुशहाली बढ़ सके। बता दें कि बिहार में पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर को और दूसरे चरण की 11 नवंबर को होनी है। नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

# श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस भव्य होगा : सिरसा

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली के उद्योग और पर्यावरण मंत्री मनजिन्द्र सिंह सिरसा ने मंगलवार को कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस भव्य तरीके से मनाया जायेगा। श्री सिरसा ने कहा कि लाल कि ले पर आयोजित होने वाले श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस की भव्य तैयारियों को लेकर आज बैठक बुलायी गयी। इस दौरान साथी मंत्री कपिल मिश्रा, पंजाबी अकादमी और पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस दौरान आयोजन की तैयारियां और कार्य योजना की जानकारी ली और सम्बंधित



अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश भी जारी किये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सिख समुदाय के प्रति अटूट श्रद्धा और आदर भाव और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के के नेतृत्व और सक्रिय प्रयासों के कारण ही यह ऐतिहासिक आयोजन संभव हो पा रहा है। श्री सिरसा ने कहा, श्री गुरु साहिब जी की शिक्षाएँ हमें सदा यह प्रेरणा देती हैं कि धर्म की रक्षा, मानवता की सेवा और सत्य के लिए हमेशा संघर्ष करते रहना चाहिए, चाहे रास्ता कितना भी कठिन क्यों न हो। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले में दो दिवसीय कार्यक्रम की मंजूरी दी है।

# दिल्ली सरकार गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस को श्रद्धा, सेवा, त्याग और एकता के उत्सव के रूप में मनाएगी: कपिल मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर बैठक हुई। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस को श्रद्धा, सेवा, त्याग और एकता के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, व्यवस्थाओं और कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। गुरु तेग बहादुर के जीवन, दर्शन और बलिदान को समर्पित अनेक सांस्कृतिक, धार्मिक और जनसहभागिता से जुड़े कार्यक्रम दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किए जाएं।



कपिल मिश्रा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का त्याग केवल एक धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए था। उन्होंने कहा कि दिल्ली उस ऐतिहासिक घटना की गवाह है जहां गुरु तेग बहादुर ने अपने प्राणों की आहुति देकर धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक गुरु के आदर्शों से प्रेरणा ले और समाज में सहिष्णुता, प्रेम और सेवा की भावना को सशक्त बनाए। कपिल मिश्रा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन साहस, करुणा, त्याग, बलिदान और समर्पण की प्रेरणा देता है। दिल्ली सरकार इस अवसर को केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि मानवता, एकता और सेवा की भावना के प्रतीक के रूप में मनाएगी।

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं बल्कि गुरु तेग बहादुर के विचारों को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार भी इस आयोजन में सहयोग कर रही है ताकि इसे और अधिक प्रभावी और प्रेरणादायक रूप दिया जा सके।

सिरसा ने कहा कि मुख्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु दिल्ली में स्थित ऐतिहासिक लाल किले में तीन लॉन चुने गए हैं, जहां विशाल कीर्तन दरबार आयोजित होगा। श्रद्धालुओं के लिए लंगर सेवा की समुचित व्यवस्था की जाएगी और रामलीला मैदान में टेंट सिटी स्थापित की जाएगी, जिसमें ठहरने और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर के जीवन और प्रेरक संदेशों को आमजन तक पहुंचाने के लिए एक अस्थायी संग्रहालय भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें दुर्लभ चित्र, ऐतिहासिक दस्तावेज और प्रदर्शन सामग्री शामिल होगी।

मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि आयोजन को लेकर जन-संवेदनात्मक प्रचार अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके तहत दिल्ली के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, परिवहन केंद्रों और डिजिटल माध्यमों पर प्रचार सामग्री प्रदर्शित की जाएगी, ताकि हर नागरिक इस ऐतिहासिक अवसर से जुड़ सके। बैठक में पंजाबी अकादमी, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, पर्यटन विभाग, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति और अन्य संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# 13 हजार करोड़ के ड्रग्स मामले में भगोड़े ऋषभ बसोया के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** पिछले साल दिल्ली में पकड़े गए 13 हजार करोड़ रुपए के ड्रग्स मामले में भगोड़े ऋषभ बसोया के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हुआ है। ऋषभ बसोया इंटरनेशनल ड्रग तस्कर वीरेंद्र बसोया का बेटा है, जो दिल्ली के पिलनजी गांव का रहने वाला है। साल 2024 में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 13,000 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी थी। पुलिस ने दावा किया कि ये ड्रग्स विदेश में बैठे वीरेंद्र बसोया ने भेजी है। मामले में दिल्ली पुलिस ने पंजाब के अजनाला से एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उसकी एसयूवी गाड़ी से भी ड्रग्स मिली। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गाड़ी वीरेंद्र बसोया के बेटे ऋषभ की थी, जिसने



वो जस्सी को दी थी। इस खुलासे के बाद ऋषभ भी विदेश भाग गया। फिलहाल, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की जांच के बीच इंटरपोल ने ऋषभ बसोया के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। रेड कॉर्नर नोटिस में इंटरपोल की ओर से दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से प्रत्यर्पण तक किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे हिरासत में लेने का अनुरोध होता है। यह हत्या, चोरी और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मामलों में वांछित अपराधियों के खिलाफ जारी किया जाता है। पिछले साल अक्टूबर में 5600 करोड़ रुपए के ड्रग्स रैकेट मामले में मास्टरमाइंड वीरेंद्र बसोया के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। दिल्ली पुलिस ने महिपालपुर में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप पकड़ी थी। जांच के दौरान पता चला कि कोकीन की खेप बसोया ने ही भिजवाई थी। इस मामले में एक आरोपी तुषार गोयल को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले, पुणे पुलिस ने 2023 में 3000 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी थी, तब भी बसोया का नाम सामने आया था।

# पति की हत्या के मामले में पत्नी समेत तीन आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एनडीआर यूनिट ने हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में मृतक की पत्नी भी शामिल है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान शबीना, पत्नी निजाम उर्फ इजाम लंगड़ा, शमीमा और निजाम उर्फ इजाम लंगड़ा के रूप में हुई है। ये तीनों थाना कालिंदी कुंज में दर्ज हत्या के मामले में वांछित थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार 20 और 21 मई की दरम्यानी रात कालिंदी कुंज इलाके में दो परिवारों के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने चाकू और अन्य हथियारों से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। इस हमले में कई लोग घायल हुए। जबकि समसाद नामक व्यक्ति की बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान छह आरोपित पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे। जबकि तीन शबीना, उसकी बहन शमीमा और शबीना का पति निजाम उर्फ इजाम लंगड़ा फरार हो गए थे। 15 सितंबर को अदालत ने तीनों को भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस अधिकारी के अनुसार घोषित अपराधियों की तलाश में इंस्पेक्टर विनोद यादव की देखरेख में एक टीम गठित की गई थी। पुलिस को सूचना मिली कि तीनों आरोपित नरेला औद्योगिक क्षेत्र में देखे गए हैं। तकनीकी निगरानी और स्थानीय मुखबिर की मदद से पुलिस टीम ने पहले शबीना और शमीमा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में शबीना ने अपने पति निजाम के ठिकाने का खुलासा किया। जिसके बाद उसे भी दबोच लिया गया।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि शबीना की पहले शादी समसाद के भाई से हुई थी। जिसने कुछ समय पहले आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद मृतक समसाद अपनी पत्नी शमीमा और साली शबीना को परेशान करता था। इसी रंजिश में शबीना, शमीमा और उनके परिजनों ने मिलकर समसाद पर हमला कर दिया। जिसमें उसकी मौत हो गई। तीनों को अब अदालत में पेश किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# परमात्मा के बनाऐं खूबसूरत जगत का विवेकपूर्ण सदुपयोग करें : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

● आत्मसुधार से जगत सुधार का दिव्य संदेश देते हुए 78वें निरंकारी संत समागम का समापन

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली/समालखा।** निराकार परमात्मा ने जो यह जगत बनाया है उसकी हर चीज अत्यंत खूबसूरत है। मनुष्य इस रचना का अवश्य ही आनंद प्राप्त करे, पर अपनी विवेक बुद्धि को जागृत रखते हुए इसका सदुपयोग करे, दुरुपयोग न करे। यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के समापन दिवस पर लाखों की संख्या में उपस्थित विशाल मानव परिवार को अपने पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए व्यक्त किए।






आत्ममंथन की दिव्य शिक्षाओं से अपना जीवन संवारते हुए खुद का कल्याण करने के साथ-साथ जगत कल्याण की दिशा में अग्रसर होने का दिव्य संदेश देते इस पवित्र समागम का कल रात प्रेमाभक्ति के गरिमामय वातावरण में समापन हुआ और समागम में पधारे श्रद्धालु धीरे-धीरे अपने गन्तव्य स्थानों की ओर बढ़ने लगे।

सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि मन को परेशान करने वाले अनेक कारण और विचार आते रहते हैं, पर उनकी अनदेखी करने की कला हमें आत्ममंथन से ही प्राप्त होती है। ऐसा करने से जीवन की कठिन घड़ियों को सीमित करके हम तनाव से मुक्त रह सकते हैं। हर वस्तु का उपयोग करते वक्त ईश्वर का अहसास मन में रहता है, हर कर्म करते समय निरंकार दातार को उसमें शामिल किया जाता है तो मन की उथल-पुथल समाप्त हो जाती है और शांति व सुकून की अनुभूति होती है। इससे मानसिक, भावनात्मक एवं आत्मिक विकास होता चला जाता है। गुरु की सिखलाई के अंतर्गत रहते हुए यह भीतर की यात्रा हमें आत्मिक ऊर्जा से भरपूर करती है।

सतगुरु माता जी ने दृष्टिकोण के प्रभाव को एक उदाहरण द्वारा समझाते हुए कहा कि एक मनुष्य किसी बगीचे में फूल को देखने के बाद भी यही कहता है कि यहां तो कितने सारे काटें हैं। वहीं पर दूसरा मनुष्य उसी बगीचे में जाकर कहता है कि अरे वाह! यहां तो इतने सुंदर फूल हैं, इतनी खुशबू, इतनी कोमलता है; कांटे भी हैं पर वे भी इन फूलों की रक्षा के लिए कितने जरूरी है। इस तरह एक ही दृश्य को देखकर कोई परेशान हो रहा है तो कोई खुश हो रहा है। यह केवल नजरिये का परिणाम है। एक के मन में संकीर्णता है तो दूसरे के मन में विशालता है। भक्त हमेशा सकारात्मकता को अपनाते हैं और गुणों के ग्राहक बने रहते हैं जिससे उनके जीवन में आनंद बरकरार रहता है। अंत में सतगुरु माता जी ने निरंकारी श्रद्धालुओं को आह्वान किया कि समागम में प्राप्त दिव्य सिखलाई को अपने जीवन में उतारते चले जायें और इस सच्चाई और अच्छाई को अपने तक सीमित न रखते हुए पूरी मानवता तक पहुंचाते जायें। इसके पूर्व समापन सत्र में समागम कमेटी के समन्वयक एवं संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय जोगिंदर सुखीजा जी ने सतगुरु माता जी, निरंकारी राजपिता जी का उनके दिव्य आशीषों के लिए शुकराना किया तथा समस्त साध संगत एवं समागम के लिए सहयोग देने वाली सरकारी विभागों का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने इस समागम में पहले से भी अधिक संख्या में संगतों के आने पर खुशी प्रकट की और आगे इसमें और बढ़ोत्तरी होने की शुभ कामना व्यक्त की। कवि दरबार इस वर्ष समागम के चारों दिन कवि दरबार के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बाल कवि, महिला एवं पुरुष मिल कर 38 कवियों ने ह्यआत्ममंथनह्ण विषय पर आधारित अपनी कवितायें हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी, हरियाणवी, मुलतानी, मराठी एवं उर्दू इत्यादि भाषाओं में प्रस्तुत की जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद प्राप्त किया।

# डीयू साहित्य महोत्सव का आयोजन 12 से 14 फरवरी 2026 तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में 12 से 14 फरवरी तक एक विशाल साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। साहित्य महोत्सव के लिए गठित कोर कमेटी की एक बैठक डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई। इस पहली बैठक में महोत्सव को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि यह एक विशाल आयोजन होने जा रहा है, इसका केंद्र बिन्दु राष्ट्र प्रेम होगा। इस महोत्सव का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) व अन्य साहित्यिक संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन देश हित को ध्यान में रख कर होने चाहिए। ऐसा कुछ भी नहीं होना चाहिए जो सामाजिक सौहार्द के खिलाफ हो। जो लोगों की भावना को ठेस पहुंचाए और लोगों में भेद करे, ऐसी कोई भी सामाग्री आयोजन का हिस्सा नहीं होनी चाहिए। साहित्य महोत्सव की कोर कमेटी के कनवीनर और उपाध्यक्ष अनूप लाठर ने आयोजन की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में देश भर के नामी लेखक, मीडिया जगत के लोग और जाने-माने सोशल मीडिया इन्फ़्ल्युएंसर भागीदारी करेंगे। इस दौरान पुस्तक विमोचन और पुस्तक चचाओं का भी आयोजन किया जाएगा। अनूप लाठर ने सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि जब तक प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी न हो तो कोई भी आयोजन सफल नहीं हो पाता। इस अवसर पर डीयू कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता, एनबीटी से डिप्टी डायरेक्टर कंचन शर्मा, डीयू के वित्त अधिकारी गिरीश रंजन, डीन (अकादमिक) प्रो. के. रत्नाबली, डीयूसीसी के निदेशक प्रो. संजीव सिंह, कमेटी के सह-संयोजक प्रो. रविंदर कुमार, भारतीय भाषा एवं साहित्यिक अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. रवि प्रकाश टेकचंदानी, भारती कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. सलोनी गुप्ता, फारसी विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. चंद्रशेखर, प्रो. मुश्ताक कादरी (उर्दू), उधमोदय फाउंडेशन से डॉ. अभिषेक टंडन, दयाल सिंह इवनिंग कॉलेज से सहायक प्रोफेसर दिग्विजय सिंह, डीयू के चीफ इंजीनियर अशोक सैनी और कमेटी के सदस्य सचिव जय चंदा उपस्थित रहे।

# स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने गाजीपुर लैंडफिल साइट का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया और वहां चल रहे बायोमाइनिंग एवं कूड़ा निस्तारण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम करने के लिए अतिरिक्त मशीनें लगाई जाएं और नवीनतम तकनीक एवं आधुनिक मशीनों का प्रयोग कर बायोमाइनिंग कार्य को और तेज किया जाए। शर्मा ने बताया कि गाजीपुर सेनेटरी लैंडफिल साइट पर बायोमाइनिंग का कार्य दूसरे चरण में जारी है। यह चरण पूर्ण होते ही तीसरे चरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में योजना तैयार कर ली गई है और शीघ्र ही इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गाजीपुर लैंडफिल साइट पर एक नया वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे कूड़ा निस्तारण के साथ-साथ ऊर्जा उत्पादन भी संभव होगा। शर्मा ने कहा कि दिल्ली सरकार के नेतृत्व में साल 2027 के अंत तक गाजीपुर के कूड़े के पहाड़ को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। यह दिल्ली की स्वच्छता एवं पर्यावरण सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले छह महीनों में भाजपा सरकार ने बिना किसी शोर-शराबे के धरातल पर कार्य किया है। पिछली सरकार ने केवल वादों और दिखावे तक ही खुद को सीमित रखा था।

## समाचार

# झगड़े में युवक की पीट-पीटकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के समयपुर बादली इलाके में हुई एक युवक की निर्मम हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल पत्थर, स्कूटी और बाइक भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपितों में एक पर पहले भी हत्या का केस दर्ज है। बाहरी उत्तरी जि ले के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी के अनुसार शिकायतकर्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव (40) ने बताया कि 2 नवंबर की रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्त मनीष के साथ उन लोगों से मिलने गए थे, जिन्होंने पहले मनीष को धमकाया था। समयपुर बादली अंडरपास के पास मनीष की मुलाकात आरोपित आशीष से हुई। जहां दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान तीन युवक वहां आए और मनीष से गाली-गलौज करने लगे। बात बढ़ने पर उन्होंने पत्थरों से मनीष और उसके साथी पर हमला कर दिया। पत्थर लगने से मनीष गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। जब तक उसके साथी को होश आया मनीष की मौत हो चुकी थी। पुलिस उपायुक्त के अनुसार हत्या की जानकारी मिलते ही थाना समयपुर बादली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूत्रों की मदद से पुलिस ने महज 24 घंटे में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मनीष उर्फ बाबू एवं सुमित के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि आरोपित मनीष उर्फ बाबू पहले भी एक हत्या के मामले में शामिल रह चुका है। पुलिस अब घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।

# काला जठेड़ी गैंग से जुड़े दो सक्रिय आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड ने कुख्यात काला जठेड़ी और ओम प्रकाश उर्फ काला गैंग से जुड़े दो सक्रिय आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विनोद उर्फ बोना (27) और ध्रुव (19) के रूप में हुई है। दोनों दिल्ली के झरोदा कलां गांव के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, ये दोनों ओम प्रकाश उर्फ काला और उसके भाई अमित उर्फ बगे के निर्देश पर अपने गांव के ही एक व्यक्ति की हत्या की साजिश रच रहे थे। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने मंगलवार को बताया कि जांच में पता चला कि विनोद उर्फ बोना पहले भी आर्म्स एक्ट समेत कई मामलों में जेल जा चुका है। हाल में रिहा होने के बाद वह फिर से काला गैंग के संपर्क में आया। वहीं ध्रुव भी दो आपराधिक मामलों में आरोपित है और तिहाड़ जेल में बंद अमित उर्फ बगे से मिलने के लिए अक्सर जाता था। दोनों ने गैंग के निर्देश पर हथियार जुटाए थे। पुलिसउपायुक्त ने बताया कि जिले एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड टीम को सूचना मिली कि काला गैंग से जुड़ा एक सदस्य अवैध हथियारों के साथ घूम रहा है। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की अगुवाई में टीम ने झरोदागांव में दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में एक पिस्टल और एक देशी कट्टा बरामद हुआ।

# मोती नगर फ्लाईओवर के पास मिला व्यक्ति का शव

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के मोती नगर इलाके में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रैंड होराइजन बैंक्वेट हॉल के सामने, नजफगढ़ रोड पर फुटपाथ के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। जांच में मृतक की पहचान रामा रोड निवासी रामकरण (54) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 7:15 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। जिसमें बताया कि फुटपाथ पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि शव के सिर के अगले हिस्से और निचले पेट पर चोट के निशान हैं। जबकि मृतक के कुछ सामान आसपास बिखरे पड़े थे। घटना स्थल को तत्काल घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया। क्राइम और एफएसएल की टीमों को मौके पर बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधिकारी का कहना है कि शव को अस्पताल के शवगृह में भिजवा दिया गया है।पुलिस अधिकारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

# सजग नागरिक, सुरक्षित भारत अभियान के तहत आउटर जिला पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला पुलिस इकाई ने सजग नागरिक, सुरक्षित भारत पहल के तहत सरकारी सर्वोदय को-एड स्कूल, सुल्तानपुरी माजरा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों में व्यक्तिगत सुरक्षा, साइबर जागरूकता, यातायात अनुशासन, नशा मुक्ति और अपराध रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। जिससे वे जिम्मेदार और सजग नागरिक बन सकें। कार्यक्रम का आयोजन बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गौश आलम (आईपीएस), पुलिस आयुक्त, करीमनगर (तेलंगाना) ने हिस्सा लिया। उनके प्रेरक संबोधन ने छात्रों को आत्मानुशासन, ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक और अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर जुड़ना कितना खतरनाक हो सकता है। छात्रों को साइबर हाइजीन, डेटा प्राइवेसी और ऑनलाइन सतर्कता के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों को सलाह दी गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके अलावा कार्यक्रम के एक अन्य सत्र में छात्रों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा विनाश की जड़ है, इसलिए युवाओं को अपने साथियों को भी इससे बचाने की प्रेरणा देनी चाहिए। साथ ही समाज में अपराध से दूर रहने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | 11251076 | स्टेनलेस स्टील स्ट्रैट एयर ब्रेक पाइप | 11018 मीटर | 27-11-25 |
| 02 | 09255011 | लाइट वेट लो हाइट 25 टन एक्सेल लोड | 10 सेट | 01-12-25 |
| 03 | 08250024 | एल इ डी सिग्नल लाइटिंग यूनिट | 2499 नग | 03-12-25 |
| 04 | 07250309 | ब्रेक सिलिंडर विथ हैण्ड ब्रेक अरेंजमेंट | 158 नग | 18-12-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 57/2025-2026 दिनांक:-04.11.2025 3432/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-04:28 paga09_jhn.qxd 11/4/2025 9:24 PM Page 1



# गुरुग्राम में सफाई देखकर लोग बोले, ऐसा सफाई अभियान 10 साल में पहली बार देखा

- नगर निगम गुरुग्राम में चला रहा है मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम अभियान

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चलाए जा रहे मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम अभियान को लेकर शहरवासियों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं लगातार मिल रही हैं। नागरिकों ने निगम की स्वच्छता टीमों द्वारा सडकों से धूल-मिट्टी हटाने, कूड़ा व खरपतवार साफ करने के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में पहली बार इतनी प्रभावी सफाई व्यवस्था देखी जा रही है।

नागरिकों का कहना है कि ऐसे कुछ और अभियान और नियमित झाड़ू-सफाई से शहर की सूरत में उल्लेखनीय सुधार होगा। लोगों ने नगर निगम की मजबूत नेतृत्व टीम और जमीनी स्तर पर हो रही सक्रियता की भी प्रशंसा की। सोशल मीडिया एक्स पर नितिन नामक यूजर ने लिखा, सेक्टर-40 में इस तरह की कार्रवाई की बहुत जरूरत थी। अनुरोध है कि ऐसे प्रयास नियमित रूप से जारी रहें। कुछ इलाकों में अब भी अधिक निगरानी की आवश्यकता है, यदि कहा जाए तो हम भी सहयोग करने को तैयार हैं। सपना सिंह नामक यूजर ने लिखा-मजबूत नेतृत्व द्वारा जमीनी स्तर पर हो रही प्रगति को देखना शानदार है। संजय नामक यूजर ने लिखा-पिछले दस वर्षों में पहली बार इस तरह की धूल-मिट्टी सफाई देखी है। ऐसे कुछ और अभियान और नियमित सफाई से बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

कई लोगों ने सफाई कर्मचारियों की मेहनत को भी सराहा। प्रदीप नामक यूजर लिखते हैं-मैंने आज यात्रा के दौरान सफाई प्रक्रिया देखी, टीम बहुत मेहनत कर रही थी। नगर निगम गुरुग्राम और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए शहरवासियों ने कहा कि-यह पहल मिशन स्वच्छ गुरुग्राम के तहत स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर गुरुग्राम बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। मंगलवार को स्वच्छता टीमों ने दिल्ली पब्लिक स्कूल के नजदीक, एसपीआर, शहीद मेजर विकास मार्ग, हीरो होंडा चौक से सुभाष चौक, झाड़सा रोड, उमंग भारद्वाज चौक से हीरो होंडा चौक, शोभा सिटी रोड, बख्तावर चौक से सुभाष चौक, सिग्नेचर टावर चौक, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड सहित अन्य क्षेत्रों में मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम के तहत धूल-मिट्टी, कचरा, सीएंडडी व प्लास्टिक वेस्ट सहित खरपतवार की सफाई की। संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार, संयुक्त आयुक्त विशाल कुमार, संयुक्त आयुक्त डा. जयवीर यादव व संयुक्त आयुक्त रविन्द्र मलिक अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद रहे। अभियान की निगरानी करने के दौरान स्वच्छता कर्मियों का हौसला बढ़ाया। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि स्वच्छ परिवेश से न केवल शहर सुंदर बनता है, बल्कि नागरिकों का स्वास्थ्य और जीवनस्तर भी बेहतर होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि आइए, हम सब मिलकर गुरुग्राम को और अधिक स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा, प्लास्टिक व सीएंडडी वेस्ट ना डालें और अगर कोई डालता है तो उसे ऐसा न करने के लिए समझाएं। सामाजिक भागीदारी व सहयोग से गुरुग्राम स्वच्छ, सुंदर व बेहतर शहर बनेगा।

# कुत्ते की हत्या में नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के प्रताप नगर इलाके में सो रहे एक आवारा कुत्ते को डंडों और रॉड से पीटकर मारने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस थाना न्यू कॉलोनी की टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मंगलवार को गुरुग्राम से चार आरोपियों को काबू किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कुलभूषण उम्र-44 वर्ष के रूप में हुई है। जो कि निजी कंपनी में कार्यरत है, दूसरा देव कुमार जिसकी उम्र-18 वर्ष और वह 12वीं पास है। तीसरा हिमांशु जिसकी उम्र-22 वर्ष है। एक नाबालिग आरोपी (पहचान गोपनीय) सभी आरोपी नई बस्ती, गुरुग्राम के निवासी हैं और एक ही परिवार से संबंधित हैं। बता दें कि यह घटना दो नवंब की है। तीन नवंबर को एक महिला ने पुलिस थाना न्यू कॉलोनी में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि मेहंदी पार्क, प्रताप नगर के नजदीक गली में सोए हुए एक कुत्ते को बाइक व गाड़ी में सवार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने रॉड से चोट मारकर मार डाला। इस शिकायत पर पुलिस थाना न्यू कॉलोनी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। हालांकि पहली बार जब लोग थाने पहुंचे तो पुलिस ने शिकायत लेने से इंकार कर दिया था और लोगों से कहा कि वह पेटा में इसकी शिकायत करें। इसको लेकर आपके अपने हिन्दुस्तान ने मंगलवार को प्रताप नगर में कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला शीर्षक के साथ खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कारण की कुत्ते की हत्या पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि इस वारदात को बदला लेने की भावना से अंजाम दिया गया था। मुख्य आरोपी कुलभूषण ने बताया कि कुछ दिन पहले उस कुत्ते ने उसे काट लिया था, जिसके चलते उसने अपने बेटे देव कुमार, हिमांशु और अन्य के साथ मिलकर पत्थर और डंडों से कुत्ते की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। कुत्ते को मारने के बाद उसके शव को कूड़े में फेंक दिया गया था।

# सफाई निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस

**सोहना।** सोहना शहर में सफाई व्यवस्था में घोर लापरवाही बरतने के मामले में नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी सुमन लता ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्वयं शहर के अस्थाई कूड़ा केंद्रों का निरीक्षण किया, जिसके बाद सफाई व्यवस्था की बदहाली को देखते हुए तुरंत सफाई निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब पूरे हरियाणा प्रदेश में 25 नवंबर तक स्वच्छता अभियान 2025 चल रहा है, जिसका लक्ष्य सभी शहरों को गंदगी मुक्त बनाना है। हालांकि, स्थानीय सोहना शहर में बनाए गए अस्थाई कूड़ा केंद्रों से कूड़ा उठाने में भारी लापरवाही बरती जा रही थी।

कार्यकारी अधिकारी सुमन लता ने सोमवार को शहर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें जगह-जगह कूड़े के ढेर मिले, जिसे देखकर उनका पारा गर्म हो गया। कार्यालय लौटते ही उन्होंने लापरवाही के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार सफाई निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। 14 लाख मासिक खर्च पर सवाल नगर परिषद सोहना हर महीने सभी 21 वार्डों में कूड़े के ढेर उठाने और डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए करीब 14 लाख रुपये खर्च कर रही है। इसके लिए एक निजी एजेंसी को ठेका दिया गया है, जो घर-घर से कूड़ा उठाने और कचरा केंद्रों से ढेर हटाने के लिए परिषद के वाहनों के अलावा अपने 15 वाहन भी उपयोग कर रही है। इतने बड़े मासिक बजट के बावजूद सफाई व्यवस्था की यह दुर्दशा एजेंसी और निगम के संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करती है। कार्यकारी अधिकारी का आश्वासनः कार्यकारी अधिकारी सुमन लता ने कहा कि खराब सफाई व्यवस्था को सुधारा जाएगा। खामियों को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। यह नोटिस, शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में निगम की तरफ से उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बिहार के मतदाताओं को ट्रेन टिकट देना आचार संहिता का उल्लंघनः पंकज डावर

**गुरुग्राम।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुग्राम से बिहार जा रहे मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा ट्रेन की टिकटें बांटने को चुनाव आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सीधे तौर पर ऐसा करके मतदाताओं को टिकटों के नाम पर पैसे देने जैसा काम कर रही है और चुनाव आयोग को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। पंकज डावर ने बताया कि मंगलवार को गुरुग्राम से बिहार के बरौनी और भागलपुर के लिए दो ट्रेनें रवाना हुईं। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष और उनके साथ पूर्वांचल के भाजपा नेता व कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। डावर ने आरोप लगाया कि भाजपा जिला अध्यक्ष स्वयं ट्रेन के भीतर जाकर यात्रियों को टिकटें बांटते नजर आए, और ट्रेन के बाहर खिड़की से भी यात्रियों को टिकटें दी गईं। डावर ने कहा कि भाजपा यह काम सरेआम कर रही है, जिससे लगता है कि उसे चुनाव आयोग या चुनाव आचार संहिता का कोई डर नहीं है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से इस कृत्य पर तत्काल संज्ञान लेने और कार्रवाई करने की मांग की है। छठ पर्व पर प्रबंधन पर उठाए सवालः कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने भाजपा पर छठ पर्व के दौरान बिहार जाने वाले यात्रियों के साथ छलावा करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पहले छठ का पर्व था, लेकिन तब भाजपा नेताओं ने बिहार जाने वालों के लिए कोई अतिरिक्त ट्रेन या खास प्रबंध नहीं किए। उन्होंने रेल मंत्री के उस दावे को भी झूठा बताया, जिसमें उन्होंने त्योहारी सीजन में 12 हजार ट्रेनें चलाने की बात कही थी। डावर ने कहा कि जिस तरह से यात्री छठ पूजा के लिए गुरुग्राम, दिल्ली और फरीदाबाद रेलवे स्टेशनों पर परेशान हुए, उससे साफ है कि भाजपा की घोषणाएं केवल जुमला हैं। बिहार चुनाव पर दावेः पंकज डावर ने आगामी बिहार चुनाव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस बार बिहार में नीतीश कुमार का तीर ध्वस्त होगा और महागठबंधन की मजबूत सरकार बनने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव प्रचार में ही भाजपा नेताओं के सामने महागठबंधन के नारे लग रहे हैं, जो जनता की नाराजगी को दर्शाता है। उन्होंने गुरुग्राम से बिहार जाने वाले लोगों से अपील की है कि वे बिहार के भले के लिए महागठबंधन को विजयी बनाएं, क्योंकि नौकरियों, रोजगार और उद्योग लगाने का काम महागठबंधन की सरकार में ही पूरा होगा।

# ऑटो और कैब चालकों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया

**गुरुग्राम।** यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा और यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक विशेष यातायात नियमों की जागरुकता पाठशाला का सोमवार को आयोजन किया। इस दौरान 33 ऑटो और कैब चालकों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहनके निदेर्शानुसार और एसीपी यातायात मुख्यालय सत्यपाल यादव की देखरेख में यातायात पुलिस कर्मचारियों ने हीरो मोटोकॉर्प के रवि शर्मा के सहयोग से चालान नहीं सलाम मिलेगा अभियान के तहत यह पहल की। क्राउन प्लाजा स्थित हीरो ट्रैफिक पार्क में आयोजित इस पाठशाला में 33 ऑटो और टैक्सी चालकों ने भाग लिया, जिन्हें न केवल सड़क के नियम, बल्कि आपात स्थिति में जान बचाने के तरीके भी सिखाए गए। चालकों को विशेष रूप से हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, नशे से परहेज, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग से बचने और लेन ड्राइविंग का सख्ती से पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कैब चालकों को यात्रियों के साथ मधुर और सभ्य व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि यात्री सफर के दौरान सुरक्षित महसूस कर सकें। अभियान के समापन पर सभी चालकों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की शपथ दिलाई गई। उन्हें सरकार की डेढ़ लाख रुपए तक की कैशलैस स्कीम के बारे में भी बताया गया, जो सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए चलाई जा रही है।

# गुरुग्रामः 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिकः प्रो. असीम कुमार घोष

- राज्यपाल ने गुरुग्राम में किया इंटरनेशनल रिलेशंस पुस्तक के द्वितीय संस्करण का विमोचन
- स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हरियाणा के कुलपति प्रो. अशोक कुमार, गुरुग्राम के डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन ने लिखी है यह पुस्तक

**गुरुग्राम।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने मंगलवार को गुरुग्राम स्थित साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध इंटरनेशनल रिलेशंस) सिविल सेवा एवं राज्य सेवा परीक्षाओं के लिए पुस्तक के दूसरे संस्करण का विमोचन किया। कार्यक्रम में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में पूर्व में सचिव रहे दामु रवि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह पुस्तक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हरियाणा के कुलपति प्रो. अशोक कुमार तथा गुरुग्राम के डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन द्वारा लिखी गई है।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने पुस्तक के विमोचन से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। सीमाएँ भले ही देशों को भौगोलिक रूप से अलग करती हों, परंतु अर्थव्यवस्था, तकनीक, संचार और पर्यावरण के स्तर पर विश्व पहले से कहीं अधिक जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में कोई भी मुद्दा अलग-थलग नहीं है। चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो, व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा या सार्वजनिक स्वास्थ्य, हर विषय वैश्विक प्रभाव से जुड़ा हुआ है। राज्यपाल प्रो. घोष ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन विद्यार्थियों को व्यापक दृष्टिकोण देता है और उन्हें संतुलित, तार्किक व उत्तरदायी नेतृत्व के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक केवल परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शक नहीं, बल्कि जीवन के लिए दृष्टिकोण देने वाली कृति है, जो युवाओं को विचारशीलता, विवेक और राष्ट्र सेवा के भाव से प्रेरित करेगी। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि यह पुस्तक केवल जानकारी का संकलन नहीं है, बल्कि यह एक प्रेरक और ज्ञानवर्धक कृति है। इसमें उन अनुभवी व्यक्तित्वों की संचित बुद्धिमत्ता निहित है जिन्होंने वर्षों तक प्रशासनिक और कूटनीतिक क्षेत्र में कार्य किया और अब अपने अनुभवों के माध्यम से नई पीढ़ी को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक केवल शैक्षणिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि विचारों की दुनिया और व्यवहारिक जीवन के बीच सेतु का कार्य करेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दामु रवि ने कहा कि पुस्तक का यह नवीनतम संस्करण अत्यंत उपयोगी और समसामयिक है, जिसमें हाल ही में हुए वैश्विक परिवर्तनों और भारत की विदेश नीति में आए नए आयामों को समाहित किया गया है। पुस्तक के लेखक एवं स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हरियाणा के कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि यह पुस्तक भारत की विदेश नीति और बदलती वैश्विक राजनीति की गहराई से समझ प्रदान करती है। पुस्तक में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सहित अन्य भारत के अग्रणी विचारकों के दृष्टिकोण को भी शामिल किया गया है, ताकि पाठक भारत के दृष्टिकोण को भारतीय कूटनीतिज्ञों और विद्वानों की नजर से समझ सकें। पुस्तक के सह लेखक एवं डीसीपी ट्रैफिक गुरुग्राम डॉ. राजेश मोहन ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध अब केवल समझौतों और औपचारिक कूटनीति तक सीमित नहीं रहे, बल्कि यह एक सतत परिवर्तित होती प्रक्रिया बन चुकी है।

# घरों से कूड़ा उठाने के लिए अब 2 क्लस्टर बनेंगे

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम शहर के घरों से कूड़ा उठाने की वर्षों पुरानी अटकी हुई समस्या को सुलझाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम ने एक बार फिर नए सिरे से टेंडर प्रस्ताव तैयार किया है। इस बार, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के निर्देश पर, पहले बनाए गए चार क्लस्टरों के बजाय अब दो क्लस्टर बनाए जाएंगे। नगर निगम द्वारा तैयार किए गए नए प्रस्ताव में अब एक क्लस्टर में निगम के दो जोन को शामिल किया जाएगा, जिससे ऑपरेशनल मैनेजमेंट आसान हो सके। निगम ने इस बृहद योजना के लिए 400 करोड़ से अधिक का अनुमानित एस्टीमेट तैयार किया है। यह नया प्रस्ताव अब अंतिम अनुमति के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा। यह ध्यान देने योग्य है कि निगम इससे पहले भी घरों से कूड़ा उठाने के लिए चार बार टेंडर प्रस्ताव बनाकर भेज चुका है, लेकिन निगम अधिकारियों की खींचतान और बार-बार टेंडर में बदलाव के कारण यह योजना कभी सिरे नहीं चढ़ पाई। एक साल से अधूरी कूड़ा एकत्रित करने की योजनाः लंबे समय से टेंडर प्रक्रिया में हो रही देरी का सीधा असर शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर पड़ रहा है। बीते एक साल से अधिक समय से गुरुग्राम के 100 फीसदी घरों से कूड़ा नहीं उठ पा रहा है, जिसके चलते शहर के कई हिस्सों में अस्थाई कूड़ा केंद्र गंदगी और प्रदूषण का कारण बन रहे हैं। निगम अधिकारियों को उम्मीद है कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के हस्तक्षेप और निर्देश पर किए गए इस नए बदलाव (चार क्लस्टर की जगह दो क्लस्टर) से टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी होगी और शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू हो सकेगी। 300 वाहनों से उठ रहा है शहर का कूड़ा बीते छह माह से नगर निगम द्वारा सिर्फ 300 वाहनों से घर-घर से कूड़ा उठाने का काम कर रहे हैं। सौ फीसदी घरों से रोजाना कूड़ा नहीं उठने के कारण लोग कूड़ा खुले में फैंकने को मजबूर है। कूड़े को लेकर निगम पास सात हजार से अधिक शिकायतें भी काफी समय से लंबित पड़ी हुई है। लोगों की बार-बार शिकायतों के बाद भी लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

# पार्षदों के घरों से हो आरएफआईडी टैग लगाने की शुरूआत

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम क्षेत्र में अगले महीने से शुरू होने जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव और आयुक्त आयुष सिन्हा ने मंगलवार को घरों से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के बेड़े का निरीक्षण किया। उन्होंने गाड़ियों में लगी तकनीकी व्यवस्था, जीपीएस सिस्टम और उपकरणों की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने जोर देते हुए कहा कि आरएफआईडी टैग लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने खुलासा किया कि कई जगहों पर आमजन टैग लगाने पर ऐतराज जता रहे हैं, क्योंकि वह इसके बारे में पूरी तरह जागरूक नहीं हैं। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सबसे पहले पार्षदों के घरों से टैग लगाने की शुरूआत की जाए। गांवों में पार्षद और अन्य मौजिज लोगों को साथ लेकर आमजन को संदेश दिया जाए। आमजन से अपील की गई कि सभी अपने घरों के बाहर टैग लगवाएं, क्योंकि इससे कूड़ा उठा या नहीं, इसकी जानकारी मिलेगी और कोई फीस नहीं वसूली जाएगी। निगम आयुक्त ने दी सख्त हिदायतः आयुक्त आयुष सिन्हा ने सफाई का काम करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधियों को सख्त हिदायत दी कि काम तय शर्तों के अनुसार ही हो। घरों से कूड़ा उठाने के लिए 183 गाड़ियों (132 टाटा ऐस, 37 ई-रिक्शा, 9 ट्रेक्टर ट्राली) और डंपिंग स्टेशन तक पहुंचाने के लिए 5 टाटा वाहनों का उपयोग किया जाए। 338 कर्मचारी शामिल हों, सभी गाड़ियों में जीपीएस लगे हों, और गीला व सूखा कचरा डालने के लिए अलग-अलग पार्टिशन हों। 1 लाख 10 हजार घरों में आरएफआईडी टैग लगाना सुनिश्चित किया जाए। मेयर और आयुक्त दोनों ने जोर दिया कि यह मानेसर क्षेत्र के लिए एक बड़ी परियोजना है और तय समय अगले महीने से इसे धरातल पर उतारा जाना चाहिए, जिससे निगम क्षेत्र की एक बड़ी समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने काम शुरू होने से पहले मॉनिटरिंग करने और एजेंसी की समस्याओं का समाधान करने के भी निर्देश दिए।

# खेड़की दौला टोल स्थानांतरण की जमीन तय नहीं हो सकी

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित खेड़की दौला टोल के स्थानांतरण के लिए अभी जमीन तय नहीं हो सकी है। सूत्रों ने बताया कि पचगांव में प्रस्तावित फ्लाईओवर से 100 मीटर पहले नए टोल प्लाजा के निर्माण पर विचार किया जा रहा है, लेकिन मौके पर पैदल यात्री अंडरपास बना है। इसके निर्माण के लिए अंडरपास को तोड़ना पड़ेगा, जिसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) मुख्यालय से मंजूरी लेनी होगी। एनएचएआई ने गांव सहरावन में इस टोल प्लाजा के स्थानांतरण की योजना सबसे पहले बनाई थी। ग्रामीणों के विरोध के बाद इस योजना में बदलाव किया गया। इसके बाद कुकरौला गांव की जमीन पर इसके स्थानांतरण की योजना बनी। एनएसजी (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) ने सुरक्षा कारणों के चलते इसके निर्माण पर ऐतराज जताया है। एनएसजी की आपत्ति के बाद एनएचएआई के अधिकारी एचएसआईआईडीसी अधिकारियों के साथ मिलकर नया विकल्प तलाश रहे हैं। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि कुकरौला गांव की मौजूदा चिन्हित जमीन से यदि 100 मीटर आगे बढ़ते हैं तो पैदल यात्री अंडरपास बना हुआ है। यहां पर टोल प्लाजा स्थानांतरण के लिए इसको तोड़ना पड़ेगा। यदि और आगे बढ़ते हैं तो पचगांव में फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है। जहां पर टोल प्लाजा का निर्माण संभव नहीं है। कुकरौला गांव से यदि गुरुग्राम की तरफ पीछे हटते हैं तो एचएसआईआईडीसी के पास टोल प्लाजा निर्माण के लिए 30 एकड़ जमीन नहीं है। ऐसे में अभी यह फैसला नहीं हो सका है कि टोल प्लाजा को कहां पर स्थानांतरित किया जाए। कैमरों के हैक होने का डर बना रहेगा एनएसजी में वीआईपी और वीवीआईपी का आवागमन रहता है। टोल के लिए एनएचएआई की तरफ से कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के हैक होने की संभावनाएं बनी रहेंगी, जोकि सुरक्षा कारणों के चलते ठीक नहीं है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद हल निकलेगा इस मामले में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की तरफ से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की जाएगी। इसके बाद इस समस्या का हल निकल पाएगा। सूत्र बताते हैं कि यदि कुकरौला से गुरुग्राम की तरफ टोल प्लाजा का निर्माण करना है तो एनएचएआई को जमीन का अधिग्रहण करना होगा। यदि जयपुर की तरफ बनाना है तो पैदल यात्री अंडरपास को तोड़ना पड़ेगा। पचगांव फ्लाईओवर के आगे कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे आ जाएगा। यदि केएमपी एक्सप्रेसवे को पार करने के बाद टोल का निर्माण करेंगे तो टोल शुल्क वसूली में भारी गिरावट होगी।

# पालम विहार में 1.22 किलो अवैध गांजा जब्त

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा सिकंदरपुर टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पालम विहार इलाके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से कुल एक किलो 220 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया है। साथ ही, तस्करी में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी भी जब्त की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति पालम विहार क्षेत्र में अवैध गांजा बेचने के लिए घूम रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, अपराध शाखा सिकंदरपुर की टीम ने सी ब्लॉक पालम विहार के नजदीक घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित निवासी जयनगर, जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) और गौरव रस्तोगी निवासी जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। दिल्ली से दस हजार में खरीदा था गाँजा पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए।

## समाचार

# प्रमुख मार्गों से हटाया अतिक्रमण

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम शहर को अतिक्रमण मुक्त, व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने के अपने मिशन पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। निगम की स्ट्रीट वेंडिंग मैनेजमेंट टीम ने मंगलवार को कई प्रमुख सड़कों और मार्गों पर अतिक्रमण हटाने का व्यापक अभियान चलाया, जिससे सड़कों और फुटपाथों को आम जनता के लिए सुगम बनाया जा सके। इन क्षेत्रों में हुई प्रमुख कार्रवाईः मेजर सोमनाथ मार्ग, सेक्टर-52, अंसल यूनिवर्सिटी रोड (सेक्टर-50), हारमॉनी लिंक रोड (सेक्टर-59) और आसपास के क्षेत्र। इस दौरान सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से लगाए गए रेहड़ी-पटरी, खोखे, टपरीनुमा और शेडनुमा स्ट्रक्चरों सहित अन्य प्रकार के अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। निगम की टीम ने अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त कर लिया और उन्हें सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त का सख्त संदेशः नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने इस कार्रवाई पर अपनी बात रखते हुए कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त रखना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न केवल यातायात और पैदल यात्रियों के लिए बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि शहर की सुंदरता को भी प्रभावित करता है। अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ और व्यवस्थित गुरुग्राम का निर्माण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निगम नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाता रहेगा ताकि शहर का सौंदर्य और नागरिकों की सुविधा दोनों बनी रहें। निगम आयुक्त ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वह सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें और दूसरों को भी ऐसा न करने के लिए प्रेरित करें। निगम की टीम आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी यह कार्रवाई जारी रखेगी।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 1.37 लाख की ठगी

**गुरुग्राम।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर जालसाज ने एक लाख 37 हजार 107 रुपये की ठगी कर डाली। जालसाज ने बैंककर्मी बनकर ठगी को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना दक्षिण में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से बिहार के सिवान निवासी मनीकांत कंवर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। आठ अगस्त को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए उनके पास निजी बैंक के दो क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने को कहा गया। इस पर उन्होंने मना करते हुए फोन काट दिया। उसके बाद दोनों बैंक के क्रेडिट कार्ड एक लाख 37 हजार 107 रुपये निकल गए। जबकि उनकी तरफ से कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। जांच अधिकारी ने बताया की मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

# संपत्ति कर न चुकाने पर अप्पू घर सील

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) ने संपत्ति कर न चुकाने पर मंगलवार को सेक्टर-29 स्थित अप्पू घर एम्यूजमेंट पार्क को सील कर दिया है। यह कार्रवाई पार्क को चलाने वाली फर्म इंटरनेशनल रिक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड पर करीब साढ़े सात करोड़ के भारी संपत्ति कर बकाया होने के कारण की गई है। निगम अधिकारियों के अनुसार, बकाया टैक्स जमा करने के लिए फर्म को बार-बार नोटिस भेजे गए थे, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। मंगलवार को जोनल टैक्सेशन अधिकारी बीएस छोक्कर के नेतृत्व में निगम की टीम मौके पर पहुंची और अप्पू घर एम्यूजमेंट पार्क को सील कर दिया गया। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि कर भुगतान में लापरवाही बरतने वाले किसी भी संस्थान या संपत्ति मालिक को बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि अप्पू घर सितंबर 2022 से बंद है।

# पीजी से लैपटॉप और मोबाइल हुआ चोरी

**गुरुग्राम।** कन्हई गांव में बने पीजी में घुसकर चोर लैपटॉप,मोबाइल और स्पीकर चोरी कर लिया गया। पुलिस ने पीजी संचालक की शिकायत पर सेक्टर-40 थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से नालंदा बिहार निवासी पीजी संचालक मृत्युजंय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कन्हई गांव में पीजी का संचालन कर रहे है और उसकी देखरेख भी करते है। एक नवंबर को उनके पीजी से लैपटॉप,मोबाइल,स्पीकर को चोरी किया गया। इसके अलावा पीजी में रह रहे युवकों के कमरे से भी चोर ने एयरपोड्स,स्मार्टवॉच सहित अन्य सामान को चोरी किया। जांच अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

# विधायक बक्सर में एनडीए के लिए कर रहे प्रचार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एनडीए के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। बिहार प्रवास पर आए विधायक शर्मा लगातार बक्सर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं, जहां वे जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं और एनडीए के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। पिछले कई दिनों से विधायक स्थानीय कार्यकताओं के साथ मिलकर जनसंपर्क अभियान, डोर-टू-डोर प्रचार और बाइक रैली जैसे विभिन्न आयोजनों में भाग ले रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से वे मतदाताओं को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। बक्सर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश शर्मा ने विश्वास जताया कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में कार्यकताओं का उत्साह और जनता का अपार समर्थन यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि इस बार फिर से एनडीए की लहर पूरे राज्य में चल पड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में फिर एनडीए जीत रहा है। उन्होंने आगे कहा कि एनडीए सरकार ने बीते वर्षों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार जैसे सभी क्षेत्रों में बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी कार्यकाल में यह विकास यात्रा और भी तेज गति से आगे बढ़ेगी। विधायक शर्मा ने कहा कि बक्सर की जनता अब विकास और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है, और यही उत्साह एनडीए के प्रति लोगों के विश्वास को दशार्ता है।

# प्रदेश सरकार ने अपना संकल्प पूरा किया : बड़ौली

**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोमवार को मानेसर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से संगठनात्मक विषयों चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के खातों में 2100 रुपये भेजकर नायब सरकार ने अपना संकल्प पूरा किया है। कार्यालय पहुंचने पर गुरुग्राम महानगर भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत यादव, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता, जिला महामंत्री प्रदीप सैनी, मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रिंसी चाहर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लोकश शर्मा सहित कार्यकताओं ने बड़ौली का स्वागत किया। इस मौके पर बड़ौली ने कहा कि कार्यकताओं का उत्साह मुझे संगठन और समाज सेवा के कार्यों को और अधिक ऊर्जा के साथ करने की प्रेरणा देता है। बड़ौली ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है, क्योंकि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी है।

# मुंबई में खौफनाक वारदात, खाना नहीं लाने पर टैक्सी ड्राइवर की पीट-पीटकर हत्या

**मुंबई।** मुंबई के साकीनाका थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है, जो मामूली विवाद से शुरू होकर हत्या तक पहुंच गया। खाना नहीं लाने पर चार टैक्सी ड्राइवर ने अपने ही साथी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य तीन आरोपी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले पांच ड्राइवर मुंबई में रहकर टैक्सी चलाने का काम करते थे। सभी साकीनाका क्षेत्र में एक ही कमरे में किराए पर रहते थे और आपस में रिश्तेदार भी थे। रोजाना बारी-बारी से इनमें से कोई एक सभी के लिए खाना लाने का काम करता था।

घटना वाले दिन जावेद खान (42) की बारी थी कि वह सबके लिए खाना लाए, लेकिन किसी वजह से वह खाना नहीं ला सका। इसी बात को लेकर उसके साथियों में शवाज खान और उसके पिता व दोनों चाचा से कहासुनी हो गई। मामूली कहासुनी धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। गुस्से में आए आरोपियों ने से एक ने कमरे में रखा डंडा उठाया और जावेद के सिर पर वार कर दिया। इसके बाद बाकी तीनों ने भी उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया।

सिर पर गंभीर चोट लगने से जावेद खान की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद चारों आरोपी अपनी-अपनी टैक्सियां लेकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद साकीनाका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है।

पुलिस ने तेजी से जांच शुरू की और चार आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं, जिनकी मदद से बाकी तीनों आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि चारों आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं और सभी प्रतापगढ़ के एक ही गांव के रहने वाले हैं।

# मनोज पांडियन डीएमके में शामिल, विधायक पद से इस्तीफा देने की घोषणा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम के समर्थक, अलंगुलम विधायक मनोज पांडियन, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की उपस्थिति में सत्तारूढ़ डीएमके में शामिल हो गए हैं।

डीएमके में शामिल होने के कुछ ही देर बाद, पांडियन ने घोषणा की कि वह मंगलवार की शाम को अपने विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। तमिलनाडु विधानसभा में सदन के पूर्व अध्यक्ष बीएच पांडियन के पुत्र मनोज पांडियन 2017 में वीके शशिकला के खिलाफ विद्रोह के समय ओ. पन्नीरसेल्वम का समर्थन करने वाले शुरुआती नेताओं में से एक थे।

एआईएडीएमके से निष्कासित होने के बाद भी पांडियन पन्नीरसेल्वम के करीबी सहयोगी बने रहे और कई राजनीतिक संघर्षों में उनके साथ खड़े रहे।

डीएमके में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए पांडियन ने कहा कि उनका यह फैसला तमिलनाडु के वर्तमान राजनीतिक माहौल और उनके व्यक्तिगत मूल्यों पर गहन चिंतन के बाद आया है।

उन्होंने कहा, 'मैंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एक ऐसे नेता जो द्रविड़ विचारधारा को कायम रखते हैं, चुनौतियों का डटकर सामना करते हैं और बिना किसी समझौते के प्रगति की ओर अग्रसर होते हैं। मेरा मानना है कि उनमें सामाजिक न्याय और समावेशी शासन की भावना कूट-कूट कर भरी है।'

अपने इस्तीफे के बारे में बताते हुए, पांडियन ने कहा, 'मैं आज शाम अपने विधायक पद से इस्तीफा दे रहा हूं। यह फैसला मेरे परिवार या व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं है। यह सिद्धांतों और विचारधारा के लिए है। मैं एक ऐसे आंदोलन में शामिल हो रहा हूं, जो प्रगतिशील मूल्यों और जन कल्याण के लिए खड़ा है।'

पांडियन ने अपनी पूर्व पार्टी, अन्नाद्रमुक पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि यह एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण दौर से गुजर रही है।

उन्होंने कहा, 'अन्नाद्रमुक अब स्वतंत्र नहीं रही। यह किसी अन्य संगठन के अधीन हो गई है और बाहरी निर्देशों का पालन करती है। यह वह विरासत नहीं है जिसकी कल्पना एमजीआर या जयललिता ने की थी।'

मुख्यमंत्री स्टालिन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, पांडियन ने कहा कि द्रमुक नेता ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है।

पांडियन के इस कदम से 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले दक्षिणी तमिलनाडु में द्रमुक का प्रभाव ज्यादा मजबूत होने की उम्मीद है।

# 14 नवंबर को बिहार उत्सव मनाएगा, लालू का प्रचार कानून का उल्लंघन : रवि किशन

**पटना।** भाजपा सांसद रवि किशन लगातार बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है।

मंगलवार को पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान रवि किशन ने कहा कि बिहार की जनता 14 नवंबर को उत्सव मनाएगी। एनडीए पर मां जानकी की कृपा है और पीएम मोदी-सीएम नीतीश के विकास के एजेंडे और विकास के संकल्प को बिहार ने अपनाया है। बिहार पूरी तरह से एनडीए सरकार की वापसी के लिए तैयार है।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रोड शो पर तंज कसते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि देखिए, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। वे पैरोल पर हैं या जमानत पर। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से बाहर आने की बात कही थी, लेकिन अब चुनाव प्रचार में शामिल हो रहे हैं तो यह कानून का उल्लंघन है। यह अच्छी बात नहीं है।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के वादों पर रवि किशन ने कहा कि जैसे-जैसे यह स्पष्ट होता जा रहा है कि 'महागठबंधन' एक बड़ी हार की ओर बढ़ रहा है, वे अपनी छवि सुधारने के लिए हर दिन नई योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं। जब उन्हें एहसास हुआ कि एक बड़ा नुकसान निश्चित है, तो उन्होंने हताश प्रयास शुरू कर दिए। इस बार राजद की कई सीटें भी एनडीए द्वारा जीतने की उम्मीद है।

भाजपा सांसद ने दावा किया है कि बिहार में एनडीए के पक्ष में एक मजबूत लहर है। यह पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास और सच्चाई की जीत है, जिसने बिहार को 'जंगल राज' के दिनों से बहुत दूर कर दिया है। 14 नवंबर को पूरा बिहार इसे एक भव्य उत्सव के रूप में मनाएगा।

उन्होंने कहा कि महागठबंधन आगे और भी घोषणाएं कर सकता है, जनता उनकी घोषणाओं के चक्कर में नहीं आने वाली है। बिहार की जनता जंगलराज से बहुत दूर आ चुकी है और विकास के साथ बढ़ रही है।

# 'कांग्रेस-राजद के लोग रामद्रोही हैं', समस्तीपुर की रैली में सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया तीखा प्रहार



पटना। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बिहार के मोहिउद्दीननगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी पर जबरदस्त प्रहार किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब बिहार में कांग्रेस और राजद की सरकारें थीं, तब सड़क और बिजली नहीं थी। गरीब के पास मकान, शौचालय और राशन नहीं था। उन्होंने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि यह गरीबों को क्या राशन देते, क्योंकि वे खुद पशुओं का चारा खा गए।

उन्होंने राम मंदिर के विषय पर भी राजद-कांग्रेस पर तीखा हमला किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, 'कांग्रेस-राजद के लोग रामद्रोही हैं। इन पार्टियों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को रोकने का पाप किया था। राजद ने राम मंदिर के लिए निकली रथयात्रा को रोका था। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम को काल्पनिक बताया।'

सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'जिन लोगों को उत्तर प्रदेश की जनता ने बार-बार खारिज किया, वे बिहार आकर कहते हैं कि नाम बदला जा रहा है। लेकिन हम नाम नहीं बदल रहे हैं, बल्कि हमने कामों से उत्तर प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में स्थापित कर दिया है।'

उन्होंने आगे कहा, 'उत्तर प्रदेश में माफिया को रौंदकर जब बुलडोजर चलता है और उनकी संपत्ति का गरीबों में बांटने का काम किया जाता है तो समाजवादी पार्टी के लोग बिहार में भाषण में इसकी चिढ़ निकाल रहे हैं।'

इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दरभंगा में भव्य रोड शो किया। उनके रोड शो में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। इस उत्साह और स्नेह के लिए मुख्यमंत्री योगी ने दरभंगा वासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा, 'सुशासन की सुदृढ़ नींव पर एक समृद्ध और विकसित बिहार के निर्माण के लिए फिर से एनडीए की सरकार जरूरी है। यह भव्य रोड शो भाजपा-एनडीए के प्रति दरभंगा वासियों के अटूट विश्वास एवं अथाह समर्थन का प्रतीक है।'

# तेजस्वी बच्चे हैं, चुनाव बाद झुनझुना थमा देंगे : तेजप्रताप यादव



तेज प्रताप यादव भी चुनावी मैदान में दम भर रहे हैं।

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने महागठबंधन की ओर से सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि अभी तेजस्वी यादव बच्चे हैं, चुनाव के बाद उन्हें झुनझुना थमा देंगे।

महुआ विधानसभा से तेजप्रताप यादव मैदान में हैं। दूसरी ओर से उनके छोटे भाई और राजद नेता तेजस्वी यादव लगातार महुआ आकर चुनावी सभाएं कर रहे हैं। जब इस पर तेजप्रताप से जवाब मांगा गया तो उन्होंने तीखे अंदाज में कहा कि वे अभी बच्चे हैं और चुनाव के बाद उनके हाथों में झुनझुना पकड़ा दिया जाएगा।

तेजस्वी को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा, 'अगर वह हमारे इलाके में जाएंगे, तो हम भी उनके इलाके में जाएंगे। हम राघोपुर गए थे, एक बार फिर से जाएंगे।'

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के लालू प्रसाद यादव को लेकर दिए बयान पर तेजप्रताप ने कहा कि ये चुनाव है तो कोई कुछ भी कह सकता है।

बिहार विधानसभा चुनाव में टक्कर सिर्फ महागठबंधन और एनडीए के उम्मीदवारों के बीच तक सीमित नहीं रह गई है। इस चुनाव में दो सगे भाई भी एक दूसरे खिलाफ हैं। तेजस्वी यादव जहां राजद के बैनर तले इस चुनावी मैदान में महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार के तौर पर उतर रहे हैं तो उनके बड़े भाई जन शक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महुआ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार हैं।

महुआ विधानसभा क्षेत्र में लगातार तेजस्वी यादव चुनावी प्रचार कर रहे हैं और राजद के पक्ष में वोट करने के लिए जनता से अपील कर रहे हैं। वहीं, तेज प्रताप भी तेजस्वी यादव के विधानसभा क्षेत्र राघोपुर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। तेजप्रताप लगातार तेजस्वी की चुनावी घोषणाओं पर हमला कर रहे हैं, तेजप्रताप का मानना है कि चुनाव के वक्त कोई कुछ भी कह सकता है। चुनाव के बाद देखा जाएगा वादे कौन पूरे करेगा।

# 50 करोड़ रुपए के लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण फंड का नया ढांचा तैयार

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने एक प्रमुख संरक्षण पहल के तहत तमिलनाडु लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण कोष (टीएनईएसएसीएफ) के प्रबंधन का पुनर्गठन किया है। यह कोष 50 करोड़ रुपए का है जिसका उद्देश्य राज्य भर में लुप्तप्राय प्रजातियों और उनके आवासों की रक्षा और पुनर्स्थापन करना है।

पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुप्रिया साहू द्वारा जारी एक सरकारी आदेश के अनुसार, इस कोष का प्रशासन राज्य वन विकास एजेंसी (एसएफडीए) से उन्नत वन्यजीव संरक्षण संस्थान (एआईडब्ल्यूसी), वंडलूर को स्थानांतरित कर दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य कार्यक्रम में अधिक वैज्ञानिक दृढ़ता और संस्थागत फोकस लाना है। सरकार ने कोष के संचालन की देखरेख के लिए दो समितियों (एक शासी और एक कार्यकारी) का गठन किया है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली शासी समिति कोष की रणनीतिक दिशा का मार्गदर्शन करने के लिए हर चार महीने में एक बार बैठक करेगी। इसमें वित्त, उद्योग और पर्यावरण जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसमें रोहिणी नीलेकणी, मल्लिका श्रीनिवासन, जेके पैटरसन एडवर्ड, एस. बालचंद्रन और के. जयकुमार सहित संरक्षणवादी और परोपकारी लोग भी शामिल होंगे।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक सदस्य-संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। अपर मुख्य सचिव (पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन) की अध्यक्षता वाली कार्यकारी समिति, दैनिक कार्यों को संभालेगी, परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी देगी और उनके कार्यान्वयन की निगरानी करेगी। एआईडब्ल्यूसी, तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और वन विभाग के वरिष्ठ प्रतिनिधि इस पैनल का हिस्सा हैं। पिछले साल 5 करोड़ रुपए की शुरुआती राशि से शुरू किया गया, टीएनईएसएसीएफ राज्य भर में प्रजातियों की समुदाय-आधारित संरक्षण के लिए परियोजनाओं को वित्तपोषित करेगा।

यह तमिलनाडु में संरक्षण वित्त का विस्तार करने के लिए सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों से अतिरिक्त संसाधन भी जुटाएगा।

कार्यक्रम का पहला चरण 4 कम ज्ञात लुप्तप्राय प्रजातियों पर केंद्रित होगा। इनमें से प्रत्येक प्रजाति को अलग-अलग पारिस्थितिक दबावों का सामना करना पड़ता है, जिनमें खंडित आवास और अवैध शिकार से लेकर आक्रामक प्रजातियों और प्रदूषण तक शामिल हैं।

पश्चिमी और पूर्वी घाटों में फैले भू-दृश्यों वाला तमिलनाडु, विश्व स्तर पर एक जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में जाना जाता है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि इसके नाजुक पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा और इन अनोखी प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाने के लिए तत्काल संरक्षण प्रयास आवश्यक हैं।

# हमारा देश राम और कृष्ण का, ओसामा बिन लादेन का नहीं सकता : हिमंत बिस्वा सरमा



**सीवान।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान छह नवंबर को होना है। प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी आज चुनावी मैदान में उतरे और सीवान में एनडीए प्रत्याशी के लिए वोट मांगे।

उन्होंने सीवान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रघुनाथपुर से राजद प्रत्याशी और पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के पुत्र ओसामा को लेकर जोरदार कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारा देश भगवान राम, भगवान कृष्ण और मां जानकी का है, यह देश ओसामा बिन लादेन का हो ही नहीं सकता है।

उन्होंने कहा कि जब मुझे बताया गया कि मुझे यहां आना है, तो मेरे मन में आया कि वहां मुझे राम, सीता और लक्ष्मण सभी के दर्शन होंगे। लेकिन मुझे बताया गया कि राम, सीता और लक्ष्मण तो हैं लेकिन ओसामा भी है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद, हमारे देश में जितने ओसामा बिन लादेन हैं, सबको एक-एक करके खत्म करना है।

उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि भले ही वे छोटे ओसामा हों, लेकिन इन्हें इसी चुनाव में खत्म कर देना है। उन्होंने असम की चर्चा करते हुए कहा कि हम लोगों ने बिहू के डांस में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, लेकिन हमारे रघुनाथपुर में शहाबुद्दीन और उनके परिवार ने हत्याओं में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है; हमें इस कलंक को मिटाना होगा। यह मुश्किल नहीं है। जो इलाका पहले था, वैसा नहीं है।

उन्होंने कहा कि जब राम मंदिर आंदोलन की शुरुआत हुई थी तो लोगों को लगता था कि लालू यादव, मुलायम सिंह यादव हैं, राम मंदिर कैसे बनेगा, लेकिन इस देश ने दिखा दिया कि अगर इस देश में लालू यादव, मुलायम सिंह यादव हैं, तो इस देश में प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह भी हैं। जब देश के लोग सोच लें, तो बाबर मिट जाते हैं, औरंगजेब समाप्त हो जाते हैं।

उन्होंने नीतीश कुमार सरकार को सुशासन बताते हुए कहा कि आज महिलाओं के सभी खाते में 10 हजार रुपये देने का काम किया। जब मुझे जानकारी मिली, तो मैंने भी यहां के अधिकारियों के साथ बात की और जानकारी ली। आज असम में भी यह योजना लागू कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार ने रास्ता दिखाया और हम उसी के रास्ते पर चल पड़े हैं। यही सुशासन की बुनियाद होती है। ऐसी योजना पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ही कर सकते हैं। उन्होंने जंगलराज को लेकर भी राजद नेताओं पर निशाना साधा। लालू यादव ने शहाबुद्दीन के साथ मिलकर जंगलराज लाया और अब तेजस्वी ओसामा के साथ मिलकर उसी रास्ते पर जाने वाले हैं।

# कन्नड़-तेलुगु टीवी अभिनेत्री को शख्स भेज रहा था 3 महीने से अश्लील मैसेज, अब हुआ गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कन्नड़-तेलुगु टीवी अभिनेत्री रजनी डी से साथ उत्पीड़न का मामला सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति ने फेसबुक के जरिए उन्हें अश्लील वीडियो और मैसेज भेजे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एक्ट्रेस ने उत्पीड़न की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परेशान करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस शिकायत में अभिनेत्री ने कहा कि पहले आरोपी नवीन के मोन ने 'नवीनज' नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न होने की वजह से भड़के व्यक्ति ने लगातार अश्लील वीडियो और मैसेज भेजना शुरू कर दिए। उन्होंने आरोपी को चेतावनी भी कि वो ऐसा न करें, लेकिन अभिनेत्री को परेशान करने के लिए आरोपी ने कई फेक आईडी बनाई और लगातार अश्लील वीडियो भेजता रहा। कई फेक आईडी को एक्ट्रेस ने ब्लॉक कर दिया, लेकिन आरोपी नहीं रुका।

इतना ही नहीं, अभिनेत्री ने 1 नवंबर को आरोपी को नगरभावी इलाके के एक रेस्टोरेंट में मिलने के लिए बुलाया था और आगे से ऐसा करने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन आरोपी ने उनकी चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया और उत्पीड़न जारी रखा। आरोपी लगातार 3 महीने तक अलग-अलग आईडी से अश्लील वीडियो भेजता रहा। परेशान होकर अभिनेत्री ने अन्नपूर्णेश्वरी नगर पुलिस में मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

आरोपी की पहचान बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड स्थित टेम्पलटन एंड पार्टनर कंपनी में डिलीवरी मैनेजर नवीन के. मोन के रूप में हुई है। अभिनेत्री द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। बता दें कि कन्नड़-तेलुगु धारावाहिक अभिनेत्री रजनी डी अपने पति, माँ, और बेटी के साथ अन्नपूर्णेश्वरी नगर स्थित अपने घर में रहती हैं और कई कन्नड़ और तेलुगु टीवी सीरियल में काम भी कर चुकी हैं।

# सीएम योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, 'बुलडोजर बाबा-हिंदू हृदय सम्राट जिंदाबाद' के नारे से गूंजा दरभंगा

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के प्रचार के अंतिम दिन दरभंगा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो के दौरान भारी जनसमूह उमड़ा। लोहिया चौक से प्रारंभ होकर मछली चौक तक चले इस भव्य रोड शो में लोगों का उत्साह चरम पर रहा।

सड़क के दोनों ओर और छतों पर खड़े लोगों ने 'योगी योगी', 'जय श्री राम', 'भारत माता की जय', 'मिथिला धाम की जय', 'माता जानकी की जय' और 'हर हर महादेव' के नारे लगाए। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने और उनसे मिलने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्सुकता रही। लोग बुलडोजर बाबा जिंदाबाद और हिंदू हृदय सम्राट योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते जा रहे थे। हाथों में कमल निशान और झंडे थामे लाखों लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ चलते हुए एनडीए गठबंधन जिंदाबाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे।

लोगों ने मुख्यमंत्री योगी पर फूल बरसाए, वहीं कई स्थानों पर फूलझड़ियां और पटाखे जलाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी ने जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि आज दरभंगा का यह ऐतिहासिक रोड शो दरभंगा नगर वासियों ने जो उत्साह दिखाया है, खास तौर पर यहां के युवाओं और सामाजिक संगठनों ने, इसके प्रति मैं आप सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं।

उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन की सुदृढ़ नींव पर एक समृद्ध और विकसित बिहार के निर्माण के लिए एनडीए की सरकार फिर से बिहार के अंदर आए, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने संजय को फिर से अपना प्रत्याशी बनाकर आपके बीच में उतारा है। लगातार उन्होंने आपका आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। फिर एक बार उन्हें अपना आशीर्वाद देकर एनडीए की सरकार बनाने में अपना योगदान दें, इसके लिए मैं आप सभी से अपील करने के लिए आया हूं।

# राजद-कांग्रेस की सरकार आई, तो सिर्फ रंगदारी और कट्टा ही देखने को मिलेगा : अनुराग ठाकुर



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए राजद-कांग्रेस की सत्ता को 'रंगदारी' और 'कट्टा' करार दिया है। भाजपा सांसद ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के परिवार सहित लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तक सभी महिला विरोधी हैं।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान ठाकुर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर राजद-कांग्रेस की सरकार आ गई, तो यहां सिर्फ रंगदारी और कट्टा ही देखने को मिलेगा। लेकिन बिहार की जनता कभी ऐसा नहीं होने देगी। जनता एनडीए के विकास के साथ खड़ी है।

बिहार चुनाव को लेकर ठाकुर ने कहा कि पूरे बिहार में एक ही आवाज गूंज रही है 'रफ्तार पकड़ चुका बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार।' उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि पिछले कुछ वर्षों में बिहार में अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाया गया है और अगले पांच सालों में इसे दोगुना करने का लक्ष्य है।

ठाकुर ने कहा कि बिहार के हर गांव में सड़कें बन रही हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हो रहा है। अब नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपए ट्रांसफर करना भी शुरू कर दिया है। लेकिन, महागठबंधन के लोग इसका विरोध कर रहे हैं, उन्हें बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि महिलाओं का सम्मान किया जाए।

भाजपा सांसद ने महागठबंधन के नेताओं द्वारा चुनाव आयोग से इस 10,000 रुपए के लाभ को रोकने की मांग का जिक्र करते हुए तंज कसा। उन्होंने कहा कि अपने शासन के दौरान महागठबंधन ने कुछ नहीं किया और महिलाओं को उनके अधिकार देने में पूरी तरह विफल रहा। महागठबंधन के लोग महिलाओं का सम्मान ही नहीं चाहते। लालू-तेजस्वी-राहुल सभी महिला विरोधी हैं, इसलिए ही वे 10 हजार रुपए को रोकने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस की सरकार में तो रंगदारी और कट्टा ही मिलने वाला है।

# यातायात नियमों का पालन न करने पर होगी कार्यवाही यातायात प्रभारी नवनीत सिंह

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर,** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस पुलिस द्वारा यातायात माह नवम्बर 2025 के दृष्टिगत यातायात नियमों के प्रति जनमानस को जागरुक किया गया यातायात पुलिस द्वारा आमजन को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गति सीमा का पालन करने एवं यातायात संकेतों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया यातायात माह का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना

वाहन चालकों, पैदल यात्रियों और सवारियों को यातायात नियमों की जानकारी देना

हेलमेट, सीट बेल्ट, और स्पीड लिमिट जैसे सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित कराना ट्रैफिक संकेतों लेन अनुशासन और वाहन फिटनेस के प्रति जन-जागरूकता फैलाना जनसहभागिता के माध्यम से सुरक्षित यातायात जीवन की रक्षा' का संदेश प्रसारित करना



# तेजस्वी यादव को सीएम बनाने के लिए महिलाओं ने मन बना लिया : रोहिणी आचार्य

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने दावा किया कि प्रदेश में महिलाओं ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान रोहिणी आचार्य ने कहा कि जनता तेजस्वी यादव के विकास और रोजगार के वादों पर भरोसा कर रही है। रोहिणी आचार्य ने दावा किया कि तेजस्वी की रैलियों और जनसभाओं में भी भारी भीड़ उमड़ रही है, मीडिया इसे नहीं दिखा रही है। वहीं इसे आप हकीकत देखें, मेरे साथ चलिए। मैं आपको दिखाती हूं कि तेजस्वी यादव की जनसभाओं में कितनी भीड़ पहुंच रही है। तेजस्वी यादव की चुनावी सभाओं में आने वाली भीड़ सिर्फ भीड़ नहीं है, यह प्रदेश में महागठबंधन की अगली सरकार बनाने के लिए एक हुंकार है।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | संकेत एवं दूरसंचार (S&T) कार्य, लो हाइट सबवे (LHS) के निर्माण द्वारा 10 समपार फाटकों (LC gates) के एलिमिनेशन (elimination) के संबंध में, (1) लेवल क्रॉसिंग संख्या (LC no.) 186 कि.मी. (km) 221/9–10 पर, (2) लेवल क्रॉसिंग संख्या 204 कि.मी. 243/1–3 पर, (3) लेवल क्रॉसिंग संख्या 174 कि.मी. 205/13–15 पर, (4) 180 कि.मी. 212/19–21 पर, (5) लेवल क्रॉसिंग संख्या 230 कि.मी. 278/7–8 पर, (6) लेवल क्रॉसिंग संख्या 197 कि.मी. 232/8–6 पर, (7) 152 कि.मी. 175/9–10 पर, (8) एल.सी.–165 (LC–165) कि.मी. 191/17–19 पर, (9) 169 कि.मी. 199/17–19 पर, (10) 148 कि.मी. 171/7–8 पर, दिल्ली मंडल (Delhi division) के डी.एल.आई.–बी.टी.आई. खंड (DLI-BTI section) पर। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 68,37,442.96/– |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 1,36,800.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 04.11.2025/निविदा खुलने का दिनांक 26.11.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1461 दिनांक: 04.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3418/25

## उत्तर रेलवे

### राष्ट्रीय रेल संग्रहालय
### रेल मंत्रालय

**विषय: रेल थीम स्मृति चिन्हों की आपूर्ति के लिए विक्रेताओं के पैनल गठन हेतु अभिरुचि पत्र**

भारतीय रेल विभिन्न एजेंसियों, कलाकारों, उद्यमियों, निर्माताओं, एमएसएमई, स्टार्ट–अप्स, स्वयं सहायता समूहों और अन्य किसी भी इच्छुक पक्ष से, जो लघु इंजन मॉडल, रेल–थीम वाले खिलौने, क्रॉकरी, उपहार, वस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि बनाने में संलग्न हैं, से अभिरुचि पत्र (EOI) आमंत्रित करता है ताकि वे भारतीय रेल के पैनल विक्रेता के रूप में IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से पंजीकरण करा सकें और रेल स्मृति चिन्ह डिजाइन, विकसित, निर्माण और आपूर्ति कर सकें। ये स्मृति चिन्ह रेलवे, अन्य सरकारी मंत्रालयों/विभागों और आम जनता को ऑफलाइन स्टोर्स के साथ–साथ GeM पोर्टल/आईआर वेबसाइट के माध्यम से भारतीय रेल की स्मृति चिन्ह नीति और समय–समय पर जारी इसके संशोधनों के अधीन आपूर्ति किए जाएंगे। इच्छुक विक्रेता IREPS पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन अभिरुचि पत्र के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। अभिरुचि पत्र जमा करने की अंतिम तिथि और समय **05.12.2025** को **15:30 बजे** तक है। अभिरुचि पत्र नोटिस के विस्तृत नियम और शर्तें IREPS पोर्टल और NRM वेबसाइट www.nrmindia.org पर देखी जा सकती हैं।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक फर्में निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकती हैं:

**निदेशक कार्यालय**
**राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021**
**ईमेल आईडी: nrmoffice.india@gmail.com, souvenir.nrm.india@gmail.com**

3431/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## मोदी सत्ता के एकादश वर्ष में : संघ... सक्रीय... जागरूक... उत्तीष्ठ... ?

लगातार एक दशक तक उपेक्षा का दंश झेलने के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मोदी जी की सत्ता के एकादश में अब कुछ सक्रीय नजर आने लगा है, फिर यह उसका शताब्दी वर्ष भी चल रहा है, इसलिए अब इस दौर में उसने कई नए संकल्प लिए है, जिनमें सबसे प्रमुख एक लाख हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन भी शामिल है, अर्थात उसकी नजर अब देश के हिन्दू संगठनों व उनसे जुड़े लोगों पर है। इसके साथ ही वह अब राम जन्म भूमि अभियान की सफलता के बाद कृष्ण जन्म भूमि अभियान की भी शुरूआत करना चाहता है और अब इसी संकल्प के माध्यम से देश के हिन्दूओं को पुनः एक जुट करना चाहता है।

यहां यह स्मरणीय है कि देश पर पिछले एक दशक से भी अधिक समय से भारतीय जनता पार्टी का राज है, जिसके प्रमुख नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जी है और इस दौरान स्वयं संघ ने यह महसूस किया कि उसकी वह पूछ-परख नही है, जो कि कांग्रेसी राज में कांग्रेस सेवादल की रही है, स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी संघ की इस पीड़ा को समझने का प्रयास नही किया, आखिर संघ को ही समर्पण भाव से मोदी जी को अवगत कराना पड़ा, तब अब कहीं जाकर स्थितियां बेहतर हुई है, अब इसी बदलते माहौल में संघ व उसके शीर्ष पदाधिकारी सक्रीय हो गए है और इसी दौर में संघ द्वारा एक लाख हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की गई है। इन सम्मलनों में अब अयोध्या राम जन्म भूमि की तरह ही मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर के निर्माण कराने का संकल्प लिया जा रहा है, पिछले दिनों हमारे प्रदेश के जबलपुर शहर में आयोजित संघ के कार्यकारी पदाधिकारियों के सम्मेलन में इस फैसले की घोषणा की गई। मथुरा के साथ अब अगला लक्ष्य काशी को भी बनाने का तय किया गया। संघ ने अपनी इसी बैठक में शताब्दी समारोह के साथ पंच परिवर्तन का भी मुख्य एजेण्डा तैयार किया, ये पंच परिवर्तन है- जनसम्पर्क, गृहसम्पर्क अभियान के साथ ह्यवंदे मातरमह्ण के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन, देश की वर्तमान सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिस्थितियों पर चिंतन तथा इनके साथ ही गुरूतेग बहादूर के 350वें बलिदान वर्ष तथा बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर सम्मेलनों के आयोजनों का फैसला लिया गया।

संघ की इस सक्रीयता को राजनीतिक समीक्षकों ने अपने-अपने अंदाज में जाहिर किया है, कुछ का कहना है कि पिछले 15 अगस्त को अपने लाल किले के संभाषण में मोदी जी ने संघ का जिक्र कर उसकी हौसला अफजाई की संघ की अचानक सक्रीयता उसीका परिणाम है, तो कुछ मोदी जी के प्रोत्साहन का जिक्र करते है, कुल मिलाकर देर आयत-दुरूस्त आयत की तर्ज पर संघ अब सक्रीय हो गया है तथा उसने अब मोदी जी को हर कदम पर साथ देने का संकल्प लिया है, संघ प्रमुख की इस भूमिका से संघ में जमीनी स्तर तक सक्रीयता महसूस की जाने लगी है और इसीलिए वह विभिन्न जनहितैषी कार्यक्रमों का आयोजन कर इस शताब्दी वर्ष को यादगार बनाना चाहता है।

# हम दिखावे में नहीं सेवा पर विश्वास रखते हैं

-संजय गोस्वामी-

ममता कुलकर्णी के दाऊद इब्राहिम पर शब्द एक विवाद से जुड़े हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह आतंकवादी नहीं है, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण दिया। इस विवाद के कारण जनवरी 2025 में किन्नर अखाड़े ने उन्हें महामंडलेश्वर के रूप में उनकी आध्यात्मिक भूमिका से निष्कासित कर दिया। प्रारंभिक विवादास्पद बयानः कुलकर्णी ने कथित तौर पर कहा था कि दाऊद इब्राहिम आतंकवादी नहीं है। बाद में स्पष्टीकरणः उन्होंने बाद में इन टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण दिया लेकिन इसका क्या मतलब ऐ तो देशद्रोह का मुकदमा चलना चाहिए आखिर महा कुम्भ में मैं ना जाकर बहुत अच्छा किया क्योंकि मुझे मालूम था वहाँ आस्था की नहीं पैसे वाले, राजनेता, माफियाओ की की भी टोली होगी इसमें हमेशा वही लोग आते हैं जिन्हे लगता है मुझे अमृत मिल गया और अब मैं कभी मरूंगा नहीं लेकिन वहाँ जाने पर आप को इस बात की जरूर चिंता करनी चाहिए कि आखिर ममता कुलकर्णी ने वहाँ गई भी हो तो उन्हें महामंडलेश्वर पद पर रखने से पहले क्यों नहीं उसकी जाँच की गई जरुरत ऐ नहीं की हम अमृत का पान करें जरुरत ऐ है कि दाऊद जैसे मुंबई बम ब्लास्ट का मुख्य आरोपी के प्रति इतनी भोलापन कैसा ऐ भी उस समय हुआ जब अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के प्रति लोगों की आस्था थी और बाबरी मस्जिद को लेकर कुछ अल्पसंख्यक का अलग मत था क्या महा कुम्भ में भगवान राम नहीं आए एक बात सुन ले जहाँ भी भगवान राम नहीं जाते हैं वहाँ कोई भी पूजा पाठ सफल नहीं होगा मैं उनके चरणों को प्रणाम करता हूँ मेरी आस्था अमृत पाने की नहीं बल्कि भगवान राम के लिए जीना और उनके लिए मरना है जिंदगी में सबको देख लीजिये अगर आपके पास धन दौलत है तो लोग आते हैं लेकिन जैसा ही आप बीमार होते है तो कितने लोग सिर्फ झांकी मारने आते हैं सेवा एक दो या नर्स के सहारे होता है बाद में लोग अजीज होकर वही लोग मरने की दुआ करते हैं लेकिन मन में अगर भगवान राम को सच्चे दिल से याद करेंगे तो एक असीमित शक्ति का अहसास होगा यही राम की दयालुता है जो सभी कष्ट से मुक्त करता है एक बार भी स्कूल में इसका ज्ञान सही तरीके से दिया जाए तो समाज में दिखावापन, अंधभक्ति, अंधविश्वास आदि दूर होंगे और सत्य की राह पर चलेंगे, आज जो महाकुम्भ में जाकर भगवान की भक्तई के बारे में जो अवधारना है उसे दूर करने की कोशिश करेंगे क्या एक दिन में या 3-4 दिन में गाड़ी चलाना सीखा जा सकता है नहीं वैसे ही ईश्वर की भक्ति 2-3 दिन का खेल नहीं है भक्ति को जानने के लिए राम भक्त हनुमान की बात करते हैं हनुमान जैसा राम का भक्त कोई नहीं हुआ क्योंकि उनके पास राम रसायन था और ब्रह्मचारी थे वो तो हमेशा राम नाम का ही जाप करते थे अतः भक्ति के प्रतीक हनुमान के बारे में बात करते हैं, जिसमें बताया गया है कि किसी के जीवन में हनुमान बनने के लिए क्या करना पड़ता है और किसी को हनुमान कहने का क्या अर्थ है। इसे विस्तार से समझाने के लिए, मैं आपको भगवान राम और हनुमान के प्रति उनके प्रेम की एक सुंदर कहानी सुनाता हूँ। भगवान राम और हनुमान की कथाः राम भक्त हनुमान अनगिनत कथाओं में से, भगवान राम और हनुमान की कथा, रामायण का यह विशेष पहलू मुझे हमेशा मुस्कुराहट देता है। भगवान राम के राज्याभिषेक के बाद, हनुमान जी अयोध्या में ही रहे और उन्होंने भगवान राम की सभी सेवाओं में पूरी तत्परता से भाग लिया। अन्य लोगों को अपने प्रिय भगवान राम की किसी भी प्रकार की सेवा करने का अवसर नहीं मिला। लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न स्वयं को सेवा करने में असमर्थ महसूस कर रहे थे। उन्होंने माता सीता से हस्तक्षेप करने के लिए कहा। सीता देवी ने समझाया कि वह भी अपने प्रभु की सेवा नहीं कर सकतीं। उन्होंने एक सेवा कार्यक्रम बनाने का निर्णय लिया, जिसमें सभी कार्य आपस में बाँट लिए गए, लेकिन हनुमान जी को इसमें शामिल नहीं किया गया। इसलिए, चारों ने विचार-विमर्श किया और सुबह से लेकर भगवान राम के सोने तक की सेवाओं का एक कार्यक्रम तैयार किया। उन्होंने भगवान राम की स्वीकृति के लिए कार्यक्रम सीता देवी को प्रस्तुत किया। सीता देवी उसे लेकर उनके पास गईं। कार्यक्रम की समीक्षा करने पर, भगवान राम ने देखा कि हनुमान जी को कोई सेवा नहीं दी गई थी। वे अपने भाइयों और सीता देवी की भावनाओं और हनुमान जी को न देने के पीछे के उद्देश्य को समझ गए। उन्होंने परिणाम का पूवार्भास कर लिया, लेकिन केवल मुस्कुराए और सीता से पूछा कि उन्हें क्या करना चाहिए। सीता देवी ने भगवान राम से सूची पर हस्ताक्षर और मुहर लगाने का अनुरोध किया, जिससे यह आधिकारिक हो जाए। भगवान राम ने ऐसा किया और सूची प्रदर्शित की गई। अगले दिन, हनुमान जी भोलेपन से भगवान राम के कक्ष में राम के पैर की मालिश करने के लिए गए। लक्ष्मण ने हनुमान जी को यह समझाते हुए पुनः निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यक्रम के अनुसार सेवा शत्रुघ्न को सौंपी गई थी। हनुमान जी ने पाया कि उन्हें किसी भी सेवा में शामिल नहीं किया गया था और वे उपेक्षित महसूस कर रहे थे। खुद को सांत्वना देने के बाद, हनुमान जी ने लक्ष्मण से पूछा कि क्या वे कोई अनिर्धारित सेवा कर सकते हैं। लक्ष्मण सहमत हो गए, उन्हें विश्वास था कि उन्होंने कोई भी कार्य अनदेखा नहीं किया है। हनुमान जी ने जम्हाई लेने की सेवा का प्रस्ताव रखा - भगवान राम के जम्हाई लेने पर अपनी उंगलियाँ चटकाना, जिससे उन्हें बुरे प्रभावों से बचाया जा सके। इस कार्य के पीछे छिपी बुद्धिमत्ता से अनभिज्ञ, वे सहमत हो गए। चूँकि जम्हाई अप्रत्याशित रूप से आ सकती थी, हनुमान जी निरंतर सतर्क रहे। उन्होंने प्रसाद ग्रहण करने की अपनी परंपरा भी बदल दी और भगवान राम के जम्हाई लेने पर अपना दाहिना हाथ चटकाने के लिए खाली रखा, जिससे उनकी अटूट प्रतिबद्धता का परिचय मिला। माता सीता, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चकित थे। भगवान राम मन ही मन मुस्कुराए, हनुमान जी की अद्वितीय बुद्धिमत्ता को स्वीकार करते हुए। एक रात, भगवान राम शयन कक्ष में चले गए। सीता देवी के विरोध के बावजूद हनुमान जी भी उनके पीछे चले गए। हनुमान जी ने रात में भगवान राम की सेवा करने पर जोर दिया, यह कहते हुए कि यह आवश्यक है। यह बातचीत देखकर, भगवान राम ने हनुमान जी को विश्राम करने का निर्देश दिया। आदेश का पालन करते हुए, हनुमान जी चले गए। हालाँकि, उन्होंने बालकनी से भगवान राम का नाम जपते और उंगलियाँ चटकाते हुए अपनी सेवा जारी रखी। भगवान राम बार-बार जम्हाई लेने लगे, जब तक कि वे थक कर गिर नहीं पड़े, जिससे सभी आश्चर्यचकित हो गए। सभी ने ढूँढ़ा और किसी तरह बालकनी से हनुमान जी को ढूँढ़ निकाला और उन्हें ले आए। हनुमान जी ने अपने भगवान राम की हालत देखी और तुरंत उँगलियाँ चटकाना बंद कर दिया और भगवान राम के चरणों में गिर पड़े। भगवान राम का मुँह उसी क्षण बंद हो गया। भगवान राम अपने परम भक्त की सेवा स्वीकार करना चाहते थे। हालाँकि ऐसा प्रतीत होता है, यह भगवान राम की जम्हाई पर हनुमान जी की झपकी नहीं थी, बल्कि इसके विपरीत, यह हनुमान जी की झपकी पर भगवान राम की जम्हाई थी। एक भक्त और अपने भगवान के बीच के बंधन की शक्ति को देखकर, सभी भाइयों और सीता देवी ने हनुमान जी के अपने भगवान राम की प्रेमपूर्ण सेवा के दृढ़ संकल्प को समझा और निर्णय लिया कि वे भविष्य में कभी भी इसमें हस्तक्षेप नहीं करेंगे। भगवान राम और हनुमान की कथा हमें हनुमान की अटूट सेवा को समझने में मदद करती है। भगवान राम के राज्याभिषेक के बाद, उनके जीवन को आसान बनाने के लिए अयोध्या में ही रहने का निर्णय लेना। भगवान राम की सेवा में पूरी तरह से तत्पर रहना, इसे अपनी आवश्यकताओं से ऊपर रखना। किसी भी कार्य, कर्म या सेवा को छोटा या बड़ा न समझना और सभी कर्मों में सेवा के अवसर के रूप में महत्व देखना।

# धर्म-स्थलों के हादसें-आखिर कब जागेगा तंत्र ?

-ललित गर्ग-

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में मची भगदड़ में हुई दर्दनाक मौतों ने एक बार फिर हमारे प्रशासनिक ढांचे, सरकारों की संवेदनशीलता और तंत्र की जवाबदेही पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। हर बार ऐसी त्रासदी होती है, कुछ जानें जाती हैं, कुछ परिवार उजड़ते हैं, कुछ आंसू बहते हैं- फिर वही रटंत बयान, जांच के आदेश दे दिए गए हैं, दोषियों पर कार्रवाई होगी, पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा और फिर सब कुछ धूल में मिल जाता है। सवाल यह है कि आखिर हम कब तक इस लापरवाही, इस प्रशासनिक नींद, इस जानलेवा कोताही और इस संवेदनहीन व्यवस्था का शिकार बने रहेंगे? किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। ऐसी त्रासद, विडम्बनापूर्ण एवं दुखद घटनाओं के लिये मन्दिर प्रशासन और सरकारी प्रशासन जिम्मेदार है, एक बार फिर भीड़ प्रबंधन की नाकामी श्रद्धालुओं के लिये मौत का मातम बनी, चीख, पुकार और दर्द का मंजर बना। इस घटना के बाद जिस तरह से बयान दिए जा रहे हैं, वह पीड़ितों के जले पर नमक छिड़कने जैसा है।

धार्मिक स्थल आस्था के केंद्र होते हैं, ऊर्जा के केन्द्र होते हैं, जहां लोग शांति और श्रद्धा पाने आते हैं, लेकिन यह कैसी विडंबना है कि इन पवित्र स्थलों पर भी लोगों को असमय मृत्यु का सामना करना पड़ता है। श्रीकाकुलम में जो कुछ हुआ, वह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक प्रणालीगत विफलता है। भीड़ प्रबंधन के नाम पर प्रशासन हर बार हाथ खड़े कर देता है। न पर्याप्त बैरिकेडिंग, न एंट्री-एग्जिट का संतुलन, न भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिसबल या वॉलंटियर, न मेडिकल सहायता का इंतजाम। मन्दिरों, त्योहारों और विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बावजूद तैयारी का नामोनिशान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी का यह मंदिर कुछ महीने पहले ही खोला गया था और राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि जिले के अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी नहीं थी। हालांकि इससे यह जवाबदेही खत्म नहीं हो जाती कि एक धार्मिक स्थल पर क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग जुटते चले गए और फिर भी स्थानीय पुलिस-प्रशासन को भनक कैसे नहीं लगी। सरकार और मंदिर प्रबंधन की बातों से लग रहा है कि दोनों पक्ष घटना से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मंदिर का निर्माण ओडिशा के जिस शख्स हरि मुकुंद पांडा ने कराया है, उनका कहना है कि सीढ़ियों की रेलिंग टूटने से हादसा हुआ। लेकिन, यही वजह तो काफी नहीं। भगदड़ मचने के बाद श्रद्धालुओं को बाहर जाने का रास्ता नहीं मिल पाया, वह व्यवस्थापकों की लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में आने-जाने का एक ही रास्ता था और जब भीड़ अनुमान से अधिक बढ़ती चली गई, तब भी पुलिस-प्रशासन को सूचित नहीं किया गया। इस पर पांडा का कहना कि इस घटना के लिए कोई जिम्मेदार नहीं, यह एक्ट ऑफ गॉड है- इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में इस तरह की सोच बेहद शर्मनाक है। यह उन लोगों की पीड़ा का मजाक उड़ाने जैसा है, जिन्होंने अपनों को खोया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहां भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। श्रीकाकुलम के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं।

यह कोई पहली घटना नहीं है। अतीत में प्रयागराज कुंभ, अयोध्या, हरिद्वार में प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर, सबरीमला, वैष्णो देवी, पुलकेश्वरम, देवरी मंदिर जैसे अनेक स्थलों पर भी ऐसी भगदड़ें हो चुकी हैं। चिंता की बात यह है कि पिछले हादसों से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है। केवल आंध्र में ही इस साल यह तीसरी बड़ी दुर्घटना है। जनवरी में तिरुपति और अप्रैल में विशाखापत्तनम के सिम्हाचलम में भगदड़ से कई मौतें हुई थीं। पूरे देश में इस साल अभी तक भगदड़ की विभिन्न घटनाओं में 114 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हर बार सरकारें सीख लेने की बात करती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि सीखने की क्षमता हमारे तंत्र से जैसे गायब हो चुकी है। धार्मिक आयोजनों की भीड़ का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होता। आज तकनीक का युग है सीसीटीवी, ड्रोन, डिजिटल टिकटिंग, भीड़-सेंसरिंग सिस्टम जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। परंतु इनका उपयोग नहीं किया जाता क्योंकि धर्म और आस्था के नाम पर प्रबंधन को हमेशा भाग्य पर छोड़ दिया जाता है। जब तक कोई हादसा न हो, तब तक कोई अधिकारी मंदिर परिसर में झांकने तक नहीं आता। और जब हादसा हो जाता है, तब प्रेस कॉन्फ्रेंस और मुआवजा की राजनीति शुरू हो जाती है। यह भी एक सामाजिक प्रश्न है कि क्या हमारी आस्था इतनी अंधी हो चुकी है कि हम सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर देते हैं? क्या धार्मिक आयोजनों में अनुशासन और व्यवस्था का पालन करना हमारी श्रद्धा को कम कर देगा? श्रद्धा के नाम पर अराजकता, प्रशासनिक ढिलाई और अव्यवस्था का यह घातक संगम अब रुकना चाहिए। सरकारों को चाहिए कि वे भीड़ प्रबंधन को एक राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाएं। हर बड़े धार्मिक स्थल पर स्थायी भीड़ नियंत्रण तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें प्रवेश और निकास मार्ग स्पष्ट हों, आपातकालीन निकास गेट हों, प्रशिक्षित स्वयंसेवक हों, मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था हो। स्थानीय प्रशासन को नियमित तौर पर सुरक्षा मॉक ड्रिल करनी चाहिए।

आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। आज जरूरत है केवल मुआवजे और जांच की नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने की। कौन अधिकारी लापरवाह था, किस विभाग ने सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की, और क्यों भीड़ को अनियंत्रित छोड़ा गया- इन प्रश्नों का उत्तर दिए बिना जांच बेईमानी है। श्रीकाकुलम की यह त्रासदी एक और चेतावनी है। अगर अब भी सरकारें नहीं जागीं, तो आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी, क्योंकि धार्मिक आस्था बढ़ रही है, पर प्रबंधन की मानसिकता वही पुरानी बनी हुई है। भीड़ केवल संख्या नहीं होती, वह जीवन है, वह परिवार है, वह उम्मीद है और जब वह कुचल जाती है, तो यह केवल एक हादसा नहीं, शासन की असफलता एवं सरकारी कोताही की द्योतक है। तमिलनाडु के करूर में तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय की रैली में हुआ हादसा हो या फिर श्रीकाकुलम की घटना - कुछ गलतियां बार-बार दोहराई जा रही हैं। हादसों के बाद सबक लेने के बजाय जिम्मेदार लोग और संस्थाएं बचने का रास्ता तलाशने लगते हैं। सरकारों को समझना होगा कि भीड़ प्रबंधन भारत जैसे देश की जरूरत है।

# विशेष

## प्रधानमंत्री का कट्टा प्रेम और बिहार का दुखड़ा

-डॉ. योगेन्द्र-

कल भागलपुर में पुराने साथियों की बैठक हुई। संदर्भ बिहार का चुनाव था। पुराने साथियों का जिक्र इसलिए किया, क्योंकि किसी का संबंध जेपी आंदोलन से था, किसी का झुग्गी झोपड़ी आंदोलन से तो किसी का गंगा मुक्ति आंदोलन से। किसी ने दियारे में जमीन का आंदोलन चलाया था तो कोई सामाजिक न्याय आंदोलन से जुड़ा था।

इनके पास आंदोलन और जीवन का अनुभव है। बारी बारी से साथियों ने भागलपुर जिले के सातों विधानसभा की चर्चा शुरू हुई। कौन कहां से जीतेगा? पहली चर्चा यह हुई कि कहलगांव और सुल्तानगंज विधानसभा में अगर महागठबंधन चुनाव हारता है तो इसका कारण पटना और दिल्ली के बड़े नेता होंगे। दोनों जगह कांग्रेस भी लड़ रही है और राजद भी। बिहपुर, गोपालपुर, नाथनगर और पीरपैंती में महागठबंधन ठीक ठाक है। चारों जगह जीतने की उम्मीद है। भागलपुर में बीजेपी मजबूत है। रोहित पांडे चुनाव जीत सकते हैं। अजीत शर्मा के बारे में साथियों का ख्याल यह था कि वे किसी से मिलते नहीं, न कोई काम करते हैं। पैसा बहुत है और उनके लिए विधायक का पद शोभा की वस्तु है। मजा यह था कि इन साथियों का संबंध वैचारिक रूप से गांधी, लोहिया और जयप्रकाश से संबंध है। ये लोग अब डा अम्बेडकर को भी पसंद करते हैं। इन महापुरुषों की मूल धारा जाति के खिलाफ वाली है, लेकिन विधानसभा के चुनाव - विश्लेषण में जाति हावी रही। जाति और संप्रदाय के आधार पर ही जीत - हार का ठीकरा फोड़ा गया। महागठबंधन की ओर मुस्लिम, यादव, निषाद, तांती, एक हद तक कुशवाहा आदि जातियां हैं तो एनडीए की तरफ सवर्ण, कुर्मी, कुशवाहा, अंत्यंत पिछड़ी जातियां आदि हैं। दलित जातियों और अंत्यंत पिछड़ी जातियों में बिखराव है। साथियों का यह भी अंदाजा है कि बीजेपी की सीट घटेगी, जदयू की बढ़ेगी और सरकार महागठबंधन की बनेगी। मोटा - मोटी यह विश्लेषण है, इसका यह मतलब यह नहीं है कि पूरी की पूरी जातियां किसी एक पार्टी को ही वोट देंगी। उम्मीदवार की जाति के आधार पर भी खेल होगा।

इधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान भी कम चौंकाने वाले नहीं हैं। बिहार में आते ही उन्हें कट्टा याद आया। गुजरात में इंड्रस्टी की याद आती है। उनकी भाषा पूरी तरह सड़क छाप है - आरजेडी ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख कर मुख्यमंत्री पद हड़प लिया। उन्हें प्रधानमंत्री के पद का जरा भी ख्याल नहीं रहता। राजद बिहार में कांग्रेस से ज्यादा सीट लाता है, कांग्रेस को कम सीट मिलती है तो स्वाभाविक तौर से मुख्यमंत्री राजद का ही होगा। वे तो अपनी पार्टी के बारे में सोचें कि ज्यादा सीट रहते हुए भी उन्हें नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाना पड़ा। कट्टा तो उनकी पार्टी की गर्दन पर है। प्रधानमंत्री जी, अभी भी मौका है नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री घोषित कर दीजिए। अगर यह घोषणा नहीं हुई तो आपकी हार का एक बड़ा कारण यह भी होगा। बीस सालों से जदयू - बीजेपी का शासन है, तब भी प्रधानमंत्री कट्टा - कट्टा चिल्ला रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह का तो बथान ही अलग रहता है। उनका कहना है कि तेजस्वी सीएम बने तो अपहरण व रंगदारी के विभाग खुलेंगे। अभी भी बिहार में क्या हो रहा है? चुनाव के पिछले कुछ दिनों में हत्या की जघन्य घटनाएं हुई हैं। देश में जो नीति आप चला रहे हैं, उसमें बेरोजगारी बढ़ रही है। युवकों के पास दो ही रास्ते हैं। पहला आत्महत्या क्यों और दूसरा कट्टा उठाओ। अपने नालायक बेटे को तो सेट कर दिया, बिहार के इंजीनियर, पीएच- डी होल्डर, स्नातक - मास्टर डिग्री प्राप्त युवक क्या करें? उनका पेट क्या केवल झुनझुना बजाने से या घुसपैठिए बुलाने से या हिन्दू मुस्लिम करने से भरेगा?

# गन्ना किसानों के समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों के चेहरे खिल उठे

-कांतिलाल मांडोत-

उत्तरप्रदेश सरकार ने किसानों के हित मे लिए जा रहे फैसले से किसानों के चेहरे खिल उठे है। किसान अन्नदाता है। किसानों की अनदेखी कर राज्य या देश कभी भी तरक्की नही कर सकता है। किसानों की मांगों को लेकर लिए जा रहे फैसले से किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है, वही किसान गन्ना अच्छी कीमत पर विक्रय कर रहे है। उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने किसानों को एक बड़ा तोहफा देते हुए गन्ने के मूल्य में 30 रुपये क्विंटन की वृद्धि की गई है। गन्ने की खेती की अवधि लम्बी होती है। बारह महीने के बाद गन्ना तैयार होता है। इस लम्बे समय के बाद भी जब किसानों को आय नही होती है तो किसान मायूस हो जाते है। इसलिए सरकार किसानों के हित मे फैसले लेने के लिए और किसानों की हर समय के लिए कटिबद्ध है। अग्रेति प्रजाति के गन्ने में 390 औड्ट 400 रुपये प्रति क्विंटल से तय किया गया है। किसानों की मेहनत रंग लाने लगी है। सरकार की मूल्यवृद्धि में गन्ना किसानों को तीन हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ होने की आशा है। योगी ने कहा कि किसानों को अपमानित करके कोई भी राज्य सफल नही हो सकता है। किसानों की आय में बढ़ोतरी होने की पूर्ण सम्भावना है। योगी सरकार के कार्यकाल में गन्ना किसानों के गन्ने के दामो में रु 85 की वृद्धि की गई है। योगी सरकार के इस फैसले से मेरठ के दो लाख किसानों की झोली में 200 करोड़ रुपये अधिक आएंगे। जबकि मेरठ मंडल में चार लाख किसानों को लाभ मिलेगा। रालोद का कहना है कि किसानों को सरकार ने गन्ना किसानों को खुश करने के लिए 30 रुपये प्रति क्विंटल दाम बढ़ा दिए हैं। माना जा रहा है पंचायत और विधानसभा चुनावों को साधने लिए यह निर्णय लिया गया है। योगी सरकार के इस फैसले से मेरठ के दो लाख किसानों की झोली में 200 करोड़ रुपये अधिक आएंगे। जबकि मेरठ मंडल में चार लाख किसानों को लाभ मिलेगा।

सरकार ने किसानों को अगेती प्रजाति के गन्ने का मूल्य 370 से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। जबकि सामान्य गन्ने की प्रजाति के गन्ने का मूल्य 360 रुपये से बढ़ाकर 390 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। हालांकि मेरठ के किसान संगठन गन्ना मूल्य को 450 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि 400 रुपये क्विंटल में गन्ने की लागत ही मिल रही है। अभी भी उनको घाटा सहना पड़ेगा। अब यूपी में 2027 में विधान सभा चुनाव होने हैं। जबकि साल-2026 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सरकार ने चुनावों को देखते हुए गन्ने के दामों में वृद्धि की है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में 35 लाख से अधिक किसान गन्ने की खेती करते हैं। 30 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर गन्ने की खेती कर रहे हैं। मेरठ में 1.55 लाख हेक्टेयर जमीन पर दो लाख किसान गन्ने की फसल पैदा कर रहे है। जिले के किसान 6.5 करोड़ कुंतल गन्ना मेरठ की चीनी मिल को देते हैं। जबकि उसके एवज में 2200 करोड़ रुपये का किसानों को भुगतान किया जाता रहा है। मगर अब यह राशि 2200 करोड़ रुपये से बढ़कर 2400 करोड़ हो जाएगी। जबकि मंडल में 15 करोड़ क्विंटल गन्ना चीनी मिल में दिया जाता है और उसके एवज में 5200 करोड़ का भुगतान किया जाता रहा है।

किसान कल्याण रैली में प्रधान मंत्री मोदी को सुनने के लिए आए थे वे अधिकांश किसान ह्यगन्ना किसानह्ण थे। किसान अपनी फसल के लिए बेहतर कीमतों की मांग प्रधान मंत्री से कर रहे थे। प्रधान मंत्री मोदी ने किसानों को आश्वासन दिया कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं और गन्ने की बेहतर कीमत दी जाएंगी।

बसपा और सपा ने अपने शासनकाल में प्रदेश की 29 चीनी मिलों को बंद कर दिया। 11 चीनी मिलों को कौड़ियों के भाव बेचा था। जबकि मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने 11 चीनी मिलें चलवाईं। 2016 में सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान वाल्टरगंज स्थित फेनिल ग्रुप की शुगर मिल घाटे में होने की वजह से बंद हो गई थी। जिससे किसान और मिल कर्मी खाने को मोहताज होने लगे। क्योकि किसानों और मिल कर्मचारियों का 83 करोड़ बकाया थे। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों में राज्य को बीमारू बना दिया था। समाजवादी पार्टी में 108-10 मिले चलती थी। योगी सरकार के कार्यकाल की अवधि में 122 मिलो का संचालन विधिवत तरिके से हो रहा है। चीनी मिलों के आधुनिकीकरण के साथ ही अब सुगर काम्प्लेक्स का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में किसानों को समर्थन मूल्य नही मिलता था। किसान की आय सीमित थी। चीनी मिल दिवालिया होने की कगार पर थी और अखिलेश यादव ने खूब कर्ज लिया था। प्रदेश में अधिकतर चीनी मिलें बंद पड़ी हुई हैं। रोलाद राष्ट्रीय नेतृत्व किसानों की समस्याओं और चीनी मिल चलाने के लिए मांग करेगा। सबसे ज्यादा निजी चीनी मिल रेट के साथ-साथ घटतौली में किसानों का शोषण कर रही हैं। अब किसान और मजदूर समझ चुका है कि सरकार किसान और मजदूरों की हितैषी है।

बसपा और सपा ने अपने शासनकाल में प्रदेश की 29 चीनी मिलों को बंद कर दिया। 11 चीनी मिलों को कौड़ियों के भाव बेचा। जबकि मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने 11 चीनी मिलें चलवाईं। 2016 में सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान वाल्टरगंज स्थित फेनिल ग्रुप की शुगर मिल घाटे में होने की वजह से बंद हो गई थी, जिससे किसान और मिल कर्मी खाने को मोहताज होने लगे थे, क्योकि किसानों और मिल कर्मचारियों का 83 करोड़ बकाया थे। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों में राज्य को बीमारू बना दिया था। समाजवादी पार्टी में 108-10 मिले चलती थी। योगी सरकार के कार्यकाल की अवधि में 122 मिलो का संचालन विधिवत तरिके से हो रहा है। चीनी मिलों के आधुनिकीकरण के साथ ही अब सुगर काम्प्लेक्स का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में किसानों को समर्थन मूल्य नही मिलता था। किसान की आय सीमित थी। चीनी मिल दिवालिया होने की कगार पर थी और अखिलेश यादव ने खूब कर्ज लिया था। प्रदेश में अधिकतर चीनी मिलें बंद पड़ी हुई हैं। रोलाद राष्ट्रीय नेतृत्व किसानों की समस्याओं और चीनी मिल चलाने के लिए मांग करेगा। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा निजी चीनी मिल रेट के साथ-साथ घटतौली में किसानों का शोषण कर रही हैं। अब किसान और मजदूर समझ चुका है कि ही किसान और मजदूरों की सरकार हितैषी है। सपा किसानों विरोधी पार्टी थी। यह निर्णय गन्ना किसानों के लिए संजीवनी साबित होगी। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और किसान खुशहाल रहेगा। मुख्यमंत्री का यह निर्णय किसानों के प्रति सरकार के बेहतर सोच को दशार्ता है। किसानों में खुशी की लहर है। जबकि किसान संगठन निराशाजनक भी बता रहे है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 11/4/2025 7:54 PM Page 1



# रन फॉर यूनिटी के माध्यम से दिया देशवासियों को एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर :** हिंदू इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्रों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह के अंतर्गत मंगलवार को नगर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने देशवासियों को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश दिया।

इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री जैसे पदों को सुशोभित कर चुके हैं। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश को एकता के सूत्र में पिरोहने हेतु उन्होंने तत्कालीन भारतीय रियासतों को भारत का अंग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

इस राष्ट्रीय एकता दौड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी पंकज कुमार, पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, वेदपाल गंगवार, अनिल कुमार एवं मदनपाल सिंह आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# गुरु नानक जयंती के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा तथा प्रभात फेरी का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** द हेज़लमून स्कूल में गुरु नानक जयंती का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रातःकाल विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

सीनियर विंग की प्रार्थना सभा का आयोजन एमेरल्ड हाउस के विद्यार्थियों -निविका, हया, सात्विक गोयल, सिमर कौर, नैना लांबा तथा गुलरुख द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा श्रद्धा भाव से मंत्र जाप किया।

इस पावन अवसर पर विद्यालय की बाल वाटिका में प्रभात फेरी का आयोजन भी किया गया। छोटे




बच्चों ने पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लेते हुए अत्यंत उत्साह के साथ प्रभात फेरी सम्पन्न की। विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर आधारित नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया। इसके पश्चात प्रस्तुत किए गए शबद कीर्तन ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर को भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित कर दिया।

विद्यालय की निदेशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने गुरु नानक देव जी की जयंती पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने हमें सच्चाई, समानता और सेवा का मार्ग दिखाया है। हमें उनके बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने संदेश में कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ हमें एकता, करुणा और मानवता का महत्व सिखाती हैं। विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

यह आयोजन वास्तव में आध्यात्मिक एकता, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक रहा।

# जनपद बिजनौर में गंगा मेले का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को लगने वाले गंगा स्नान मेले का बिजनौर के विदुर कुटी गंगा पर हुआ उद्घाटन

जनपद में विदुर कुटी गंगा पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने पूरे विधि विधान के साथ लगने वाले गंगा मेले का उद्घाटन किया यह मेला सनातन धर्म की भावनाओं को प्रेरित करता है इस मेले में आज भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री सत्येंद्र सिसोदिया जी ने विदुर कुटी गंगा मेले में पहुंचकर सबसे पहले फीता काटकर इस मेले का शुभारंभ किया और तब



पक्ष गंगा मैया की धारा में दूध प्रभावित कर नारियल को तोड़कर गंगा मैया को समर्पित किया उसके बाद गंगा मैया की आरती हुई यह मेला नवंबर माह की आने वाली 5 तारीख को लगना है इस मेले में 5 दिन पहले से अपने ट्रैक्टर ट्राली और अन्य साधनों से लोग अपने घरों से गंगा स्नान करने के लिए गंगा घाट पर निकल जाते हैं और गंगा घाट पर तंबू लगाकर उसमें रहते हैं और स्नान करने के बाद उड़द की दाल और चावल की खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करते हैं यह मेला हिंदू धर्म की आस्था को भी दर्शाता है इस मेले में क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान जिला पंचायत अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप सिंह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी और बिजनौर की जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर उपस्थिति रही

# गंगा स्नान मेले में 24 घंटे रहेगी चिकित्सक की ड्यूटी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** गंगा स्नान मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। मेला स्थल पर स्वास्थ्य विभाग ने स्टॉल लगा दिया है। वहीं, चिकित्सक की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। ताकि, जरूरत पड़ने पर लोगों का उपचार हो सके।

गंगा स्नान मेले में एक नवंबर से ही श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया था। मेला स्थल पर लोग अपने टेंट लगाकर मेले का लुत्फ उठा रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मेले में एंटी स्नेक वेनम, एआरवी सहित अन्य सभी जरूरी दवाई उपलब्ध हैं। इसके अलावा दो बेड की व्यवस्था की गई है। जिससे मरीजों का जरूरत होने पर तुरंत इलाज हो सके। इसके अलावा मरीजों को दवाई देने के लिए शिफ्ट के हिसाब से डॉक्टरों की ड्यूटी लगेगी। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर चिकित्सक 24 घंटे रहेंगे। इसके अलावा फार्मासिस्ट, स्टॉफ नर्स, वार्ड बॉय की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही गंगा स्नान मेले में एंबुलेंस भी तैनाती रहेगी।

गंगा स्नान मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। चिकित्सक 24 घंटे ड्यूटी करेंगे। जरूरी दवाई की व्यवस्था भी है। श्रद्धालुओं को जरूरत पड़ने पर तुरंत इलाज मिलेगा। ....डॉ. कौशलेंद्र सिंह, सीएमओ, बिजनौर

# आग से नकदी समेत कीमती सामान जलकर नष्ट

**उत्तम भारत संवाददाता**

**हसनपुर।** अचानक टीन शेड के घर में लगी आग से दहेज समेत अन्य सभी घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। मौके पर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आदमपुर क्षेत्र के गांव दढियाल निवासी किरनपाल और पुष्पेंद्र पुत्र फूल सिंह हरिद्वार में मजदूरी करते हैं। चार दिन पूर्व दोनों भाई काम पर गए थे। मां ज्ञानवती घर पर अकेली थी। बताया जा रहा है कि सोमवार रात करीब 10 बजे ज्ञानवती पड़ोस में आयोजित एक मांगलिक कार्य में चली गई। इस दौरान टीन शेड के घर में आग लग गई। इसी बीच लोगों ने घर से धुआं उठता देखा तो शोर मचा दिया। ज्ञानवती समेत गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो बाइक, बेड, कुर्सी, रजाई, गद्दा व खाने पीने का समान जलकर नष्ट हो चुका था। किरनपाल का कहना है कि अलमारी में रखे 50 हजार रुपये भी जल गए हैं। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि एक वर्ष पूर्व किरनपाल की शादी हुई थी। दहेज में मिला सामान भी आग की भेंट चढ़ गया है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है। थानाध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।

# लाइसेंस शुल्क न देने पर तीन दुकानें सील

*** नगर निगम ने करेत्तर वसूली का अभियान भी किया तेज**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज लाइसेंस/व्यवसाय शुल्क जमा न करने पर शहर में बीयर/शराब की तीन दुकानों को सील कर दिया। शराब की दुकान के सभी संचालकों को जुलाई माह में ही नोटिस दे दिए गए थे।

नगर निगम ने कर के साथ-साथ करेत्तर मद का बकाया वसूली अभियान तेज कर दिया है। उप्र नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 541 (41) के प्रावधानों के तहत सभी दुकानदारों से वाणिज्य/व्यवसाय शुल्क जमा कराने का प्रावधान है। जिसके क्रम में उप्र राज्य सरकार के गजट में उल्लिखित मद




शराब/बीयर आदि की दुकानों का शुल्क जमा कराये जाने के लिए जिला आबकारी अधिकारी से प्राप्त 76 दुकानों के संचालकों को जुलाई माह में नोटिस भेजे गए थे। जिनमें से 20 दुकानदारों द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराकर रसीद/लाइसेंस शुल्क प्राप्त कर लिया गया था। लेकिन अन्य दुकानदारों द्वारा निर्धारित शुल्क राशि जमा नहीं की गयी। परिणामतः नगर निगम की राजस्व टीम द्वारा निगम नियमानुसार आज सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे के नेतृत्व में छह दुकानों को सील करने की कार्रवाई शुरु की गयी। जिस पर तीन दुकानदारों द्वारा मौके पर ही शुल्क जमा करा दिया गया। शेष तीन, अंबाला रोड पर दो व शुगर मिल रोड की एक दुकान को सील कर दिया गया।

# अंबिकापुर के फर्नीचर गोदाम में भीषण आग, घंटों बाद आग पर काबू पाया गया

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एमजी रोड स्थित एक फर्नीचर गोदाम में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

फर्नीचर निर्माण कंपनी के मालिक मुकेश और राजेश अग्रवाल के अनुसार, 'सुबह आठ बजे काम पर आए मजदूरों को गोदाम में आग लगने का पता चला और उन्होंने अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है और इस आगजनी से हमें तीन-चार लाख रुपयों का नुकसान हुआ।' कंपनी के गोदाम में प्लाई से फर्नीचर बनाने का काम होता था। सुबह जब मजदूरों ने गोदाम का ताला खोला, तो अंदर से धुआं और लपटें उठती देख उन्होंने तत्काल सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है।

आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल जाने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# तिगरी गंगा मेला : गंगाघाटों के किनारे उमड़ा आस्था का सैलाब

**उत्तम भारत संवाददाता**

**तिगरी धाम।** तिगरी गंगा मेला में मंगलवार को गंगाघाट पर आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया और हर-हर गंगे व गंगे मैया की जय के जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। सुबह चार बजे से ही स्नान के लिए श्रद्धालु गंगा घाटों की ओर बढने लगे। घाट नंबर एक से लेकर 21 तक हर स्थान पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला प्रशासन के अनुसार लगभग 20 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। हर तरफ धार्मिक माहौल और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गंगा की रेती पर बने अस्थाई पंडालों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और कथा



प्रवचन का दौर चलता रहा। घाटों पर पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालु गंगा आरती में शामिल हुए। रेतीले मैदानों में जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए, जहां श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर पुण्य प्राप्त कर रहे थे। दुकानों और स्टालों पर भीड़ लगी रही, जबकि महिलाएं परिवार सहित गंगा जल से पूजा-पाठ कर परिवार के कल्याण की कामना करती दिखीं। मेला क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी लगातार भ्रमण करते रहे। रिवर पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार घाटों पर मुस्तैद रही। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है।

हर दिशा में गूंजते हर हर गंगे के जयकारों और घंटों की मधुर ध्वनि ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमयी बना दिया।

# चार समस्याओं का नगरायुक्त ने कराया तत्काल निस्तारण

*** जनसुनवाई में पहुंची कुल नौ समस्याएं**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम में जनसुनवाई करते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज सफाई सम्बंधी तीन व झाड़ियों की कटाई-छंटाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल निस्तारण करा दिया। बाकि समस्याओं के लिए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान वार्ड 34 डेरा इलाहीपुरा के बिलाल ने नालियों की साफ-सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नालियों में गोबर बहाये जाने से नालियों में पानी ठहर गया है जिसके कारण काफी गंदगी हो रही है। इस पर नगरायुक्त ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर इलाहीपुरा की उक्त नालियों की सफाई कराते हुए समस्या का समाधान करा दिया।

वार्ड 7 रांघड़ों का पुल निवासी अहमद खां ने बंद पड़ी नालियों की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 32 मौहल्ला




अंसारियान निवासी लियाकत जैदी ने मौहल्ले की गलियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर सम्बंधित क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 13 नानकपुरम के प्रवीन कुमार ने कॉलोनी में पार्क की बाउण्ड्री के पास उगी झाड़ियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर उद्यान विभाग के कर्मचारियों को भेजकर समस्या का समाधान करा दिया गया। उक्त समस्याओं के अतिरिक्त वार्ड 4 महादेव नगर निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने कॉलोनी के पार्क में अवैध निर्माण रोकने के लिए, इसी वार्ड के आईटीसी रोड निवासी विजय कुमार ने कॉलोनी में पानी की बंद पड़ी पाइप लाईन को खुलवाने, वार्ड 23 भगतसिंह चौक निवासी रामकुमार ने भगतसिंह चौक से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव व बिकास धर दुबे, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा तथा अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# कोयंबटूर सामूहिक बलात्कार के तीनों आरोपी गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कोयंबटूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास रविवार रात एक निजी कॉलेज की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार तड़के गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने जब इन तीनों को एक ठिकाने पर पाकर आत्मसमर्पण करने को कहा तो उन्होंने पुलिस पर हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें तीनों के पैरों में गोलियां लगी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने पहले युवती के प्रेमी पर हमला किया था और बाद में युवती को कोयंबटूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक सुनसान जगह पर अगवा कर लिया था।

पुलिस को देखते ही तीनों आरोपियों, सतीश, गुना और कार्तिक ने पुलिस पर हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में उन पर गोलियां चलाई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ कई थानों में हत्या, हत्या के प्रयास और रास्ते में लूटपाट के कई मामले दर्ज हैं। इनमें से सतीश और गुना हाल ही में हत्या के एक मामले में जमानत पर बाहर आए थे। घटना के समय तीनों शराब के नशे में थे।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस घटना को अमानवीय बताया और उन्होंने पुलिस को एक महीने के भीतर चार्जशीट दाखिल करने और उन्हें अधिकतम सजा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

इस बीच, कोयंबटूर शहर के पुलिस आयुक्त श्रवण कुमार ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि जांच और 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के विश्लेषण के आधार पर एक विशेष टीम ने उनके ठिकाने का पता लगाया और शहर के थुडियालुर के पास वेल्लाकिनारू इलाके से उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

घटना के समय लड़की और उसका दोस्त एक कार में बात कर रहे थे तभी गिरोह ने उन्हें कार से बाहर निकलने को कहा। जब उन्होंने मना किया तो उन्होंने दरांती से कार के शीशे तोड़ दिये। उसके दोस्त को बाहर खींचकर दरांती से उस पर हमला किया और लड़की को सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया।

मदुरै की रहने वाली पीड़िता एक निजी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई कर रही थी और एक छात्रावास में रह रही थी। उसके दोस्त की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को एक सुनसान जगह से बरामद किया। काफी चोटों को देखते हुये उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और उसकी सहयोगी भाजपा ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करने के लिए द्रमुक सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं।

कोयंबटूर दक्षिण से विधायक और भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुश्री वनथी श्रीनिवासन के नेतृत्व में भाजपा ने सोमवार शाम इस घटना की निंदा करते हुए एक विरोध प्रदर्शन किया और महिलाओं को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान न करने के लिए सरकार की निंदा करते हुए नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, जबकि अन्नाद्रमुक ने मंगलवार को टेक्सटाइल सिटी में प्रदर्शन किया और महिलाओं को असामाजिक तत्वों से बचाने के लिए मिर्च स्प्रे वितरित किए।

# एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना।** पुलिस ने पेड़ चोरी करने के मामले के एक वांछित अभियुक्त को एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। चिलकाना थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि 25 सितंबर 2025 क़ो वादी उप निरीक्षक देवेंद्र अधाना ने थाना चिलकाना में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों द्वारा क्षेत्र के खेतो में लगे पोपलर के पेड़ चोरी कर ले जाने की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । जिसे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा इस घटना को संज्ञान में लेते हुए चिलकाना पुलिस को पेड़ चोरी करने वाले अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी किए



जाने के आदेश दिया गया था। आदेश का पालन करते हुए थाना प्रभारी विनेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में चिलकाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह ग्राम पटनी से पांजबांगर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान पेड़ चोरी करने के इस मामले के फरार चल रहे अभियुक्त रोहित पुत्र भोपाल सिंह निवासी ग्राम रतनपुर कल्याणपुर थाना बेहट जिला सहारनपुर को एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर उसे पेड़ चोरी करने व अवैध धारदार हथियार रखने के आरोप में न्यायालय में पेश कर दिया है ।

# ईंट भट्टों पर पथाई का कार्य धड़ल्ले से जारी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्र में विभागों की नाक के नीचे नियमों को ठेंगा दिखाते हुए ईंट भट्टों पर पथाई का कार्य धड़ल्ले से जारी है। जबकि कई भट्टों की रॉयल्टी अब तक जमा नहीं की गई है और प्रदूषण विभाग से एनओसी भी जारी नहीं हुई है। इसके बावजूद खुलेआम ईंटों की पथाई की जा रही है, जिससे साफ जाहिर होता है कि अधिकारियों की मिली भगत से यह गोरखधंधा चल रहा है। सूत्रों के अनुसार नगीना रोड पर स्थित स्टार ब्रिक्स वर्क्स एंव एमबी ब्रिक्स वर्क्स पर निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रदूषण विभाग से इन भट्टों को एनओसी जारी नहीं किया गया है। नियमानुसार जब तक प्रदूषण विभाग अनुमति नहीं दे देता है तब तक किसी भी ईंट भट्टे पर पथाई नहीं की जा सकती है, भट्टे पर किसी भी प्रकार का संचालन पूर्णतः अवैध माना जाता है। लोगों का कहना है कि कुछ भट्टा स्वामी चोरी-छिपे रात के समय पथाई करवाते हैं, और जब अधिकारियों को भनक लगती है तो वह तत्काल काम बंद कर देते हैं। मौके पर पहुंचने वाले अधिकारी औपचारिक चेतावनी देकर लौट आते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है।



सवाल यह उठता है कि बिना रॉयल्टी जमा किए और बिना एनओसी के भट्टे आखिर चल कैसे रहे हैं? क्या विभाग की मिलीभगत के बिना यह संभव है? इस संबंध में एसडीएम नजीबाबाद ने बताया कि तहसीलदार नजीबाबाद को जांच के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। लेकिन क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह अवैध पथाई पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाएगी और सरकारी राजस्व की भी बड़ी हानि होगी। भट्टा स्वामियों ने बताया कि अभी कार्य बंद है और प्रदूषण विभाग प्रमाण ले ने विभाग को जरूरी दस्तावेज जमा किये गये हैं। स्टार ब्रिक्स वर्क्स और एम बी वर्क्स स्वामियों का कहना है कि अभी प्रदूषण विभाग से प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है

# मंगल कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर सुल्तानपुर में विश्व शांति मिशन के अंतर्गत जैन धर्मशाला में कार्तिक मास के शुभ अवसर पर श्री राम कथा का मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ

कलश यात्रा कथा प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के सभी मंदिरों, क्षेत्रपाल देवता पर होते हुए पुनः कथा स्थल पर संपन्न हुई कथा में महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर भगवान श्री रामचंद्र जी का गुणगान करते हुए चल रही थी

मंगल कलश यात्रा के उपरांत कथा व्यास पंडित विपिन आनंद जी महाराज ने बताया कि व्यक्ति पर जब भगवान श्री रामचंद्र जी की कृपा होती है तब ही वह धार्मिक कार्यों का अनुष्ठान करता है और धार्मिक कार्यों में प्रतिभाग करता है उन्होंने प्रभु श्री रामचंद्र जी के जीवन वृतांत के बारे में बताया और कथा का शुभारंभ किया।

पूजन का कार्य पंडित अरविंद शर्मा के द्वारा मुख्य यजमान सुषमा सैनी, शेर सिंह सैनी के द्वारा कराया गया कथा में नकुड विधायक मुकेश चौधरी पहुंचे जिन्होंने कथा व्यास पंडित विपिन आनंद महाराज से आशीर्वाद ग्रहण कर श्री राम कथा का रसपान किया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा,सुधीर कुमार जैन,आशु सैनी, निशांक जैन,गौरव गुप्ता,नीलकमल गुप्ता, शुभम सैनी ,प्रिंस सैनी, अनिरुद्ध शर्मा,सोनू प्रजापत, डॉ प्रदीप सैनी, अंजना जैन,राकेश बाला, सुशीला सैनी, पिकज सैनी, शिखा गुप्ता,सुरेशो प्रजापत, सरोज शर्मा, कमलेश सैनी, मिनाक्षी सैनी,आदि मौजूद रहे।

# कर्नाटक कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री मेती का 79 साल की उम्र में निधन, सीएम सिद्धारमैया ने जताया दुख

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बागलकोट से कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री एच.वाई. मेती का मंगलवार को बेंगलुरु के एक प्राइवेट अस्पताल में निधन हो गया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है।

एच.वाई. मेती को हाल ही में गंभीर बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कई अंगों के फेल होने से उनकी मौत हो गई। 79 साल के नेता मेती को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का करीबी माना जाता था। वे पांच बार विधायक रहे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार बुधवार को बागलकोट जिले के थिम्मापुर में होगा। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर मेती के निधन पर दुख जताया। उन्होंने लिखा, 'पूर्व मंत्री, नॉर्थ कर्नाटक क्षेत्र के सीनियर नेता और मौजूदा एमएलए एच.वाई. मेती के निधन की खबर से मुझे बहुत दुख हुआ है। पिछले गुरुवार को ही मैं उनसे मिलने हॉस्पिटल गया था।

# लोहरदगा में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, दोनों नाबालिग आरोपी सुधार गृह भेजे गए

**रांची।** झारखंड के लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग किशोरों को पकड़कर बाल सुधार गृह भेजा।

पुलिस के अनुसार, छात्रा लोहरदगा के ग्रामीण क्षेत्र की रहने वाली है। वह पढ़ाई के सिलसिले में लोहरदगा शहर में किराए के मकान में रह रही थी। इसी दौरान उसकी पहचान दो लड़कों से हुई। आरोप है कि दोनों उसे बहला-फुसलाकर 29 अक्टूबर को अपने साथ लोहरदगा के पास बगडू थाना क्षेत्र में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही, छात्रा को धमकी दी कि अगर उसने किसी को इसके बारे में बताया तो उसे जान से मार डालेंगे। इसके बाद 31 अक्टूबर को भी दोनों छात्रों ने धमकी देकर पीड़िता को अपने साथ ले गए और दुष्कर्म किया। नाबालिग जब देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो उसके परिजनों ने सदर थाने को सूचना दी।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 11/4/2025 9:01 PM Page 1




## अभियुक्त की उपचार के दौरान मृत्यु

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उप जिला मजिस्ट्रेट सदर ने बताया कि 27 सितम्बर 2025 को प्रातः 03:15 बजे अभियुक्त जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी निवासी मोहल्ला घेर मर्दान खां, थाना कोतवाली जनपद रामपुर जो जनपद गोरखपुर के थाना पिपराईच में पंजीकृत मु0अ0सं0-705/2025 धारा 103(1)/140(1)/312/109/115 (2)/125 (5)/3(5) बीएनएस व 3/5ए/8 गौवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 का वांछित अभियुक्त था जिस पर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा 16 सितम्बर 2025 को रूपये 1,00,000 का पुरस्कार घोषित किया गया था, कि थाना गंज में पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी, जिस पर थाना गंज पर मु0अ0सं0-196/2025 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 बनाम जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी निवासी मोहल्ला घेर मर्दान खां थाना कोतवाली जनपद रामपुर एवं 01 व्यक्ति अज्ञात पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना प्रचलित है।

इस प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच हेतु उप जिलाधिकारी सदर को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इस घटना से सम्बन्धित, यदि घटना का कोई चश्मदीद व्यक्ति/जनसाधारण/सभासद इत्यादि लिखित या मौखिक बयान/जानकारी 06 नवम्बर 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में उप जिलाधिकारी सदर जनपद रामपुर के कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है।

## विकास अधिकारी ने सींगनखेड़ा का किया निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र ने विकास खण्ड सैदनगर स्थित ठोस अपशिष्ट केन्द्र व वर्मी कम्पोस्ट, सींगनखेड़ा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालय में विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया, समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत नवनिर्मित मॉडल हाउस का निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्थापना, आवास, लेखा, मनरेगा, एन0आर0एल0एम0 सैल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने विकास खण्ड से संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली और मनरेगा सैल में योजनान्तर्गत कराये गये कार्य से सम्बन्धित पत्रावली का निरीक्षण किया।

## यातायात प्रबंधन की समीक्षा की गई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा जनपद के विभिन्न घाटों पर पवित्र कार्तिक स्नान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा क्षेत्राधिकारी शाहबाद के साथ थाना पटवाई क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख स्नान स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की समीक्षा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस कर्मी एवं यातायात पुलिस को तैनात किया गया है । भीड़भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे सक्रिय किए गए हैं तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है । पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे शांति, सौहार्द एवं अनुशासन बनाए रखते हुए पर्व का आनंद लें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल 112 हेल्पलाइन पर सूचना दें ।

## कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में आज दिनांक-04.11.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा महिला सुरक्षा दल स्वार के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत सरस्वती विद्या मंदिर, छप्परा द्वारा आयोजित सप्त शक्ति संगम मंच के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया ।

उक्त कार्यशाला में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090- वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

## मिलक में गुरु नानक जयंती धूमधाम से मनाई गई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलक ।** रामपुर मंगलवार 4 नवंबर 2025 को नगर में गुरु नानक जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया । सुबह 10:00 बजे से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से नगर कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों महिलाओं बुजुर्गों ने मनमोहक कला का प्रदर्शन किया। नगर कीर्तन होली चौक, नई बस्ती और स्टेशन रोड से होते हुए समय लगभग दोपहर 4:00 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में समाप्त हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष पूजा और कीर्तन का आयोजन किया गया । गुरु नानक देव की शिक्षाओं को याद करते हुए उनके संदेश को फैलाने का संकल्प लिया गया । इस दौरान लंगर और अन्य सेवा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए । गुरु नानक जयंती सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गुरु नानक देव जी के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है । गुरु नानक जयंती का पर्व हमें समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है । प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रजिस्टर्ड अते समूह इलाका निवासी साध संगत मिलक रामपुर ।

## पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान शुरू हो रहा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। न सिर्फ नए मतदाताओं के लिए, बल्कि ऐसे मतदाताओं के लिए भी जिनके नाम पहले से मतदाता सूची में शामिल हैं। ऐसे में हमारे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराना है। हर घर, हर मतदाता ही भाजपा का लक्ष्य है। मंगलवार को राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर बैठक हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। ऐसे में आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम जुड़वाना ही पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से छूटना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए नुकसानदायक है।

## नरपतनगर में सरदार पटेल जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नरपतनगर।** रामपुर की नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में मंगलवार को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया।यह कार्यक्रम सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत संपन्न हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता और सद्भावना को बढ़ावा देना था।चेयरमैन खालिद अली की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति अपना संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने छात्र छात्राओं को स्वच्छ भारत मिशन के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी और नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपील की ।चेयरमैन खालिद अली ने भी सरदार वल्लभ भाई के विचाराओं को अपने जीवन में अपनाने के लिए कहा उन्होंने कहा कि आज के इस भेद भाव वाले माहौल में हमे सरदार वल्लभ भाई के विचारों से सीख लेनी चाहिए जैसे उन्होंने भारत को एक बनाने के लिए अपना योगदान दिया और सभी वर्गों को एक करके राष्ट्र को मजबूत बनाया ।इस अवसर पर छात्र छात्राओं को बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए ।इस मौके पर चेयरमैन खालिद अली,नगर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार दिवाकर,मुकुट लाल,जिला मंत्री महेंद्र सैनी,महेंद्र मौर्य,सभासद सैलेंद्र कुमार चन्द्रा,मोहम्मद जिलानी,रियासत अली,सिराज अली,जफर अली,नफीस अहमद,एडवोकेट मोहम्मद आसिफ़,प्रिंसिपल अनुराधा कटियार,प्रधानाध्यापक फ़िरासत अली,अभिषेक पाठक,अमित सक्सेना,एडवोकेट विनेश कुमार मौजूद रहे ।

## बैरिकेटिंग से बाहर स्नान करने पर होगी कार्रवाई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर,** घाटमपुर के कोसी घाट पर कल उमरेड की श्रद्धालुओं की भीड़ भारी संख्या में लोग करेंगे गंगा स्नान आपको बताते चलें रामपुर में कोसी घाट पर हर साल की तरह इस साल भी मेला लगाया जा रहा है और सारी व्यवस्था प्रशासन द्वारा दुरुस्त कर दी गई है प्रशासन द्वारा इस बार अलग अंदाज में व्यवस्थाएं की गई है कोसी घाट पर एक नाला जिसमें गंदा पानी आता है उसके पास बलिया लगा दी गई है जिससे कि श्रद्धालु नाले के पास डुबकी ना लगा पाए यदि श्रद्धालुओं ने नाले के पास डुबकी लगे तो उन पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी प्रशासन द्वारा जो व्यवस्थाएं पर की गई है उसको देखकर लग रहा है कि इस बार श्रद्धालुओं को आस्था की डुबकी लगाने में कठिनाइयों का सामना नहीं उठाना पड़ेगा।

## जनपद को 2000 मीट्रिक टन आई.पी.एल. प्राप्त



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी श्री कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद को 2000 मीट्रिक टन आई.पी.एल. कम्पनी की डी.ए.पी. की एक रैक निजी क्षेत्र में प्राप्त हो चुकी है, जिसमें से 800 मीट्रिक टन डी.ए.पी. सहकारी समितियों एवं 1200 मीट्रिक टन डी.ए.पी. निजी क्षेत्र में प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 18846 मीट्रिक टन यूरिया, 5659 मीट्रिक टन एन.पी.के. एवं 1134 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है। इस प्रकार जनपद में आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है। जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करे एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता समिति को उपलब्ध कराये। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता समिति द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो कृषक भाई अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

## विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में आज दिनांक-04.11.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में महिला सुरक्षा दल थाना सिविल लाइन द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत शिव इंटर कॉलेज अगापुर एवं जामिया मदरसा में छात्र-छात्राओ एवं शिक्षिकाओ को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया । उक्त कार्यशाला में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090- वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

## सैफनी में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** मंगलवार को क्षेत्र में 'रन फॉर यूनिटी' (एकता के लिए दौड़) - एक दौड़ देश के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शाहबाद क्षेत्र के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यह दौड़ सैफनी के श्री गोविंद इंटर कॉलेज, दनियापुर रोड से शुरू होकर गौतम बुद्ध पार्क, दनियापुर तक आयोजित की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने एकजुट होकर दौड़ लगाई और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे माननीय पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे देश में एकता को मजबूत करने के लिए यह 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम समाज में एकता लाने का कार्य करेगा और देश विरोधी ताकतों को ध्वस्त करेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सहकारी गन्ना समिति रामपुर के चेयरमैन विवेक पांडेय ने कहा कि देश बिना किसी भेदभाव के एक सूत्र में बंधकर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने इस अवसर पर पधारे सभी सम्मानित जनों का आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक धन्यवाद किया। इस अवसर पर शाहबाद नगर मंडल अध्यक्ष ठा. नरेंद्र सिंह, महामंत्री विमल जोशी, सभासद पंकज शर्मा, प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, फौजी सुशील जोशी, प्रवीण जोशी, आकाश सक्सैना, भारत सिंह सैनी, रामस्वरूप लोधी, ठा अभयपाल सिंह, वीरपाल चंद्रवंशी, नदीम अहमद, अनसार अहमद ग्राम प्रधान, मनवीर यादव, अभिलाष शर्मा, सत्यम ठाकुर, अनुभव शर्मा, अंशूल राजपूत, भूरा अंसारी, ओमप्रकाश कश्यप पूर्व प्रधान, गजराज प्रजापति, हरकिशोर प्रजापति, भूरे सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

## रामपुर में फूंका भगवत मान का पुतला



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** वाल्मीकि तीर्थ अमृतसर (पंजाब) में तीर्थ पर बेहदबी करने वालों की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस (भीम) के कार्यकर्ताओं ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान का पुतला फूंका और जिला अधिकारी रामपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री पंजाब को ज्ञापन भेज कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई भावाधस (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने कहा है कि सरकार ने दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया तो उत्तर प्रदेश के हर जिले में पुतले फूंके जाएंगे और फिर उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित देश के अन्य प्रदेशो में भी पुतले फूंकने का कार्य जारी रहेगा।

## भाषा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर के समाजशास्त्र विभाग में तत्क्षण भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया । तत्क्षण भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न विषयों यथा- मिशन शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण प्रदूषण,मेरा महाविद्यालय, मेरा भारत, राष्ट्रीय पर्व, गरीबी, घरेलू हिंसा तथा चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो आदि विषयों पर अपने विचारों को अभिव्यक्त किया। विभाग प्रभारी प्रोफेसर अनीता देवी ने छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि तत्क्षण भाषण प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को विचार अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करना है।

## प्रमुख घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** आगामी कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न घाटों पर किए जाने वाले पवित्र स्नान के मद्देनज़र, स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की तैयारियां तेज़ कर दी हैं। इसी क्रम में थाना अध्यक्ष अजय मिश्रा ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के प्रमुख स्नान स्थलों का गहन भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। थाना अध्यक्ष अजय मिश्रा ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं। स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान, पुलिस टीम ने रायपुर किशनपुर घाट का भी पुनः जायजा लिया और सम्बंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने यातायात को सुगम बनाने और पार्किंग की उचित व्यवस्था पर विशेष बल दिया।निरीक्षण के उपरांत, थाना अध्यक्ष अजय मिश्रा ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे पवित्र पर्व का आनंद लेते हुए शांति, सौहार्द एवं अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने श्रद्धालुओं से किसी भी तरह की अराजकता या अफवाह पर ध्यान न देने का आग्रह किया। थाना अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति, परेशानी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा और पर्व सुरक्षित माहौल में संपन्न होगा।

## 'रन फोर यूनिटी ' का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** मंगलबार को नगर शाहबाद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम 'रन फोर यूनिटी ' नगर पंचायत शाहबाद द्वारा लौह पुरुष 'सरदार बल्लभ भाई पटेल' की 150 वीं जयंती के अवसर पर पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी अल्पना सक्सैना के द्वारा किया गया। जिसमें राजकीय इन्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज एवं जनहित कमला ईडन गार्डन के प्रधानाध्यापक, अध्यापक, छात्र एवं छात्राएँ व भारतीय जनता पार्टी शाहबाद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से इस कार्यक्रम के विधान सभा प्रभारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार भटनागर एवं नगर मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष सुमित भटनागर, युवा मोर्चा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष अनुज चौहान, एडवोकेट माधुरी सक्सेना , पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश चन्द्रवंशी, राजकुमार गुप्ता, मण्डल उपाध्यक्ष, हर प्रसाद लोधी,सुनील राजपूत,विजय पाल लोधी, मण्डल महामंत्री अमित चन्द्रवंशी, वेद प्रकाश चंद्रवंशी,मनीष शर्मा, पुरुषोत्तम ठाकुर, संजीव यादव, उदित चौहान, कुलदीप भटनागर आर्यन श्रीवास्तव, अर्जुन वरनबाल, राजेश चौहान, नजमत अली जी,संजीव शर्मा, शबनम उसमानी व आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्रकार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी का किया स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** एक सप्ताह पहले शासन ने अजय कुमार द्विवेदी को रामपुर का डीएम बनाया था। अजय कुमार द्विवेदी के जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण करने के बाद से ही कई संगठनों ने डीएम ऑफिस जाकर उनका स्वागत किया। मंगलवार को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के पदाधिकारी भी रामपुर पहुंचे और नवनियुक्त डीएम अजय कुमार द्विवेदी को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया और अपने संगठन के बारे में बताया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संरक्षक वीपी विद्यार्थी, संस्थापक एहसान खां, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष/ प्रभारी पश्चिम यूपी आकाश शंकर, संयुक्त सचिव फैजी खां, सचिव सुमित कश्यप, जहीर खां, फहीम आतिश आदि रहे।

## रन फॉर यूनिटी पद-यात्रा का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी (रामपुर)** ।स्वतंत्र भारत के शिल्पकार एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वार ग्रामीण मंडल द्वारा मंगलवार को नगर पंचायत मसवासी में रन फॉर यूनिटी पद-यात्रा का आयोजन किया गया।पद यात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत मसवासी परिसर से किया गया, जो मसवासी के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पुनः नगर पंचायत मसवासी परिसर में ही सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने लौह पुरुष के व्यक्तित्व एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## घर से नगदी और जेवरात लेकर हुआ फरार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मिलक नौखरीद निवासी लालता प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पुत्र विजय का गांव के ही विकास पुत्र मुकेश से मित्रता थी। ओर विकास का घर आना जाना था। दो माह पूर्व अपनी पत्नी भगवती के साथ दवाई लेने गया था घर पुत्र विजय अकेला था इसी दौरान विकास घर आया विजय को नशीला पदार्थ दे दिया। और घर में घुसकर संदूक का ताला तोड़कर को गुलेबंद, टीका कुंडल एक जोड़ कुंडल, सोने के व एक लाख रुपए नगद, निकालकर ले गया। दवाई लेकर घर लौटे तो संदूक का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा हुआ था। पुत्र विजय के होश में आने पर उसने बताया कि विकास घर आया था और नशा देकर समान चोरी कर ले गया है।इस मामले को लेकर विकास से शिकायत की गई तो उसने समान और नगदी देने का वायदा किया। लेकिन समय निकलने के बाद अब वह मुकर गया और समान नगदी देने से इनकार कर दिया।

## कथित पत्रकार के खिलाफ नगर पालिका अध्यक्ष ने दिया पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून और नगर पालिका वार्ड सभासदों ने फ़र्ज़ी यूट्यूबर फेसबुक पेज रामपुर डिजिटल नाम चलाने वाले विरोध में पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र को ज्ञापन सौपा गया है नगर पालिका परिषद, रामपुर की अध्यक्ष सना मामून द्वारा पुलिस अधीक्षक, रामपुर को लिखा गया है पत्र में नगर पालिका चेयरपर्सन सना मामून के विरुद्ध एक व्यक्ति द्वारा जो फ़र्ज़ी यूट्यूबर और फेसबुक चलाने वाला है उसने मोबाइल फोन पर अभद्रता पूर्वक गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी है दिनांक 03/11/2025 को सोशल मीडिया के माध्यम से फ़र्ज़ी यूट्यूबर फेसबुक पेज चलाने वाले नदीम मिया ने एक वीडियो और ऑडियो वायरल कराया, सना मामून को ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली, जिसमें अभद्रता पूर्वक गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी। नदीम मिया, पुत्र नसीम मिया, निवासी वजरिया मुल्ला जरीफ, थाना कोतवाली, रामपुर।

नदीम मिया खुद को पत्रकार बताता है और उसका एक फेसबुक पेज 'रामपुर डिजिटल' है। लेकिन वह एक फर्जी पत्रकार है।

# संक्षिप्त समाचार

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**केमरी।** वादी की लिखित तहरीरी सूचना अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र बुद्धसैन नि0 ग्राम सिमरिया थाना केमरी जनपद रामपुर द्वारा वादी के पुत्र की धारदार हथियार से हत्या कर देना, जिसका शव ग्राम सिमरिया में तालाब के पास रामपुर रोड पर खेत में मिलने के सम्बन्ध में थाना केमरी पर मु0अ0सं0-161/2025 धारा- 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

## शुरू हुआ भूरे शाह बाबा का 5 दिवसीय सालाना उर्स



सैफनी।नगर आस्था और सद्भावना के प्रतीक हजरत शेख भूरे शाह बाबा की दरगाह पर सालाना आयोजित होने वाला पांच दिवसीय उर्स बुधवार की रात से जोश और अकीदत के साथ शुरू हो गया है। यह धार्मिक समागम 8 नवंबर तक चलेगा, जिसमें दूर-दराज से ज़ायरीन इंतजामिया कमेटी के मैनेजर अब्दुल रऊफ एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्स का आयोजन दरगाह कमेटी द्वारा बड़े स्तर पर किया जा रहा है। उर्स का कार्यक्रम पहला दिन बुधवार रात उर्स की शुरुआत सीरते औलिया-ए-किराम पर एक विशेष जलसा के साथ हुई। जलसे में धर्म गुरुओं ने औलिया-ए-किराम के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।पहले दिन के जलसा के बाद, अगले चार दिनों तक मुख्य आकर्षण कव्वालियों का प्रोग्राम रहेगा। देश के जाने-माने कव्वाल यहां अपनी सूफियाना कला का प्रदर्शन करेंगे, जिससे दरगाह परिसर में रूहानी माहौल बनेगा। अब्दुल रऊफ एडवोकेट ने बताया कि उर्स को सफल बनाने के लिए इंतजामिया कमेटी द्वारा सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें ज़ायरीन के लिए ठहरने, लंगर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम शामिल हैं। यह सालाना उर्स गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे का संदेश देता है।

## विशाल नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा से स्वागत



बिलासपुर।श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 557वें प्रकाशोत्सव पर नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया।इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।साथ ही लोगों ने जगह-जगह नगर कीर्तन का पुष्पवर्षा भव्य स्वागत किया।विभिन्न पोशाकों में सजे स्कूली बच्चों ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की।मंगलवार को नगर के माठखेड़ा रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से वाहे गुरु के जयकारों के साथ विशाल नगर कीर्तन की शुरूआत हुई।इसमें नगरीय तथा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों सिख महिला-पुरुषों व बच्चों ने शामिल होकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के दर्शन कर अरदास की तथा प्रसाद ग्रहण किया।

## दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो घायल

बिलासपुर।दो बाइकों की आमने-सामने की हुई भिड़ंत में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें एंबुलेंस की मदद से नगर की सीएचसी में भर्ती कराया गया है।मंगलवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मिलें किशनपुर का मझरा के रहने वाले घायल इकरार ने बताया कि सवेरे वह धान काटने के लिए बाइक द्वारा लेबर लेने के लिए आ रहा था तभी केमरी तिराहे के निकट सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद दोनों बाइक सवारों की चीख-पुकार मच गई हादसे के बाद हाईवे पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और दोनों बाइके क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया जहां दोनों उपचाराधीन है।

## फांसी लगाकर दी जान परिवार मे मचा कोहराम



मसवासी । परिवारिक कलेश के चलते डीजे संचालक ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। डीजे संचालक की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मच गया परीजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र खूब चन्द्र 30 जो कि नगर मे इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता था वही पर वह जनरेटर व डीजे का भी प्रोग्राम करता था बताया गया है की एक सप्ताह पूर्व पति पत्नी मे किसी बात को लेकर विवाद हो गया था पत्नी अपने मयके चली गई थी मंगलवार को नगर मे कोई डीजे का प्रोग्राम था जब प्रदीप सुबह डीजे लेकर नही पहुंचा तब जहा पर डीजे लगना था वह प्रदीप के घर पहुंच गए दरवाजा न खुलने पर युवको ने उसके परीजनो को बताया आवाज लगाने पर भी दरवाजा नही खुला तब परीजनो ने दरवाजा खोला तो उनके होश उड़ गये प्रदीप का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था यह देखकर परीवार मे चीख पुकार मच गई वहा पर मौजूद लोगो ने शव को नीचे उतारा।

## जेसीबी की टक्कर से हुआ घायल

शाहबाद । थाना पटवाई क्षेत्र के ग्राम नवाबगंज का रहने वाला 30 वर्षीय युवक विनोद पुत्र अतर सिंह मंगलवार की रात लगभग 1:30 बजे मोटरसाइकिल द्वारा शाहबाद से अपने गांव जा रहा था। ग्राम किरा के निकट मार्ग के किनारे खड़ी जेसीबी से जा टकराया और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर पैर में फ्रैक्चर की शिकायत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## अधिवक्ताओं की दी एसआईआर की जानकारी



शाहबाद।भारतीय चुनाव आयोग द्वारा (एसआईआर)की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है जिसकी जानकारी देने हेतु बार एसोसिएशन शाहबाद के अधिवक्ताओं को तहसीलदार अमित कुमार सिंह द्वारा वार्ता हेतु आमंत्रित किया गया,जिसमें (एसआईआर)की समस्त प्रक्रिया से अवगत कराया गया, इस मौके पर बार अध्यक्ष तक़रीर रहमान खां, पूर्व अध्यक्ष राम औतार सिंह यादव के साथ मनोज भारद्वाज, रामचंद्र सिंह दिवाकर, निधि गोपाल यादव, मासूम मियां, छत्रपाल सिंह ,वसीम खां आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे ।

## तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया

रामपुर। पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा शासनादेशों एवं पुलिस बल की अनुशासनिक परम्परा के अनुरूप कर्तव्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने वाले कुल 05 आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## इंसेफेलाइटिस रोग की पुष्टि हुयी



**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ब्लाक चमरौआ के ग्राम सिकरौल में शीता उर्फ शिखा पुत्री श्री रूपबंद्र, आयु 12 वर्ष, के घर गयी। सीता को जापानी इंसेफेलाइटिस रोग की पुष्टि हुयी है। टीम को गांव में सघन भ्रमण के दौरान इस गांव से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित दूसरे गांव के कई घरों में सूकर पालन किये जाने की जानकारी मिली। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उन गांव का भम्रण किया। जहां जयपाल एवं विजेन्द्र के घरों में सूकर पालन होता पाया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि 6-7 सूकर विगत सप्ताह से बीमार भी चल रहे हैं, इससे स्पष्ट होता है कि सूकर ही मुख्य सोर्स ऑफ ट्रांसमिशन है। टीम द्वारा इन सूकर पालकों को सूकर बाडें आबादी से दूर स्थापित करने की सलाह दी गयी। सूकर में जे0ई0 के संक्रमण की पहचान करने हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने सूकरों की जांच कराने के निर्देश संबंधित को दिये। टीम द्वारा ग्राम में नाले, नालियों व लार्वाब्रीडिंग स्थलों पर लार्वीसाईडल का छिड़काव कराया गया।

# 'बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि बनाना है', माफिया पर चलेगा बुलडोजर, बिहार में फिर गरजे सीएम योगी

**समस्तीपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि, अब बिहार में भी माफिया पर कार्रवाई होगी और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित करेगी। बिहार के समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, 'जो लोग उत्तर प्रदेश से खारिज कर दिए गए हैं, वे कहते हैं कि हम केवल नाम बदलते हैं। हम सिर्फ नाम नहीं बदलते, हमने उत्तर प्रदेश के नाम को दुनिया के मंच पर पहुंचाया है। '



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, 'जब बुलडोजर माफिया को कुचलता है और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाती है, तो यही सच्चा न्याय है। अब बिहार में भी ऐसे कदम उठाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि के रूप में स्थापित करना है, बिहार के विकास को भारत के विकास से जोड़ना है, युवाओं को रोजगार देना है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। सीएम योगी ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में आईआईएम, आईआईटी, एम्स और मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है। विकास के लिए इच्छाशक्ति चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल-कांग्रेस के पास विकास का कोई मॉडल नहीं है।' उन्होंने विपक्ष पर आस्था का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, 'जिन्होंने भगवान राम पर सवाल उठाए थे, वही आज छठी मइया पर सवाल कर रहे हैं। '

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत और उज्ज्वला योजना की सफलता राजग सरकार की उपलब्धियां हैं, जिन्होंने गरीबों और वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा, 'आपका (जनता) उत्साह इस बात का संकेत है कि बिहार में फिर से राजग सरकार बनने जा रही है। मैंने बिहार के युवाओं की मेधा और बुद्धिमत्ता को नजदीक से देखा है। बिहार के युवाओं ने देश और दुनिया के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।' भाजपा नेता ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, 'आज जो लोग बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं, उन्होंने ही 20 वर्ष पहले बिहार को उसकी पहचान से वंचित कर दिया था। उन्होंने बिहार के युवाओं से उनके अधिकार और रोजगार छीन लिए, गरीबों के हक को लूटा और राज्य को जंगलराज में तब्दील कर दिया। '

सीएम आदित्यनाथ ने कहा कि जनता के सामने जो महागठबंधन है, वहीं वह गठबंधन है जिसने बिहार को अराजकता और असुरक्षा के दौर में धकेल दिया था। उन्होंने कहा, 'नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन का दौर शुरू हुआ और आज समय है कि इसी आधार पर बिहार को और आगे बढ़ाया जाए।' मुख्यमंत्री ने कहा कि राजग सरकार के कार्यकाल में राज्य के किसानों के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए 'कार्गो' और 'ड्राई पोर्ट' का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा, 'बिहार की राजग सरकार ने विकास और विरासत के बीच उत्कृष्ट संतुलन स्थापित किया है।' इससे पहले योगी ने दरभंगा में रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# उच्च न्यायालय ने मुंबई तिहरे बम विस्फोट मामले में 65 वर्षीय आरोपी को जमानत दी

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने 2011 में हुए तिहरे बम विस्फोट मामले के सिलसिले में गिरफ्तार 65 वर्षीय व्यक्ति को मंगलवार को जमानत दे दी। इन विस्फोटों में 27 लोग मारे गए थे और 120 से अधिक घायल हुए थे। न्यायमूर्ति ए.एस. गडकरी और न्यायमूर्ति आर.आर. भोंसले की पीठ ने कफील अहमद मोहम्मद अयूब को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी। विस्तृत आदेश की प्रति अभी मुहैया नहीं कराई गई है।

बिहार निवासी अयूब वर्तमान में मुंबई केन्द्रीय कारागार में बंद है। उसे फरवरी 2012 में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह हिरासत में है।

मुंबई में 13 जुलाई 2011 को तीन सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। ये विस्फोट जावेरी बाज़ार, ओपेरा हाउस और रेलवे स्टेशन के पास दादर कबूतरखाना में एक स्कूल के पास 10-10 मिनट के अंतराल पर हुए थे।

महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आरोप लगाया था कि आतंकवादी संगठन इंडियन मुजाहिदीन ने इन विस्फोटों की साजिश रची थी और इसका संस्थापक यासीन भटकल मुख्य साजिशकर्ता था।

अयूब ने विशेष अदालत के 2022 के उस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी जिसमें उसे ज़मानत देने से इनकार कर दिया गया था।

अभियोजन एजेंसी के अनुसार, अयूब और मामले के अन्य आरोपियों ने इंडियन मुजाहिदीन के इशारे पर मुस्लिम युवकों को आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उकसाया था। जांच एजेंसी ने दावा किया कि अयूब भटकल के निकट संपर्क में था।

अयूब के वकील मुबीन सोलकर ने दलील दी कि वह एक दशक से ज़्यादा समय से जेल में है और मुकदमा अभी भी जारी है वहीं अयूब ने दावा किया है कि वह निर्दोष है और उसे इस मामले में फंसाया गया है।

अयूब ने कहा कि अभियोजन पक्ष के पास उसके खिलाफ स्वयं के इकबालिया बयान के अलावा कोई सबूत नहीं है। उसने साथ ही दावा किया कि उसने बयान स्वेच्छा से नहीं दिया था।

# पश्चिम बंगाल में आज से शुरू होगा एसआईआर, राजनीतिक माहौल हुआ गर्म

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी राजनीतिक सरगर्मी के बीच निर्वाचन आयोग मंगलवार से एसआईआर की प्रक्रिया शुरू कर रहा है।

एसआईआर की प्रक्रिया 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले एक राजनीतिक रणक्षेत्र में बदल गई है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जहां मतदाता सूचियों में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम के रूप में एसआईआर का स्वागत किया है, वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इसके समय और मंशा पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) अगले साल होने वाले राज्य चुनाव से पहले मतदाता सूची में हेरफेर करने के लिए भाजपा के दबाव में काम कर रहा है।

दोनों दल एसआईआर को 2026 के विधानसभा चुनाव की प्रस्तावना की तरह देख रहे हैं। वहीं राजनीतिक हलकों में कई लोग इसे ''प्रशासनिक और संगठनात्मक- दो ताकतों के बीच की लड़ाई'' मान रहे हैं।



चार नवंबर से चार दिसंबर तक बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन करने की यह प्रक्रिया पहले ही विवाद का विषय बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को कोलकाता में एक रैली का नेतृत्व करेंगी जिसमें उनकी पार्टी अल्पसंख्यकों और हाशिए पर पड़े समूहों को मताधिकार से वंचित करने के उद्देश्य से किए गए ''राजनीति से प्रेरित संशोधन'' का विरोध करेगी।

भाजपा ने सत्तारूढ़ दल पर मतदाता सूची में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। प्रशासनिक जानकारी का हवाला देते हुए पार्टी ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में 40 लाख से अधिक ''डुप्लिकेट (एक ही नाम और पहचान के कई लोग) या फर्जी'' नाम मौजूद थे और उम्मीद है कि एसआईआर से ऐसे कम से कम एक करोड़ नाम हट जाएंगे।

एसआईआर प्रक्रिया के तहत गणना चरण के बाद नौ दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आठ जनवरी तक आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं और अंतिम मतदाता सूची अप्रैल-मई में होने वाले 2026 के विधानसभा चुनावों से ठीक दो महीने पहले सात फरवरी को जारी की जाएगी।

# नीतीश के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी मामला नहीं, हमें मिलकर 'विकसित बिहार' बनाना है: राजनाथ


**वैशाली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन कायम हुआ है और इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी मामला नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

बिहार के वैशाली में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने लोगों से राजग के पक्ष में मतदान की अपील की। भाजपा के वरिष्ठ नेता का कहना था, ''बिहार को आगे बढ़ाने की सोच सिर्फ राजग ही रख सकता है। हमें मिलकर 'विकसित बिहार' बनाना है।''

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अब पांचवे स्थान पर पहुंच गया है और ''जल्द तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा''।

रक्षा मंत्री ने केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ''संप्रग शासन के दौरान केंद्र सरकार ने बिहार को मात्र दो लाख करोड़ रुपये दिए थे, जबकि मोदी जी की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पंद्रह लाख करोड़ रुपये जारी किए हैं।''



उन्होंने कहा कि राजग ने बिहार को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है।

राजनाथ सिंह ने विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा, ''वे हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा कर रहे हैं, लेकिन यह नहीं बता पा रहे कि इसके लिए धन कहां से आएगा।''

उन्होंने कहा कि ''इंडिया गठबंधन के नेता जनता से झूठ न बोलें, उन्हें सच बोलना चाहिए।''

सभा के अंत में उन्होंने लोगों से कहा कि ''राज्य में एक बार फिर राजग की सरकार बनेगी तो बिहार विकास की नई राह पर अग्रसर होगा। जंगलराज नहीं, सुशासन और प्रगति का युग जारी रहेगा।''

# बेंगलुरु में सैर कर रही महिला का यौन उत्पीड़न, मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** बेंगलुरू में अपने कुत्ते को टहला रही 33 वर्षीय महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया और उसके साथ सार्वजनिक रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना एक नवंबर को इंदिरानगर में हुई। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, अपराह्न करीब 11 बजकर 57 मिनट पर जब वह अपने पालतू कुत्ते को टहला रही थी तभी लगभग 30 वर्षीय अनजान व्यक्ति ने अचानक उसका ध्यान खींचने के लिए उसे 'मैडम' कह कर आवाज दी और जब वह मुड़ी तो उसने कथित रूप से उसके सामने अपने निजी अंग दिखाए और अश्लील हरकतें कीं।

शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपी ने उसका शील भंग करने के लिए जानबूझकर उसे निशाना बनाया।

उसने कहा कि इस हरकत से स्तब्ध महिला अपने कुत्ते के साथ घर भागी और उसने बाद में अपनी बहन एवं अपनी सहेली को घटना के बारे में बताया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 के तहत यौन उत्पीड़न के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# बिहार में राजद के 'जंगल राज' की वापसी रोकने के लिए 'कमल' का बटन दबाएं: अमित शाह

**दरभंगा (बिहार)।** गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव चिह्न 'कमल' वाला ईवीएम बटन दबाने का आग्रह किया ताकि ''राजद (राष्ट्रीय जनता दल) के पूर्व शासन के दौरान रहे उस जंगल राज की वापसी को रोका जा सके जिसने राज्य को तबाह कर दिया था।''

शाह ने वादा किया कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में लौटता है, तो सरकार सिंचाई करने और बाढ़ रोकने के लिए कोसी नदी के पानी का इस्तेमाल करने पर 26,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

शाह ने दरभंगा में एक चुनावी रैली में कहा, ''लालू-राबड़ी के 15 साल के शासन में बिहार को तबाह करने वाले 'जंगल राज' की वापसी को रोकने के लिए 'कमल' का बटन दबाएं।''

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग ही बिहार को सर्वांगीण विकास की ओर ले जा सकता है।

पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''यदि बिहार में राजग सत्ता में आता है तो 'मिथिलांचल' में सिंचाई करने और क्षेत्र में बाढ़ को रोकने के मकसद से कोसी नदी के पानी का उपयोग करने के लिए कुल मिलाकर 26,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगेज्गंगा, कोसी और गंडक नदियों के पानी का उपयोग सिंचाई और बिहार में बाढ़ को रोकने के लिए किया जाएगा।''



उन्होंने कहा कि अगर राजग बिहार में सत्ता में बना रहता है तो मिथिला, कोसी और तिरहुत के लोगों को इलाज के लिए पटना या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि उन्हें एम्स( अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) -दरभंगा में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।'' शाह ने कहा, ''करीब 3.60 करोड़ लोगों को पांच लाख करोड़ रुपये तक का मुफ़्त स्वास्थ्य बीमा दिया गया है जबकि दरभंगा में आईटी पार्क युवाओं को रोजगार देगा।''

उन्होंने 'जीविका दीदियों' के लिए 10,000 रुपये के लाभ को वापस लेने की मांग करते हुए निर्वाचन आयोग से की गई राजद की शिकायत की आलोचना की और कहा, ''लालू की तीन पीढ़ियां'' स्वयं सहायता समूहों को ''हस्तांतरित धन नहीं छीन पाएंगी।''

उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार अगले पांच साल में जीविका दीदियों के खातों में दो लाख रुपए डालने का काम करेगी।''

शाह ने दोहराया कि राजद-कांग्रेस ने छठी मैया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मां का अपमान किया।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता आगामी चुनावों में ''ऐसे राजनीतिक दलों को बाहर का रास्ता दिखाकर इस अपमान का बदला लेगी।''

शाह ने कहा, ''बिहार की जनता छठी मैया का अपमान करने वालों को कभी माफ नहीं करती। बिहार चुनाव में राजद-कांग्रेस का सफाया हो जाएगा।''

उन्होंने कहा, ''चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। छह तारीख को आप कमल छाप पर बटन दबाएं। यह बटन विधायक या मंत्री को जिताने के लिए नहीं, जंगलराज को रोकने के लिए दबाना है।''

शाह ने कहा, ''जंगलराज चेहरा और वेष बदल वापस आना चाहता है। आपका काम इसे रोकना है।''

शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू-तेजस्वी की जोड़ी ''बिहार को लूटने में माहिर'' है, जबकि ''मोदी-नीतीश (कुमार) की जोड़ी विकास करने में माहिर'' है।

# महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को 23.27 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2021 में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर हुई एक टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए 47 वर्षीय व्यक्ति को 23.27 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

एमएसीटी के सदस्य आर. वी. मोहिते ने बीमाकर्ता द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को निर्देश दिया है कि वह नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ मुआवजा राशि का भुगतान करे। न्यायाधिकरण ने कंपनी को दुर्घटना में शामिल कंटेनर ट्रक के मालिक से पूरी राशि वसूलने का अधिकार भी दे दिया। एक नवंबर को पारित आदेश की एक प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई।

एक ट्रेलर चालक गुलहसन इकबालुद्दीन खान ने गोल्डन कैरीइंग कॉर्पोरेशन और बीमा कंपनी के समक्ष दावा दायर किया था।

दुर्घटना छह मई, 2021 की रात पालघर जिले के मनोर गांव में हुई थी, जब खान का ट्रेलर 'तेजी से मुड़ कर अचानक रुक गए'' एक कंटेनर ट्रक से टकरा गया था।

न्यायाधिकरण ने पाया कि दुर्घटना दोनों चालकों की लापरवाही के कारण हुई थी और कंटेनर ट्रक के चालक ने मोड़ लेते समय अचानक ब्रेक लगा दिए थे, जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन हुआ।

सड़क नियमन, 1989 का हवाला देते हुए, न्यायाधिकरण ने पाया कि दावेदार टक्कर से बचने के लिए आगे वाले वाहन से 'पर्याप्त दूरी' बनाए रखने में विफल रहा।

दावेदार के शरीर में कई 'फ्रैक्चर' हुए थे, और चिकित्सक के अनुसार वह शारीरिक रूप से 58 प्रतिशत तक विकलांग हो गया था और 100 प्रतिशत तक काम करने लायक नहीं रह गया था।

हालांकि, न्यायाधिकरण ने दावेदार की कामकाजी विकलांगता का आकलन केवल 40 प्रतिशत तक ही किया, और उसके नियोक्ता से सेवा समाप्ति पत्र न मिलने के कारण 100 प्रतिशत व्यावसायिक विकलांगता के दावे को खारिज कर दिया।

न्यायाधिकरण ने यह भी पाया कि खान की नियोक्ता कंपनी गोल्डन कैरीइंग कॉर्पोरेशन ने बीमा नीति का उल्लंघन किया था क्योंकि दुर्घटना की तारीख को चालक खान के पास भारी मालवाहक वाहन का वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

# बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम महाराष्ट्र पहुंची

**मुंबई।** अगस्त और सितंबर में भारी बारिश और बाढ़ से हुई फसल और बुनियादी ढांचे की क्षति का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की नौ सदस्यीय समिति ने मंगलवार को महाराष्ट्र का दौरा शुरू किया।

अधिकारियों ने बताया कि समिति के सदस्यों के धाराशिव, सोलापुर, नासिक और वाशिम जैसे जिलों का दौरा करने की संभावना है जहां फसलों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है।

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''केंद्रीय समिति मुंबई पहुंच गई है और सबसे अधिक प्रभावित जिलों में फसल नुकसान का आकलन करने के लिए अगले दो दिन में क्षेत्रीय निरीक्षण करेगी।''

केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा विभाग में संयुक्त सचिव आर.के. पांडे के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्रीय दौरे पर रवाना होने से पहले मंगलवार को राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक की।

समिति में कृषि, वित्त, ग्रामीण विकास, सड़क परिवहन, जल संसाधन, ऊर्जा और अंतरिक्ष मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

राज्य सरकार ने अगस्त-सितंबर में आई बाढ़ से प्रभावित किसानों के लिए 31,628 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की पिछले महीने घोषणा की थी। इस बाढ़ ने 29 जिलों में 68.7 लाख हेक्टेयर से ज्यादा की फसलों को नुकसान पहुंचाया। इसमें से केंद्र सरकार ने पहले ही अंतरिम सहायता के रूप में 1,566.40 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं।

# तमिलनाडु के कोयंबटूर में कॉलेज छात्रा के यौन उत्पीड़न के मामले में तीन संदिग्ध गिरफ्तार

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में कॉलेज की एक छात्रा के यौन उत्पीड़न में शामिल तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि रविवार को कोयंबटूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास हुए इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार तीनों लोग पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल पाए गए हैं।

सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच के बाद पीलामेडु पुलिस ने वेल्लिकिनारु में एक सुनसान जगह पर छिपे तीनों लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया। खुद को घिरा हुआ पाकर, तीनों ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस टीम पर हमला किया और एक पुलिस कांस्टेबल को घायल कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी की, जिसमें तीन संदिग्ध घायल हो गए।

अधिकारी ने बताया कि उनमें से एक व्यक्ति के एक पैर में जबकि अन्य दो व्यक्तियों के दोनों पैर में गोली लगी। उन्होंने कहा कि घायल कांस्टेबल और आरोपियों को यहां एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधिकारी ने कहा कि संदिग्धों की पहचान गुना, सतीश और कार्तिक के रूप में हुई है, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है।

यौन उत्पीड़न की इस घटना से पूरे राज्य में सनसनी फैल गई और राजनीतिक आक्रोश भड़क उठा। विभिन्न दलों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

अज्ञात बदमाशों ने दो नवंबर की रात 19 वर्षीय छात्रा के पुरुष मित्र पर हमला कर उसे भगा दिया और एक सुनसान जगह पर कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया।

घायल होने के बावजूद छात्रा के दोस्त ने पुलिस को सूचना दी। देर रात पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पीड़िता को ढूंढ निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

# कफ सिरप त्रासदी : एसआईटी ने आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की पत्नी को गिरफ्तार किया

**छिंदवाड़ा (मप्र)।** मध्य प्रदेश में 24 बच्चों की मौत के लिए कथित तौर पर जिम्मेदार माने जा रहे कफ सिरप के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की पत्नी को गिरफ्तार किया है।

छिंदवाड़ा के रहने वाले डॉ. सोनी ने कथित तौर पर ज्यादातर बीमार बच्चों को मिलावटी कफ सिरप 'कोल्ड्रिफ' दिया था। उन्हें पिछले महीने किडनी फेल होने से बच्चों की मौत के सिलसिले में लापरवाही के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।



अनुविभागीय पुलिस अधिकारी और एसआईटी के प्रमुख जितेंद्र जाट ने बताया कि डॉ. सोनी की पत्नी ज्योति सोनी को सोमवार रात छिंदवाड़ा जिले के परासिया कस्बे में उनके घर से गिरफ्तार किया गया। ज्योति सोनी इस मामले में एक और आरोपी हैं।

उन्होंने बताया कि वह एक मेडिकल दुकान की मालकिन हैं, जहां से कई पीड़ितों को कफ सिरप बेचा गया था।

उन्होंने बताया कि अब तक कफ सिरप मामले के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने कफ सिरप बनाने वाली कंपनी 'श्रेसन फार्मा' का लाइसेंस रद्द कर दिया।

गिरफ्तार किए गए लोगों में श्रेसन फार्मा के मालिक जी. रंगनाथन, मेडिकल प्रतिनिधि सतीश वर्मा, केमिस्ट के. महेश्वरी, थोक विक्रेता राजेश सोनी और मेडिकल स्टोर फार्मासिस्ट सौरभ जैन शामिल हैं।

मध्यप्रदेश के 24 बच्चों की कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने के बाद किडनी फेल होने से मौत हो गयी थी। इनमें से ज़्यादातर बच्चे पांच साल से कम उम्र के थे।

पड़ोसी राजस्थान में भी कम से कम तीन बच्चों की कफ सिरप पीने से मौत हो गई थी।

इस त्रासदी के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में पहचाने गए तीन ''घटिया'' ओरल कफ सिरप - कोल्ड्रिफ, रेस्पिफ्रेश और रीलाइफ के खिलाफ अलर्ट जारी किया था।

# राजग सरकार ने बिहार में महिलाओं को बेबसी और भय की छाया से बाहर निकाला है : स्मृति ईरानी

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने महिलाओं को बेबसी और भय की छाया से बाहर निकाला है।

पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ईरानी ने कहा कि उन्हें इस बात का दुःख है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार में महिलाओं से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ 'रोकने' के लिए निर्वाचन आयोग से अपील की है।

उन्होंने कहा, 'जन धन योजना से बिहार की तीन करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है और उज्ज्वला योजना के तहत 1.16 करोड़ महिलाओं को लाभ प्राप्त हुआ है। हम यह भी देख चुके हैं कि प्रत्येक घर में शौचालय निर्माण का वादा पूरा किया गया है। '

ईरानी ने कहा, 'मेरे लिए यह पीड़ा की बात है कि एक ओर राजग सरकार बिहार की महिला लाभार्थियों के खातों में सीधे धन हस्तांतरित कर रही है, वहीं दूसरी ओर राजद नेताओं ने निर्वाचन आयोग को लिखित प्रस्ताव देकर इन लाभों को रोकने की मांग की है। '

गौरतलब है कि राजद सांसद मनोज झा ने 31 अक्टूबर को निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि बिहार सरकार ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करते हुए 17, 24 और 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को राशि हस्तांतरित की है।

ईरानी ने कहा कि बिहार में राजग सरकार ने अब तक 1.3 करोड़ महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपए की राशि भेजी है और भविष्य में प्रत्येक लाभार्थी को कुल दो लाख रुपए देने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा, 'राजग सरकार ने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता दी है, बल्कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक भी पारित किया है। '

# भाटापारा जिले में चार हाथी कुएं में गिरे, बचाव अभियान जारी

**बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य के एक गांव में चार हाथी कुएं में गिर गए, जिसके बाद उन्हें बचाने के लिए अभियान शुरू किया गया है।

वन विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अरुण कुमार पांडे ने बताया कि यह घटना आज सुबह हरदी गांव में हुई। कुछ स्थानीय लोगों ने आज सुबह कुएं के अंदर हाथियों को देखा जिसके बाद उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 11/4/2025 4:56 PM Page 1



# देहरादून में दो व्यक्तियों में पुरानी रंजिश के चलते हुआ झगड़ा, दिल्ली के व्यक्ति की मौत

**देहरादून।** देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो व्यक्तियों के बीच हुए झगड़े में 38 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सोमवार रात हुई घटना को लेकर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मृतक की पहचान मूल रूप से दिल्ली के पहाड़गंज के रहने वाले अरूण कुमार के तौर पर हुई है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अजय किशोर देवली (34) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कुमार तथा देवली की पुरानी रंजिश थी और सोमवार शाम अचानक आमना-सामना होने पर उनके बीच झगड़ा शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से पुलिस ने बताया कि झगड़े के दौरान दोनों ने एक दूसरे पर लात-घूंसों से जमकर प्रहार किया जिसके बाद कुमार मुंह के बल सड़क पर गिर गया और उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर देवली के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। कुमार पिछले कई सालों से अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ देहरादून में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि अरूण कुमार के खिलाफ प्रेमनगर थाने में 2023 में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया गया था और इस आरोप में लंबे समय तक जेल में रहने के बाद वह कुछ समय पहले ही जमानत पर रिहा हुआ था।

# शिवकुमार की नियोक्ताओं से प्रवासी कामगारों को तीन दिन का सवैतनिक अवकाश देने की अपील

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने राज्य भर के नियोक्ताओं से अपने गृह राज्य जाकर मताधिकार का इस्तेमाल करने के इच्छुक बिहार के मतदाताओं को सहयोग देने की अपील की ताकि वे विधानसभा चुनाव में हिस्सा ले पाएं।

उप मुख्यमंत्री के कार्यालय ने मंगलवार को मीडिया के साथ उनका संदेश साझा किया। शिवकुमार ने अपने संदेश में कहा कि बड़ी संख्या में बिहार के निवासी बेंगलुरु और कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों में काम कर रहे हैं और वह चाहते हैं कि इन कामगारों को इस उद्देश्य के लिए कम से कम तीन दिन का सवैतनिक अवकाश दिया जाए।

उपमुख्यमंत्री कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष भी हैं।

उन्होंने कंपनियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से चुनाव प्रक्रिया में प्रवासी कामगारों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सहयोग करने का आग्रह किया।

शिवकुमार ने कहा, ''मैं सभी कंपनियों, वाणिज्यिक उद्यमियों, होटलों, ठेकेदारों, बिल्डरों, दुकानदारों और अन्य उद्योगपतियों से अनुरोध करता हूं कि वे बिहार राज्य के मतदाताओं को कम से कम तीन दिन का सवैतनिक अवकाश प्रदान करें ताकि वे बिहार राज्य के आम चुनाव में अपना वोट डाल सकें और उन्हें चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने में सहयोग करें।''

बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में छह नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होना है।

## एक श्रद्धालु ने तिरुमला मंदिर को चांदी का 22 किग्रा वजनी बर्तन दान दिया




**तिरुपति।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंगलवार को बताया कि हैदराबाद के एक श्रद्धालु ने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को चांदी का एक बड़ा बर्तन (गंगालम) अर्पित किया है।

टीटीडी ने कहा कि 22 किलोग्राम वजनी और 30 लाख रुपये मूल्य का गंगालम जे श्रीनिवासुलु रेड्डी द्वारा दान किया गया था।

टीटीडी ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''श्रीनिवासुलु रेड्डी ने मंगलवार सुबह तिरुमला में श्री वेंकटेश्वर को 22 किलोग्राम वजन और 30 लाख रुपये मूल्य का चांदी का गंगालम अर्पित किया।'' रेड्डी ने श्रीवारी मंदिर के सामने मंदिर के अधिकारियों को चांदी का गंगालम सौंपा।

टीटीडी दुनिया के सबसे धनी हिंदू मंदिर श्री वेंकटेश्वर मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है।

# कर्नाटक के बेलागावी में एमएसपी बढ़ाने की मांग को लेकर गन्ना किसानों का आंदोलन तेज हुआ



**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में अपनी उपज के लिए प्रति टन 3,500 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर गन्ना किसानों का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है।

हसीरू सेने किसान संघ के बैनर तले किसानों ने चीनी मिलों के 3,200 रुपये प्रति टन के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

इस आंदोलन के कारण क्षेत्र की 26 चीनी मिलों में कामकाज ठप हो गया है और प्रदर्शनकारी अपनी मांग से कम पर समझौता नहीं करने को लेकर अड़े हुए हैं।

किसानों की भारी संख्या में भीड़ जुटने के कारण मुदलागी में सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

गन्ने के लिए राज्य सलाहकार मूल्य (एसएपी) की मांग को लेकर शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन अब अथानी, चिक्कोडी, हुक्केरी, बैलहोंगल, मुदलागी, गोकक और आसपास के इलाकों में फैल गया है।

गोकक कस्बे में, आंदोलन ने एक नया मोड़ ले लिया जब छात्रों ने किसानों के साथ मिलकर प्रमुख चौराहों पर सड़क जाम कर दिया। इससे बेलगावी, सवादट्टी, मुदलागी और यारागट्टी को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित हो गया।

प्रदर्शनकारी किसानों ने राज्य सरकार से महाराष्ट्र के चीनी भुगतान मॉडल को अपनाने का आग्रह किया है। किसानों कहना है कि इस मॉडल से गन्ना उत्पादकों के लिए व्यवस्थित और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित होता है।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी पार्टी की ओर से किसानों के प्रति समर्थन जताया।

विजयेंद्र ने राज्य की कांग्रेस सरकार से गन्ना उत्पादकों की 'उचित मांगों' पर ध्यान देने की अपील की।

बेलगावी जिले के गुरलापुर गांव के किसान पिछले कई दिन से राज्य सरकार से गन्ने के लिए राज्य सलाहकार मूल्य (एसएपी) की घोषणा करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

शिकारीपुरा विधायक विजयेंद्र ने यहां पत्रकारों से कहा, ''कांग्रेस सरकार के उदासीन रवैये के कारण आज गन्ना उत्पादक और किसान सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम सड़क पर उतरकर उनके आंदोलन का समर्थन करने के लिए मजबूर हैं। यही कारण है कि मैं यहां आया हूं।''

# तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक और उसके सहयोगियों के कड़े विरोध के बीच एसआईआर शुरू

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के कड़े विरोध के बीच मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया मंगलवार को शुरू हो गई और प्राधिकारियों ने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) लोगों को आवश्यक गणना प्रपत्र भरने में मार्गदर्शन देंगे।

तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत चार नवंबर से चार दिसंबर तक घर-घर जाकर गणना की जाएगी।

इस बीच, द्रमुक ने एसआईआर के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में इसे ''वास्तव में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी)'' करार दिया है और इसकी संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। सत्तारूढ़ दल ने एसआईआर पर निर्वाचन आयोग की 27 अक्टूबर, 2025 की अधिसूचना को रद्द करने का अनुरोध किया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी एवं मुख्य विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) इस प्रक्रिया का समर्थन कर रही है।

मुख्य निर्वाचन कार्यालय (सीईओ) कार्यालय के अनुसार, बूथ स्तर के अधिकारी घर-घर जाएंगे और सभी मौजूदा मतदाताओं को आंशिक रूप से पहले से भरे हुए गणना प्रपत्रों की दो प्रतियां वितरित करेंगे और प्रपत्र भरने में उनकी मदद करेंगे।

सीईओ कार्यालय की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, ''यदि बीएलओ को कोई घर बंद मिलता है, तो उसे कम से कम तीन बार वहां जाना होगा। मतदाता अपने गणना प्रपत्र डाउनलोड करके भरे हुए प्रपत्र ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं।''

बीएलओ के आने की तारीखें पहले से साझा की जाएंगी और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के इलाके में व्यापक रूप से प्रचारित की जाएंगी।

बीएलओ भरे हुए प्रपत्र एकत्र करेंगे और गणना प्रपत्र की एक प्रति में पावती प्रदान करेंगे, जिसे मतदाता अपने पास रख लेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने वाले सत्तारूढ़ दल के विरोध के कारण कुछ कर्मचारी इस अभियान को आगे बढ़ाने में हिचकिचाहट महसूस कर रहे हैं।

सीईओ कार्यालय ने कहा, ''बीएलओ विवरण भरने में मतदाताओं की सहायता करेंगे। घर-घर जाकर गणना करने की अवधि के दौरान जिन मतदाताओं ने विधिवत भरे हुए गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा किए होंगे, उन सभी के नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन नौ दिसंबर को किया जाएगा। इसमें उन मतदाताओं के नाम भी शामिल होंगे जिन्होंने भरे हुए और हस्ताक्षरित प्रपत्र ऑनलाइन जमा किए हैं।''

यदि कोई मतदाता निर्धारित समय के भीतर अपना भरा हुआ गणना प्रपत्र जमा नहीं करा पाता है तो वह नौ दिसंबर 2025 से आठ जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां करने की अवधि के दौरान प्रपत्र 6 जमा करा सकता है। सभी दावों और आपत्तियों पर विचार करने के बाद अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

# बूटा सिंह पर वडिंग की टिप्पणी माफी योग्य नहीं: 'आप' नेता चीमा



**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को कहा कि पूर्व कंद्रीय मंत्री दिवंगत बूटा सिंह पर कांग्रेस नेता अमरिंद सिंह राजा 'वडिंग' की टिप्पणी ''अक्षम्य'' है और उनकी पार्टी निर्वाचन आयोग से इस बारे में शिकायत करेगी।

चीमा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) लुधियाना के सांसद वडिंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए निर्वाचन आयोग को एक शिकायत सौंपेगी। वडिंग ने तरनतारन विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर यह टिप्पणी की थी।

वडिंग की इन कथित टिप्पणियों को लेकर अन्य दलों के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

आलोचनाओं का सामना करने के बाद कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख वडिंग ने सोमवार को ''बिना शर्त माफी'' मांगी और कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता बूटा सिंह उनके लिए पिता समान हैं और वह कभी उनका अनादर नहीं कर सकते।

पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने वडिंग की टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया और उन्हें छह नवंबर को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा।

चीमा ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए वडिंग की कथित जातिवादी टिप्पणी की निंदा की थी।

चीमा ने कहा कि वडिंग ने बूटा सिंह का अपमान किया और ''जातिवाद का जहर उगला।''

उन्होंने कहा कि यह वडिंग की गरीबों और दलितों के प्रति ''मानसिकता'' को दर्शाता है और उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से वडिंग को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की।

इस संबंध में वडिंग के माफी मांगने पर चीमा ने कहा, ''उन्होंने जो अपराध किया वह माफी योग्य नहीं हैउ उन्होंने बहुत बड़ा अपराध किया है।''

चीमा ने कहा कि पार्टी का कानूनी प्रकोष्ठ इस मामले में निर्वाचन आयोग को एक ज्ञापन सौंपेगा।

चीमा ने सोमवार को वडिंग की आलोचना करते हुए कहा कि बूटा सिंह ने अपना जीवन जनसेवा और दलित समुदाय के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया तथा उन पर वडिंग की इस तरह की टिप्पणी बेहद निंदनीय है।

वडिंग ने कहा कि नेता के बारे में उनकी टिप्पणी का उद्देश्य कांग्रेस को ऐसी समावेशी पार्टी के रूप में चित्रित करना था जो योग्यता और दक्षता के आधार पर सभी को अवसर प्रदान करती है और जाति, पंथ या धर्म के नाम पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा, ''अगर किसी की भावना को ठेस पहुंची है तो मैं बिना शर्त माफी मांगता हूं।''

# मणिपुर में अशांति के कारण पर्यटकों की आमद में आई भारी गिरावट, 1.79 लाख से घटकर 17 हजार हुई संख्या

**इंफाल।** मणिपुर में मेइती और कुकी-जो समुदाय के बीच दो साल से अधिक समय से जारी जातीय हिंसा के बीच राज्य में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है।

इस संबंध में जारी एक बयान के अनुसार 2019-2020 में राज्य में जहां 1.79 लाख पर्यटक आए थे वहीं 2024-2025 में यह संख्या घटकर लगभग 17,000 रह गई है।

बयान में कहा गया है कि न केवल मणिपुर में अशांति, बल्कि अत्यधिक हवाई किराया भी राज्य में यात्रियों की संख्या में कमी के लिए जिम्मेदार एक कारक है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार सोमवार को इंफाल पहुंचे और विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री के साथ एक बैठक के दौरान राज्य सरकार के अधिकारियों ने उच्च हवाई किराए का मुद्दा उठाया।

कुमार को एक सवाल के जवाब में बताया गया कि ''राज्य में आने वाले पर्यटकों की संख्या 2019 और 2020 में 1,79,000 (1,67,000 घरेलू और 12,000 विदेशी) से घटकर 2024 और 2025 में लगभग 17,000 (15,700 घरेलू और 1,300 विदेशी) रह गई है।''

राज्य के अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री से इस मुद्दे को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के समक्ष उठाने का भी आग्रह किया।

बयान में कहा गया है, ''पर्यटकों की संख्या में कमी मुख्य रूप से राज्य में अशांति के कारण है, जबकि राज्य में यात्रियों को आने से रोकने वाले अन्य कारकों में उच्च हवाई किराया भी शामिल है।'' बैठक के दौरान कुमार ने विभिन्न कार्यक्रमों का त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के विभिन्न कार्यक्रमों व नीतियों की समीक्षा की।

# केरल के कन्नूर रेलवे स्टेशन पर व्यक्ति ने आरपीएफ अधिकारी पर हमला किया

**कन्नूर (केरल)।** केरल के कन्नूर रेलवे स्टेशन पर सोमवार रात को एक व्यक्ति ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक अधिकारी पर हमला कर दिया। रेलवे पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी प्लेटफॉर्म पर महिला प्रतीक्षालय के बाहर सो रहा था।

पुलिस ने बताया कि बीती रात एक व्यक्ति ने यहाँ एक रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ अधिकारी पर हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार रात करीब 11 बजकर 45 मिनट पर कन्नूर रेलवे स्टेशन पर हुई, जब ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ अधिकारी ने आरोपी को जगाकर कहा कि वह अपने बैग और फोन का ध्यान रखे, जो उससे थोड़ी दूर रखे थे ताकि वे चोरी न हो जाएं।

कन्नूर रेलवे पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया, ''हालांकि, बिना किसी उकसावे के आरोपी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारी पर हमला कर दिया, उसकी वर्दी फाड़ दी और उसका 15,000 रुपये मूल्य का बॉडी कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया।''

इसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया और भारतीय न्याय संहिता के तहत गंभीर हथियारों या वस्तुओं से चोट पहुंचाने, गलत तरीके से रोकने और अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया। आरोपी कासरगोड जिले के उप्पला में अस्थायी रेलवे क्रॉसिंग गेटकीपर के रूप में काम करता है।पुलिस ने बताया कि आरोपी पर सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बेंगलुरु में टीवी अभिनेत्री के उत्पीड़न के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक टेलीविजन अभिनेत्री को सोशल मीडिया पर अश्लील संदेश और अश्लील वीडियो भेजकर उसका यौन उत्पीड़न करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी नवीन के. यहां व्हाइटफील्ड स्थित एक कंपनी में 'डिलीवरी मैनेजर' के रूप में काम करता है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता को पिछले तीन महीनों से 'नवीनज़' नाम के एक फेसबुक उपयोगकर्ता से अश्लील संदेश मिल रहे थे। हालांकि, उसने उसकी 'फ्रेंड रिक्वेस्ट' स्वीकार नहीं की थी लेकिन फिर भी आरोपी 'मैसेंजर' के जरिए अश्लील संदेश भेजता रहा।

अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि जब उसने फेसबुक पर उसे 'ब्लॉक' कर दिया तो आरोपी ने कथित तौर पर कई नए फर्जी अकाउंट बनाए और उसे अश्लील वीडियो भेजे। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद महिला का उत्पीड़न जारी रहा।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एक नवंबर को जब आरोपी ने उसे दोबारा संदेश भेजा तो उसने (महिला) आरोपी को यहां एक रेस्तरा में मिलने के लिए बुलाया। जब वह (महिला) उससे मिली तथा आरोपी से ऐसा न करने के लिए कहा तो उसने कथित तौर पर महिला की बात अनसुनी कर दी तथा उससे बदतमीजी की।

इसके बाद महिला ने पुलिस को सूचना दी, जिसने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''महिला की शिकायत के आधार पर हमने अन्नपूर्णेश्वरी नगर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (1) (3) (यौन उत्पीड़न), 78 (1) (2) (पीछा करना) और 79 (महिला का शील भंग करने) के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।''

# मणिपुर के चुराचांदपुर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार उग्रवादी ढेर

**इंफाल/चुराचांदपुर।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार सुबह मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक प्रतिबंधित संगठन के कम से कम चार आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी।


एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के हथियारबंद सदस्यों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर जिले के हेंगलेप उप-मंडल के अंतर्गत खानपी गांव में सुबह लगभग साढ़े पांच बजे एक अभियान शुरू किया गया।

यूकेएनए मणिपुर में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से केंद्र, राज्य सरकार और उग्रवादी समूहों के बीच हुए समझौते का हिस्सा नहीं है। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान सेना के जवानों और उग्रवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। अधिकारी ने कहा, ''मुठभेड़ के दौरान कम से कम चार उग्रवादी मारे गए जबकि कई अन्य मौके से भाग गए।'' उन्होंने यह भी बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

रक्षा विभाग के एक बयान में भी कहा गया है कि चार नवंबर की सुबह उग्रवादियों ने चुराचांदपुर से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में खानपी गांव में एक खुफिया-आधारित अभियान के दौरान सेना की टुकड़ी पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की।

बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों और यूकेएनए के हथियारबंद सदस्यों के बीच हुई गोलीबारी में ''प्रतिबंधित समूह के चार काडर को मार गिराया गया''। बयान में कहा गया है कि अभियान और आसपास के इलाकों में तलाशी जारी है।

# कर्नाटक के विजयपुरा में हल्का भूकंप, किसी नुकसान की खबर नहीं




**विजयपुरा (कर्नाटक)।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में मंगलवार सुबह हल्का भूकंप आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.9 मापी गई। कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र (केएसएनडीएमसी) ने यह जानकारी दी।

भूकंप सुबह सात बजकर 49 मिनट पर आया और इसका केंद्र विजयपुरा तालुका के भूतनल टांडा से लगभग 3.6 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित था।

अधिकारियों ने बताया कि यह भूकंपीय घटना मामूली थी और इससे कोई नुकसान नहीं हुआ।

केएसएनडीएमसी ने एक बयान में बताया कि दर्ज किए गए निर्देशांक 16.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश एवं 75.75 डिग्री पूर्वी देशांतर थे और भूकंप का केंद्र सतह से पांच किलोमीटर नीचे था।

बयान में कहा गया है, ''विजयपुरा जिले में केएसएनडीएमसी नेटवर्क ने 2.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया जिसका केंद्र विजयपुरा तालुका के भूतनल टांडा से 3.6 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है।''

केएसएनडीएमसी के विश्लेषण के अनुसार, भूकंप का केंद्र इंगनाल गांव से 4.3 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में, हंचिनल गांव से 4.6 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में, विजयपुरा शहर से 9.3 किलोमीटर उत्तर-उत्तर-पूर्व में और अलमाटी बांध भूकंपीय वेधशाला से लगभग 65 किलोमीटर उत्तर में स्थित था।

केएसएनडीएमसी ने स्पष्ट किया कि भूकंप की तीव्रता कम थी और भूकंप का झटका इसके केंद्र से 50-60 किलोमीटर की दूरी तक महसूस हुआ।

उसने कहा कि तीव्रता कम होने के कारण भूकंप से स्थानीय लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

यह क्षेत्र भूकंपीय क्षेत्र तृतीय में आता है और 'टेक्टोनिक' (पृथ्वी की सतह की संरचना) मानचित्र दर्शाता है कि इस क्षेत्र में कोई भी बड़ी संरचनात्मक विसंगति नहीं है।

केएसएनडीएमसी ने निवासियों से आग्रह किया कि वे घबराएं नहीं क्योंकि भूकंप की तीव्रता कम थी।

## तंबाकू रोधी फोरम ने तमिलनाडु में 'हर्बल' हुक्का बार पर प्रतिबंध न हटाने का अनुरोध किया

**चेन्नई,।** 'तमिलनाडु पीपुल्स फोरम फॉर टोबैको कंट्रोल' (टीएनपीएफटीसी) ने सरकार से आग्रह किया है कि वह हुक्का बार पर पूर्ण प्रतिबंध न हटाए, जिसमें 'हर्बल' हुक्का परोसने वाले बार भी शामिल हैं। राज्य सरकार ने 2023 में यह प्रतिबंध लगाया था। मद्रास उच्च न्यायालय के हालिया निर्णयों में कहा गया है कि यदि बार मालिक यह साबित कर सकें कि उनका हुक्का 'हर्बल' है और उसमें तंबाकू या निकोटिन नहीं मिलाया गया है, तो वे हुक्का परोसना जारी रख सकते हैं। बहरहाल, फोरम के सदस्यों का कहना है कि प्रवर्तन अधिकारियों के लिए हजारों दुकानों की निरंतर निगरानी करना बेहद कठिन है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि 'हर्बल' हुक्का में कोई तंबाकू, निकोटिन या हानिकारक पदार्थ नहीं मिलाया गया है।टीएनपीएफटीसी के राज्य संयोजक एस सिरिल अलेक्जेंडर ने कहा, ''हम मद्रास उच्च न्यायालय के हाल के मौखिक निर्देश से बेहद चिंतित हैं।

# बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया शुरू, मतदाताओं के घर जा रहे बीएलओ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मंगलवार को शुरू हो गया और बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के घरों पर जाकर उन्हें गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए कुल 80,681 बीएलओ तैनात किए गए हैं।

एक अधिकारी ने प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, ''राज्य के 294 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अब तक कुल 7.66 करोड़ गणना प्रपत्र तैयार किए जा चुके हैं और प्रत्येक मतदाता को दो प्रपत्र मिलेंगे। बीएलओ दोनों प्रपत्र पर हस्ताक्षर करेंगे। अधिकारी एक प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के लिए अपने पास रखेंगे और दूसरा प्रपत्र मुहर लगी पावती के साथ लौटाएंगे, जिसकी भविष्य में संदर्भ के लिए आवश्यकता हो सकती है।''

उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

अधिकारी ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि यह प्रक्रिया पूरे राज्य में सुचारू रूप से जारी रहेगी।''

पश्चिम बंगाल के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के कार्यालयों में एसआईआर से संबंधित हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं।

घर-घर जाकर गणना करने की महीने भर चलने वाली यह प्रक्रिया चार दिसंबर तक जारी रहेगी और नौ दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

दावे और आपत्तियां नौ दिसंबर से आठ जनवरी तक दर्ज कराई जा सकती हैं। नोटिस जारी किए जाएंगे और नौ दिसंबर से 31 जनवरी के बीच सुनवाई और सत्यापन का काम होगा।

अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में मिनी बस पलटी, कई छात्रों समेत 28 घायल

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार को एक मिनी बस के राजमार्ग पर पलट जाने से कम से कम 28 लोग जख्मी हो गए, जिनमें अधिकतर छात्र हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस राजौरी शहर जा रही थी, तभी चालक ने इसपर से नियंत्रण खो दिया, जिस वजह से थंडीकस्सी के निकट यह दुर्घटना हुई। बचाव दल तुरंत हरकत में आए तथा 26 छात्रों सहित 28 घायलों को राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) से संबद्ध अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो छात्रों - 15 वर्षीय अलीजा और 11 वर्षीय साकिब को बाद में जीएमसी अस्पताल जम्मू रेफर कर दिया गया।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 11/4/2025 8:47 PM Page 1



## मूंढापांडे के विपिन ठाकुर ने जीता मंडलीय बॉडी बिल्डिंग खिताब, गांव में शानदार स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता/मूंढापांडे।** मूंढापांडे के होनहार खिलाड़ी विपिन ठाकुर ने अमरोहा के चौधरपुर में आयोजित मंडलीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया और मैडल अपने नाम किया। इस जीत ने एक बार फिर मूंढापांडे का नाम रोशन कर



दिया है। यह विपिन ठाकुर की लगातार दूसरी बड़ी सफलता है। इस मंडलीय जीत से पहले, वह रूहेलखंड प्रतियोगिता में भी जीत दर्ज कर चुके थे, जिससे क्षेत्र में उनकी पहचान एक उत्कृष्ट बॉडी बिल्डर के रूप में बनी है। विपिन ठाकुर की इस उपलब्धि पर गांव वालों ने उनका जोरदार स्वागत किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर पहलवान रंजीत ठाकुर, रविंद्र, आनंद कुमार, अंकित चौहान सहित कई ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और उन्होंने विपिन ठाकुर को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल और स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल की टीमें फाइनल में पहुंचीं

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न स्कूल में आयोजित हो रही चार दिवसीय सातवीं अबुल हसन मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूनार्मेंट के दूसरे दिन शानदार मुकाबले खेले गए । जिसमें 10 टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल ओर सेमीफाइनल मैच खेले गए आयोजन सचिव शाहवेज अली ने बताया कि दूसरे दिन का पहला मैच मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल और विल्सोनिया स्कॉलर होम के मध्य खेला गया जिसमे मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के लक्की और जुनैद ने एक - एक गोल करके टीम को 2- 1 के स्कोर से जिताया । दूसरा मैच मॉडर्न पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे मॉडर्न पब्लिक स्कूल की ने शानदार प्रदर्शन करते



हुए पहले हाफ में अक्षय और सरताज ने दो गोल जड़े और दूसरे हाफ में दो गोल औरंगजेब, और एक गोल सारीम ने मारकर 5 – 0 के स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरा मैच सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल और पी.एम.एस पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया जिसमे पीएमएस की टीम ने शानदार गोल करते हुए 01- 00 से हराया व सेमी फाइनल में पहुंची चौथा मैच गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल और ग्रीन मिडोज स्कूल के बीच खेला गया जिसमे पहले हाफ में दोनों टीमों का कोई गोल नहीं हुआ दूसरे हाफ में गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल की टीम के अंश एक गोल जड़कर कर टीम को जिताया व सेमीफाइनल में जगह बनाई पांचवां मैच स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल और मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के बीच खेला गया जिसमे स्मार्ट इंडियन स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 02- 00 के गोल से जीत प्रात कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया पहला सेमीफाइनल मैच एमपीएस और पीएमएस के बीच खेला गया जिसमे एमपीएस ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले हाफ में 02- 00 का लक्ष्य दिया व दूसरे हाफ में पीएमएस ने एक गोल और एमपीएस दो गोल मारकर 04- 01 के स्कोर से जीतकर फाइनल में पहुंची । दूसरा सेमीफाइनल मैच गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल और स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल के बीच खेला गया दोनों ही टीमों में जबरदस्त टक्कर हुई पहले ओर दूसरे हाफ में दोनों टीमों का एक भी गोल नहीं हुआ इसके बाद दोनों टीमों को पांच पांच पेनल्टी शॉट मिले जिसमें दोनों ही टीमों ने चार चार गोल मारे, आखिर में स्मार्ट इंडियन टीम ने गोल्डन गोल मारकर 05- 04 के स्कोर से जीत हासिल की और फाइनल में प्रवेश किया निर्णायक मंडल में अनुभव कुमार, तुषार कुमार, मोहम्मद फरमान, फैजान, आतिफ रजा, कीर्ति बाजपाई आदि उपस्थित रहे।

## समाचार

# साफ सफाई व्यवस्था को लेकर अध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने किया निरीक्षण!

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** मंगलवार को थाना क्षेत्र में हाईवे पर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने किया निरीक्षण नगर पंचायत पाकबड़ा मे मोहम्मद याकूब द्वारा अपने सभी सफाई मित्रों के साथ रहकर हाईवे पर हो रही गंदगी को लेकर सख्त कार्रवाई की गई ! लोगों की शिकायत को लेकर अध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने हाईवे पर नगर में क्या निरीक्षण सभी सफाई व्यवस्था ओर कर्मचारियों को सफाई के प्रती आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करें और हाईवे को साफ-सुथरा रखने के लिए विशेष प्रयास करें। इस पहल से नगर पंचायत पाकबड़ा क्षेत्र की स्वच्छता और सुंदरता में सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे हाईवे व सर्विस मार्ग पर गंदगी न फैलाएं और कूड़ा-कचरा न डालें। अध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने नगर पंचायत पाकबर के चारो तरफ हाईवे हो या नगर का कोई भी हिस्सा साफ सुथरा होना चाहिए। साथ ही कहा कि स्वच्छता बनाए रखने में सभी का सहयोग आवश्यक है, ताकि हमारा क्षेत्र साफ-सुथरा और स्वस्थ बना रहे। जिससे कि नगर वासियों को गंदगी से फेल रही बीमारियों से बचा जा सके ! और अपने आप को स्वस्थ रखा जाए ! इस बात को लेकर अध्यक्ष मोहम्मद याकूब अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# जाम के दौरान हुई कहा सुनी में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मुगलपुरा थाना क्षेत्र में जाम के दौरान हुई कहासुनी ने ऐसा रूप लिया कि मामला हाथापाई और बेल्टों से पिटाई तक पहुंच गया। हाफिज बन्ने की पुलिया के पास हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जाम की स्थिति में दो पक्षों के बीच मामूली विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गया। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोगों ने तीन युवकों पर हमला कर दिया और उनकी जमकर पिटाई की।घटना में घायल हुए इंदिरा चौक निवासी सलीम, अनस और साकिर ने किसी तरह खुद को भीड़ से बचाते हुए थाने पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार और चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है और वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।स्थानीय लोगों के अनुसार, जाम के दौरान गाड़ियों को निकालने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। शुरूआत में लोग मामला शांत कराने का प्रयास करते दिखे, लेकिन कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया, तथा किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया गया। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।मुगलपुरा थाना पुलिस का कहना है कि ऐसी घटनाएं शहर के शांतिपूर्ण माहौल को प्रभावित करती हैं। पुलिस ने अपील की है कि सड़क पर विवाद होने पर लोग कानून हाथ में लेने के बजाय शांति व संयम बनाए रखें तथा किसी भी विवाद की स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचना दें। फिलहाल पुलिस अपनी जांच में जुट गई है।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को ठाकुरद्वारा के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ब्लॉक स्तरीय खेलों का आयोजन सरोज अकैडमी ठाकुरद्वारा में किया गया । जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह, सरोज एकेडमी के डायरेक्टर अनिरुद्ध चौहान और खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया । सर्वप्रथम विभिन्न विद्यालयों से आए हुए बच्चों द्वारा मार्च पास्ट किया गया और उसके बाद बच्चों और निर्णायकों को खेल शपथ दिलाई गई । मुख्य अतिथि द्वारा 50 मीटर की बालिका दौड़ में झंडी दिखाकर खेलों का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया । खेलों में विभिन्न प्रतियोगिता



जैसे 50 मीटर 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 600 मीटर लंबी कूद ऊंची कूद को कबड्डी वालीबाल अंताक्षरी और मानचित्रण जैसे खेलों का आयोजन किया गया । सभी बच्चों ने पूर्ण मनोयोग से खेल भावना से प्रतिभाग किया । 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में मनीषा, बालक वर्ग में नितिन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विजेता को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया । कार्यक्रम में अध्यक्ष वीर सिंह, राकेश कुमार, आशीष कुमार, विजयपाल सिंह, श्वेता रस्तोगी, पीयूष कुमार, भीम सिंह, रमेश सिंह, शमशेर सिंह, दमन सिंह, अंकुर सिंह, रोहित कुमार, सोनिया चौहान, शिल्पी अग्रवाल, सपना, बबिता पारुल सहित समस्त नोडल संकुल शिक्षक ने प्रतिभाग कर सहयोग किया।

## मूंढापांडे के शौर्यदीप ने रचा इतिहास, गांव से पहले सीए परीक्षा पास करने का गौरव

**उत्तम भारत संवाददाता/मूंढापांडे।** निवासी शौर्यदीप सिंह ने आई सी आई इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा संचालित सीए ग्रुप प्रथम परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है। यह मूंढापांडे गांव के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि शौर्यदीप सिंह इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पहली बार उत्तीर्ण करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। शौर्यदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय घर पर रहकर ऑनलाइन की गई तैयारी को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने पूरी लगन और समर्पण के साथ ऑनलाइन माध्यमों से पढ़ाई की। अब उनका अगला लक्ष्य सीए ग्रुप द्वितीय परीक्षा में भी सफलता प्राप्त करना है। गांव में पहली बार सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उनका भव्य स्वागत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमन ठाकुर, प्रधान शिवकुमार राघव, गजेंद्रपालसिंह, राकेश सिंह, राजेंद्र सिंह, अरविंद चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और उन्होंने शौर्यदीप सिंह को बधाई दी।

## बारात में हुई हवाई फायरिंग से बिगड़ा माहौल मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को क्या गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र मोरा मुस्तकम गांव में एक बारात के दौरान हुई हवाई फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक द्वारा तमंचे से फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहा है, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बारात में तमंचा लहराने और फायरिंग की इस हरकत ने स्थानीय लोगों को भी हैरान कर दिया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया है।इस मामले में बारात में मौजूद पीड़ित युवक विशाल चौधरी ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में विशाल ने आरोप लगाया है कि बारात के दौरान अंकुर पाल नाम के युवक ने न केवल तमंचे से फायरिंग की, बल्कि उसे तमंचा दिखाकर धमकाया भी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच कर आरोपी की पहचान की गई है और उसकी धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई है। आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। अधिकारीयों के मुताबिक, बारात में हथियार का प्रयोग और सोशल मीडिया पर इस तरह का वीडियो वायरल होना कानून व्यवस्था के लिए गंभीर मामला है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बारातों में फायरिंग की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं, जिसके चलते कई बार गंभीर हादसे भी हो चुके हैं। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना दें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस मामले की जांच में लगी है और जल्द ही कार्रवाई की बात कही है।

## सामुदायिक सेवा समिति के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** सामुदायिक सेवा समिति के तत्वावधान में ह्लमिशन शक्तिह्व के अंतर्गत गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद द्वारा स्थानीय काली जी के मंदिर (लाल बाग) के पास नई बस्ती में एक निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा जी ने की। प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्राजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल लोगों का उपचार करना ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और देखभाल की भावना को समाज में प्रसारित करना है।और हमारी छात्राएं जो देश का भविष्य है वह समाज के प्रति अपन जिम्मेदारियां को समझे । आज के परिवेश में स्वस्थ रहना ही सबसे बड़ी पूंजी है यह आयोजन न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सामाजिक और भावानात्मक संतुलन को भी समान महत्व देता है। साथ ही सभी चिकित्सकों का हृदय से आभार



व्यक्त किया । इस अवसर पर डॉक्टर नूरेन चिकित्सा अधिकारी, लालबाग ,डॉ अरवीन जहां, चिकित्सा अधिकारी आशियाना ,अतुल शक्ति फार्मासिस्ट , प्रमोद कुमार एवं इरफान आदि उपस्थित रहे। मेडिकल कैंप द्वारा बस्ती की महिलाओं और पुरुषों, बच्चों एवं वृद्धो को जांच करके निशुल्क दवाई भी वितरित की गई । ठंड में एहतियात रखने को भी सलाह दी गई। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम में टी.वी. विशेषज्ञ डा.गजेंद्र एवं मनोज जी ने बस्ती के लोगों को टीवी के लक्षण एवं उसके उपचार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी ।शिविर का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेष रूप से महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, निवारक देखभाल तथा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना था ।शिविर का उद्देश्य समुदाय प्रतिएक विशेषकर महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता निवारक देखभाल और मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है । कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन प्रोफेसर सीमा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों प्रोफेसर सुधा सिंह प्रोफेसर अंचल गुप्ता प्रोफेसर करुणा आनंद डॉक्टर प्रीति पांडे डॉक्टर प्रेमलता कश्यप, रेनू शर्मा, डॉक्टर सविता अग्रवाल, डॉक्टर शिवानी गुप्ता, डॉक्टर सुनीति लता ने भरपूर सहयोग किया एवं कार्यक्रम में प्रोफेसर किरणसाहू , प्रोफेसर मिनाक्षी शर्मा ,प्रोफेसर सुदेश ,प्रोफेसर सीमाअग्रवाल प्रोफेसर एकता भाटिया ,डॉक्टर शेफाली अग्रवाल आदि सभी प्रवक्ता ने उपस्थित रहीं।

## आज मनाया जाएगा श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर कांठ नगर के धामपुर रोड स्थित श्री गुरु द्वारा साहेब में आज बुधवार को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके साथ यहां सिख ज्ञानियों के द्वारा तीन दिवसीय श्री गुरु ग्रंथ साहेब के अखंड पाठ की शुरूआत की गई है। मंगलवार को जानकारी देते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कांठ के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह और संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा ने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख ज्ञानी मनिंदर सिंह एवं ज्ञानी गुरप्रीत सिंह के द्वारा गुरुद्वारा साहेब में श्री गुरु ग्रंथ साहेब का अखंड पाठ प्रारंभ किया जा चुका है। इसके साथ निशान साहेब को चोला पहनाकर दीवान साहेब को सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहेब अखंड पाठ की समाप्ति पूरी आस्था और विधिविधान के साथ बुधवार को की जाएगी। इसी के साथ सबद कीर्तन, अरदास, गुरुवाणी और लंगर आदि का कार्यक्रम होगा।

## रास्ते में पुराल रखने को लेकर दंपति को मारपीट कर किया घायल

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** रास्ते में धान की पुराल रखने को लेकर दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम अकबरपुर चौदरी निवासी विकास पुत्र श्यामलाल एवं महिपाल पुत्र बत्तू सिंह में धान की पुराल रास्ते में रखने को लेकर गाली-गलौंच हो गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों की महिला पुरुष लाठी डंडे लेकर आ गए और उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में महिपाल और उसकी पत्नी प्रेमवती दोनों घायल हो गई। 28 अक्टूबर को सुबह 6.00 बजे हुई मारपीट में शोर शराबे की आवाज सुनकर गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को शांत किया। इसके बाद घायलों को लेकर उनके परिजन थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विकास पुत्र श्यामलाल, सचिन पुत्र कलुवा, सुमन पत्नी मुनेश, श्यामलाल पुत्र श्याम सिंह चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत के मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# नील सरोवर धाम में आज श्रद्धालु लगाएंगे

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** क्षेत्र के प्रसिद्ध नील सरोवर मेले की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। इस मेले में नील सरोवर में स्नान के बाद श्रद्धालु पूजा अर्चना में भाग लेकर मनोकामनाएं मागते हैं। इससे पहले आश्रम पर अखंड रामायण पाठ की शुरूआत हो गई है। कांठ में खादर क्षेत्र से होकर गुजर रही राम गंगा नदी के तट पर प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के मेलो का आयोजन किया जाता है। श्री श्री 1008 देव स्वरूप देवानंद निशकलंकी महाराज के आश्रम पर मेले के साथ ही अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इसी के साथ ग्राम दरियापुर रफायतपुर गंगा नदी के तट पर गंगा स्नान का मेला लगता है। आज गंगा स्नान का त्यौहार है। दोनों स्थानों पर आयोजकों द्वारा मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। वही गंगा नदी के तट पर स्थित श्री श्री 1008 देव स्वरूप देवानंद निशकलंकी महाराज जी के आश्रम पर तीन दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है। अखंड रामायण पाठ की समाप्ति विधि विधान के साथ आज की जाएगी। आज लगने वाले मेले में सैकड़ो श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। मेला स्थल पर ऊंचे स्थान पर बने मचान पर बैठकर मेला कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य समय-समय पर निर्देश देकर श्रद्धालुओं को लाउडस्पीकर के माध्यम से अनाउंसमेंट करेंगे। मेले में महिलाओं और बच्चों द्वारा जमकर खरीदारी की जाती है।

# मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

● मंडलायुक्त ने दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के दिए निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तृतीय मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कमिश्नरी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मंडलायुक्त द्वारा मण्डल के समस्त जनपदों में मानक के अनुसार निर्धारित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठकें आयोजित कराने हेतु निर्देशित किया गया। संभाग के समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही होनी



चाहिए। मंडलायुक्त द्वारा सभी ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ-साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये, जिसमें मार्किंग, रोड साइनेज, स्पीड टेबल पर मार्किंग आदि के लिए निर्देशित किया गया। सोलेशियम स्कीम के अन्तर्गत मिलने वाली सहायता के संबंध में अवशेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मानक के अनुसार निर्धारित जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकें करायी जायें। मण्डलायुक्त ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत एनएचएआई एवं पीडब्ल्यूडी को मण्डल के समस्त मुख्य मार्गों पर क्रेन व एम्बूलेंस की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए और सभी ब्लैक स्पॉट्स पर साईनेज, रिफ्लेक्टर, रम्बल स्ट्रिव, ब्लिंकर लगाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत सभी ब्लैक स्पॉट्स पर लाईटिंग की व्यवस्था अतिशीघ्र करायी जाये। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की संख्या, मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या में कमी लाने के लिए मण्डल के सभी जिलों में प्रभावी कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। जनपद मुरादाबाद में सोलेशियम स्कीम के अधिक प्रकरण लंबित होने के कारण सहायक संभागीय परिवहन अधिकरी (प्रवर्तन) को मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि तत्काल प्रकरण निस्तारण किये जाये। साथ ही मण्डल के अन्य समस्त जिलों को भी लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीबीएसई विद्यालयों के संचालकों और प्रधानाचार्यों के साथ बैठक संपन्न

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के संचालकों-प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बैठक में सभी विद्यालय संचालकों/ धानाचार्यो को निर्देश दिये गये कि पूर्व में आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की बैठकों में लिये गये निर्णय के अनुसार छात्र/छात्राओं से लिये जाने वाले शुल्क के स्लैब को अधिकतम 04 स्लैबों में रखा जाये। एक स्लैब से दूसरे स्लैब में परिवर्तन होने पर शुल्क की दर में ज्यादा परिवर्तन न हो। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष शुल्क निर्धारण किए जाने में उत्तर प्रदेश स्वविततपोषित स्वतंत्र विद्यालय



(शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 में विहित व्यवस्थानुसार बढ़ोत्तरी की जाये। जनपद के 14 सीबीएसई विद्यालयों द्वारा निर्धारित प्रारूप पर एनसीईआरटी व निजी प्रकाशकों से सम्बन्धित सूचना को उपलब्ध नहीं कराया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी विद्यालयों से सूचना प्राप्त कर पुस्तक विक्रेताओं के साथ बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि पाठ्यक्रम में परिवर्तन न किया जाये। इसके अतिरिक्त जिन विषयों में एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं है तथा उन विषयों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लगाये जाने की अपरिहार्यता है तो छात्र अभिभावक संघ की बैठक में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लगाये जाने पर सहमति लेने के उपरान्त प्रस्ताव को प्रस्तुत किया जाये तथा जिन विषयों में निजी प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें हैं उनकी प्रतियों को विद्यालय के पुस्तकालय में रखा जाये । जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी विद्यालय ड्रेस आदि में परिवर्तन न करें। यदि ड्रेस में परिवर्तन करने की अपरिहार्यता हो तो ड्रेस परिवर्तन की सूचना 90 दिवस पूर्व दी जाये तथा ड्रेस का डिजाइन इस प्रकार का रखा जाये जोकि खुले बाजार में आसानी से उपलब्ध हो।

## जमीन खरीद-फरोख्त में फजीर्वाड़ा, आरोपी राशिद गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जमीन खरीदने के नाम पर कथित रूप से धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है, जहां पीड़ित शमशेर सिंह पुत्र झम्मन सिंह निवासी लाइनपार बुद्धि विहार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह एक जमीन खरीदने के लिए 30 लाख रुपये का सौदा कर चुका था। इस दौरान आरोपी ने उसे जमीन से संबंधित दस्तावेज भी दिखाए, जिन पर भरोसा कर उसने भुगतान कर दिया। लेकिन कुछ समय बाद जब उसने रजिस्ट्री की जानकारी जुटाई तो पता चला कि जिस जमीन की बिक्री उसे दिखाई गई थी, वह पहले ही अशरफ जहां व अन्य लोगो के नाम रजिस्टर्ड हो चुकी थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि राशिद अली और उसके साथी शाहबाज, जुल्फिकार, शरिफ खान और नाजिम ने फर्जी दस्तावेज और कूटरचित फर्द-खतौनी तैयार कर उनके साथ धोखाधड़ी की और पैसे हड़प लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शमशेर सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को पर्याप्त साक्ष्य मिले, जिसके आधार पर आरोपी राशिद अली पुत्र जाहिद अली निवासी मौहल्ला कोठी, कस्बा और थाना सैफनी जिला रामपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके अन्य सहयोगियों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/4/2025 6:22 PM Page 1



## संक्षिप्त समाचार

### भारी बर्फबारी और भूस्खलन में ऊपरी मुस्तांग का संपर्क कटा

**काठमांडू, एजेंसी।** भारी हिमपात और भूस्खलन के कारण सड़कों, बिजली और इंटरनेट सेवाएँ बाधित हो जाने से ऊपरी मुस्तांग का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। इसके चलते वहाँ करीब 550 से अधिक पर्यटक और 100 से ज्यादा वाहन फँसे हुए हैं। जोमसोम-कोरला सड़क जगह-जगह धँसने और भूस्खलन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बारिश के साथ हुई बर्फबारी के कारण बागबेनी से ऊपर छुसाङ क्षेत्र तक सड़क, बिजली और इंटरनेट सेवाएँ बंद हो गई हैं। मुस्तांग के पुलिस प्रमुख डीएसपी छिरिंग किप्पा लामा के अनुसार, स्थानीय पुलिस चौकियाँ रविवार सुबह तक भी संपर्क में नहीं आ पाई हैं। उन्होंने बताया कि छुसाड़ से ऊपर आधा दर्जन से अधिक बड़े भूस्खलन हुए हैं और जेसीबी मशीनों से सड़क खोलने का कार्य शुरू किया गया है लेकिन पूरी तरह मार्ग साफ करने में अभी कुछ दिन लगेंगे। कागबेनी और आसपास के क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के कारण पर्यटकों को बचाव की आवश्यकता पड़ी। इसके साथ ही ऊँचे पहाड़ी और हिमालयी इलाकों का संपर्क भी पूरी तरह टूट गया। मुस्तांग के प्रमुख जिला अधिकारी बिष्णु प्रसाद भुसाल के अनुसार, ऊपरी मुस्तांग में 550 से अधिक पर्यटकों से संपर्क कट गया है। प्रमुख जिला अधिकारी ने बताया कि 559 लोग और 108 वाहन वहाँ फँसे हुए हैं। ऊपरी मुस्तांग में संपर्क का कोई माध्यम उपलब्ध नहीं है। बड़े-बड़े भूस्खलन हटाने की आवश्यकता होने के कारण इसमें कम से कम 3 दिन और लगेंगे। उन्होंने कहा कि वहाँ फंसे अधिकांश पर्यटक भारत और दूसरे देशों के हैं। नेपाली टूर गाइड और विदेशी पर्यटकों की सही संख्या का भी अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि चूँकि वहाँ होटल और घर मौजूद हैं इसलिए सभी लोग सुरक्षित स्थान पर होंगे।

### हाइड्रोलिक गियर फेल होने पर काठमांडू जा रहे विमान की आपात लैंडिंग, 82 यात्री सुरक्षित

**काठमांडू, एजेंसी।** धनगढी से काठमांडू के लिए उड़ान भरने वाले श्री एयरलाइंस के विमान (फ्लाइट क्यू-400222) को हाइड्रोलिक गियर में समस्या आने के बाद भैरहवा के गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन रूप से उतारा गया। काठमांडू एयर ट्रैफिक कंट्रोल के मुताबिक काठमांडू में उतरने की तैयारी के दौरान कई प्रयास करने के बावजूद विमान का लैंडिंग गियर नहीं खुल पा रहा था। सुबह 10 बजे धनगढी से उड़ान भरने वाले इस विमान को मूल रूप से काठमांडू में उतरना था, लेकिन समस्या का पता लगने के बाद उसे कुछ समय के लिए सिमरा के ऊपर आसमान में होल्ड कराया गया। इसके बाद भैरहवा हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। हाइड्रोलिक फेल होने के कारण विमान रनवे पर ही रुक गया था। विमान में 82 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। लगभग एक घंटे बाद विमान को रनवे से खींचकर हटाया गया। इस विमान के यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को बाद में दूसरे विमान से काठमांडू भेजा गया है। श्री एयरलाइंस ने बिगड़े हुए विमान की मरम्मत के लिए काठमांडू से टेक्निकल टीम भेजी है।

### नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में तीन दिनों से उड़ानें बंद, सैकड़ों विदेशी पर्यटक फंसे

**काठमांडू, एजेंसी।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के प्रवेशद्वार के रूप में लुक्ला स्थित तेनजिंग-हिलारी हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें पिछले तीन दिनों से खराब मौसम के कारण निलंबित हैं। उड़ानें बंद रहने के कारण खुम्बु क्षेत्र से लौटने की तैयारी में लगे सैकड़ों विदेशी पर्यटक लुक्ला में फंसे हुए हैं। इलाके के सभी होटल और गेस्टहाउस पूरी तरह भरे हुए हैं। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर नवराज कटुवाल के अनुसार लगातार बारिश, बर्फबारी और घना कोहरा होने से सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के लुक्ला हवाई अड्डे से उड़ानें गुरुवार से ही बंद हैं, जो आज शनिवार को भी नहीं खुल पाई हैं। कटुवाल ने बताया कि दृश्यता बहुत कम है और न केवल हवाई जहाज, बल्कि हेलीकॉप्टर भी उड़ान नहीं भर पा रहे हैं। कुछ हेलीकॉप्टरों ने पिछले गुरुवार उड़ान भरी थी, लेकिन तब से कोई उड़ान नहीं हुई है। लुक्ला में तारा एयर के प्रभारी अमृत मगर ने बताया कि करीब 1,500 पर्यटक फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लुक्ला के सभी होटल भरे हुए हैं और नए मेहमानों के लिए कमरे खोजना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी तोया कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि कुछ होटलों को पर्यटकों को लॉबी में ही बैठाने की व्यवस्था करनी पड़ी है। फ्रांस की पर्यटक जूली मारी ने कहा कि हम तीन दिन पहले एवरेस्ट बेस कैंप से लौटे थे और तब से लुकला में ही उड़ान शुरू होने का इंतज़ार कर रहे हैं।

# पोकरोव्स्क में अब भी डटे यूक्रेनी सैनिक, रूस ने घेराबंदी का दावा किया



**कीव/मॉस्को, एजेंसी।** यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ओलेक्जेंडर सर्स्की ने शनिवार को कहा कि उनकी सेना पूर्वी शहर पोकरोव्स्क में अब भी मजबूती से डटी हुई है, जबकि रूस का दावा है कि उसने एक साल से अधिक चले संघर्ष के बाद शहर को 'पिन्सर मूवमेंट' (दोनों दिशाओं से घेरने की रणनीति) में जकड़ लिया है। रूस डोनेट्स्क प्रांत पर पूर्ण नियंत्रण पाने के अपने अभियान के तहत मध्य-2024 से पोकरोव्स्क पर कब्जे की कोशिश कर रहा है, जिसे 'डोनेट्स्क का प्रवेश द्वार' कहा जाता है। युद्ध से पहले करीब 70,000 आबादी वाला यह शहर अब लगभग पूरी तरह तबाह और खाली हो चुका है।


**रूस की बड़ी जीत बन सकता है पोकरोव्स्क :** यदि रूस इस शहर पर कब्जा कर लेता है, तो यह अवदीवका के पतन के बाद उसकी सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी। अवदीवका को रूस ने 2024 की शुरुआत में बेहद खूनी लड़ाई के बाद अपने नियंत्रण में लिया था। उसके बाद से रूस ने 1,000 किलोमीटर लंबी मोर्चा रेखा पर धीरे-धीरे बढ़त बनाई है। दोनों पक्षों के हजारों सैनिकों की मौत हो चुकी है। जहां कीव का कहना है कि स्थिति 'काफी हद तक ठहरी हुई' है और क्षेत्रीय नुकसान मामूली हैं, वहीं मॉस्को का दावा है कि वह अब भी 'रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बढ़त' हासिल कर रहा है।

**'हम पोकरोव्स्क को संभाले हुए हैं' : यूक्रेनी कमांडर :** यूक्रेन के सेना प्रमुख सर्स्की ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'हम पोकरोव्स्क को संभाले हुए हैं। दुश्मन बलों को शहर से बाहर निकालने का व्यापक अभियान जारी है।' रूसी अधिकारियों का कहना है कि यदि वे पोकरोव्स्क और इसके उत्तर-पूर्व में स्थित कोस्त्यान्तिनिव्का पर नियंत्रण पा लेते हैं, तो वे आगे क्रामातोर्स्क और स्लोवियांस्क की ओर बढ़ सकेंगे – जो डोनेट्स्क क्षेत्र के यूक्रेन-नियंत्रित सबसे बड़े शहर हैं।

**जमीन पर हालात अब भी अस्पष्ट :** यूक्रेनी ओपन-सोर्स मानचित्र डीपस्टेट के अनुसार, रूसी सैनिक फिलहाल शहर के दक्षिणी हिस्से के एक छोटे भाग पर नियंत्रण में हैं, जबकि बाकी क्षेत्र को 'ग्रे ज़ोन' बताया गया है - यानी किसी भी पक्ष का पूरा नियंत्रण नहीं है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मीडिया चैनल ज्वेज्दा ने दावा किया कि यूक्रेनी सैनिक आत्मसमर्पण कर रहे हैं और दो बंदी सैनिकों का वीडियो जारी किया, लेकिन रॉयटर्स इस वीडियो की पुष्टि नहीं कर सका। इस बीच, कीव ने बताया कि उसने एक हेलीकॉप्टर से विशेष बलों की टीम को पोकरोव्स्क में भेजा है ताकि रूसी बढ़त को रोका जा सके। रूस का कहना है कि उसने उस मिशन में शामिल 11 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया, जबकि यूक्रेनी अधिकारियों ने इस दावे को खारिज किया और कहा कि अभियान अब भी जारी है। यूक्रेनी सेना के अनुसार, पोकरोव्स्क की स्थिति 'कठिन और बदलती हुई' है, लेकिन उन्होंने शहर के कुछ हिस्सों में 'रणनीतिक रूप से बेहतर स्थिति' हासिल की है।

**डोनबास पर कब्जे की कोशिश जारी :** रूस डोनबास क्षेत्र (लुहान्स्क और डोनेट्स्क प्रांतों) पर पूर्ण नियंत्रण चाहता है। यूक्रेन वर्तमान में डोनबास के पश्चिमी हिस्से का लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्र – करीब 5,000 वर्ग किलोमीटर – अपने नियंत्रण में रखे हुए है। पोकरोव्स्क की लड़ाई यह तय कर सकती है कि पूर्वी यूक्रेन में संघर्ष की दिशा किस ओर मुड़ेगी, कीव के बचाव की ओर या मॉस्को के बढ़ते कब्जे की तरफ।

# सीरियाई राष्ट्रपति अहमद शरआ जल्द कर सकते हैं वॉशिंगटन की यात्रा : अमेरिकी दूत



**मनामा, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विशेष दूत टॉम बैरक ने शनिवार को कहा कि सीरिया के राष्ट्रपति अहमद शरआ निकट भविष्य में वॉशिंगटन की यात्रा कर सकते हैं। बैरक ने बहरीन में आयोजित वार्षिक वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'मनामा डायलॉग' के दौरान संवाददाताओं से कहा कि इस दौरे के दौरान सीरिया के अमेरिका-नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने की 'उम्मीद' है, जो इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे आतंकी संगठन के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय है। यदि यह यात्रा होती है, तो यह राष्ट्रपति शरआ की संयुक्त राज्य अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले उन्होंने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के लिए न्यूयॉर्क का दौरा किया था। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दिसंबर में बशर अल-असद से सत्ता संभालने के बाद, राष्ट्रपति शरआ ने कई देशों की यात्राएं की हैं, जिनका उद्देश्य उन वैश्विक शक्तियों के साथ सीरिया के संबंधों को पुनर्स्थापित करना है जिन्होंने असद शासन के दौरान दमिश्क से दूरी बना ली थी। सीरिया अभी तक 2014 में गठित उस अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा नहीं है, जिसका उद्देश्य इस्लामिक स्टेट को समाप्त करना था। इस संगठन ने 2014 से 2017 के बीच सीरिया और इराक के लगभग एक-तिहाई हिस्से पर कब्जा कर लिया था और वहां कट्टरपंथी शरीया कानून लागू किया था। बाद में, अमेरिकी गठबंधन बलों और उनके स्थानीय साझेदारों ने आईएस को 2019 में उसके अंतिम गढ़ से बाहर कर दिया। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, इस्लामिक स्टेट अब असद शासन के पतन के बाद सीरिया और पड़ोसी इराक में पुनर्गठन की कोशिश कर रहा है। अगर शरआ का यह वॉशिंगटन दौरा सफल रहता है, तो यह न केवल दमिश्क और वॉशिंगटन के बीच संबंधों के सामान्यीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, बल्कि सीरिया के नई अंतरराष्ट्रीय भूमिका की भी शुरुआत साबित हो सकता है।

# नीदरलैंड्स के पीएम बन सकते हैं समलैंगिक रॉब जेटन

**एम्सटर्डम, एजेंसी।** नीदरलैंड्स में सेंट्रिस्ट लिबरल डेमोक्रेट्स 66 पार्टी के नेता रॉब जेटन अगले पीएम बन सकते हैं। एग्जिट पोल्स के मुताबिक, उनकी पार्टी को करीब 30 सीटें मिल सकती हैं, जो कट्टर दक्षिणपंथी नेता गीर्ट वाइल्डर्स की पार्टी फॉर फ्रीडम के बराबर है। अगर यह एग्जिट पोल असल आंकड़ों में बदलते हैं तो 38 साल के रॉब देश के सबसे युवा और पहले ओपनली गे (खुले तौर पर समलैंगिक) पीएम भी बनेंगे। जेटन की अगले साल उनके मंगेतर निकोलस कीनन से शादी होने वाली है। निकोलस अर्जेंटीना की पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी हैं। यह रिजल्ट गीर्ट वाइल्डर्स के लिए बड़ा झटका होगा। उन्होंने अपना चुनावी कैंपेन मुस्लिम अप्रवासियों, समलैंगिकों और जलवायु परिवर्तन की नीतियों के खिलाफ चलाया था। 2022 में नूपुर शर्मा ने जब पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान दिया था, तब गीर्ट वाइल्डर्स ने खुलकर उनका समर्थन किया था।

**टिकटॉक वीडियो वायरल हुआ तो फेमस हुए :** साल 2021 में, जेटन और उनके एक साथी डच राजनेता के बीच का एक ब्रोमांस वाला ट्रेंडिंग वीडियो टिकटॉक पर बहुत वायरल हुआ था। इसमें दोनों नेता एक दूसरे के साथ मस्ती करते, हंसते और डांस करते दिखे थे। वीडियो वायरल होने के बाद रॉब जेटन युवाओं के बीच मशहूर हो गए। उसी दौरान जेटन की मुलाकात हॉकी प्लेयर निकोलस कीनन से हुई। कीनन अर्जेंटीना की नेशनल टीम में खेलने के अलावा यूरोपीय लीग में भी खेलते हैं। कीनन ने एक सुपरमार्केट में जेटन को पहचान लिया और वहीं से बातचीत शुरू हुई। जेटन ने बाद में एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें नहीं पता था कि एक टिकटॉक ट्रेंड से उनकी जिंदगी इतनी बदल जाएगी। पिछले साल नवंबर 2024 में दोनों की सगाई हुई। जेटन ने अपने चुनावी कैंपेन में पॉजिटिव मैसेजिंग पर जोर दिया था। उनका इलेक्शन स्लोगन हां, हम कर सकते हैं काफी फेमस हुआ था। उन्होंने आवास संकट, हेल्थकेयर खर्च, माइग्रेशन और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर फोकस किया। जेटन ने कहा- हमने दिखा दिया कि पॉपुलिस्ट और एक्सट्रीम-राइट को हराना संभव है।

# वेनेजुएला में विपक्ष अमेरिकी कार्रवाई पर बंटा, सीनेटरों ने ड्रग रणनीति पर मांगे जवाब

**कराकास/वाशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला के खिलाफ संभावित अमेरिकी कार्रवाई को लेकर देश के विपक्षी नेताओं में गहरे मतभेद सामने आए हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि इन हमलों के पीछे राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपदस्थ करने की साजिश हो सकती है। सितंबर से अब तक कैरिबियाई सागर और प्रशांत महासागर में अमेरिकी हमलों में दर्जनों लोग मारे गए हैं। उधर अमेरिका में कांग्रेस के उच्च सदन सीनेट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से 'ड्रग तस्करी' विरोधी रणनीति पर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित वेनेजुएला की मारिया कोरिना माचाडो ने ट्रंप की नीतियों का समर्थन किया है, जो राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को



अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा बताते हैं। उन्होंने अमेरिकी खुफिया एजेंसी 'सीआईए' की गुप्त कार्रवाइयों और सैन्य तैनाती का स्वागत किया। हालांकि दो बार राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहें हेनरिके कैप्रिल्स ने अमेरिकी सशस्त्र हस्तक्षेप का विरोध करते हुए मादुरो सरकार और अमेरिका के बीच बातचीत की वकालत की है। कैप्रिल्स ने माचाडो गुट को 'चरमपंथी' करार दिया, जबकि माचाडो के सलाहकार मैगाली मेडा ने इस बाबत विपक्ष की एकजुटता का दावा किया। इस बीच विश्लेषकों का कहना है कि विपक्ष का विभाजन वेनेजुएला के नागरिकों को दुविधा में डाल रहा है। इस मसले पर कतर ने मध्यस्थता की पेशकश की है, लेकिन अभी इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। वर्ष 2024 चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार की शानदार जीत के बावजूद मादुरो तीसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ले चुके हैं। वह अमेरिकी हमलों को सत्ता परिवर्तन की साजिश बता रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार, 70 प्रतिशत वेनेजुएलाई नागरिक मादुरों शासन के खिलाफ हैं, जबकि 60 प्रतिशत माचाडो के नेतृत्व में अमेरिकी समर्थन चाहते हैं। उधर, अमेरिका में सीनेट आर्म्ड सर्विसेज समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष रोजर विकर और डेमोक्रेट जेक रीड ने ट्रंप प्रशासन से वेनेजुएला के 'ड्रग कार्टेल' के खिलाफ नौका हमलों के कानूनी आधार और 'कार्यकारी आदेश' की मांग की है। हालांकि इस बाबत सितंबर 23 और अक्टूबर 6 के उनके पत्रों का अभी कोई जवाब नहीं मिला है। हालांकि ट्रंप ने शुक्रवार को वेनेजुएला पर हमलों की योजना की बात से इनकार किया और इतना ही कहा कि वह अमेरिकी सैन्य ताकत को दुरूस्त कर रहे हैं।

# मिस्र ने खोला प्राचीन सभ्यता को समर्पित विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्र ने शनिवार को अपनी प्राचीन सभ्यता की विरासत को समर्पित ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम (जीईएम) का भव्य उद्घाटन किया। दो दशकों से निर्माणाधीन यह विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय है, जो न केवल मिस्र की ऐतिहासिक धरोहर को एक छत के नीचे समेटेगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और पर्यटन को नई ऊर्जा देने की उम्मीद भी जगाता है। गिजा के प्रसिद्ध पिरामिड और स्फिंक्स के पास स्थित यह म्यूजियम 50,000 से अधिक प्राचीन वस्तुओं को प्रदर्शित करता है, जिनमें फराओ-कालीन जीवन की झलक देखने को मिलती है। खास बात यह है कि यहां राजा तुचतनखामुन की समाधि से मिली संपूर्ण धरोहर को पहली बार एक साथ प्रदर्शित किया गया है, जो 1922 में खोजे जाने के बाद अब तक कहीं एक स्थान पर नहीं रखी गई थी।

**'मानवता की एक सिम्फनी' का मंच :** उद्घाटन समारोह में कई विश्व नेताओं, राजपरिवारों और सरकार प्रमुखों ने हिस्सा लिया। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह संग्रहालय 'प्राचीन मिस्रवासियों की प्रतिभा और आधुनिक मिस्रवासियों की रचनात्मकता का संगम' है, जो विश्व संस्कृति और कला को एक नया आयाम देगा। इस मौके पर काहिरा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और शनिवार को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया। संग्रहालय के प्रांगण में भव्य मंच पर ऑर्केस्ट्रा और कलाकारों ने 'ग्लोबल सिम्फनी ऑफ ह्यूमैनिटी' नामक संगीत प्रस्तुति दी। उद्घाटन से एक रात पहले सैकड़ों ड्रोन ने आसमान में राजा तुतनखामुन के मुखौटे और रथ की शानदार लाइट शो प्रस्तुति दी थी, जिसने वातावरण को और भी रहस्यमय बना दिया था।

**अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा म्यूजियम :** संग्रहालय के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के सदस्य और उद्योगपति सर मोहम्मद मंसूर के अनुसार, जीईएम हर साल करीब 50 लाख पर्यटकों को आकर्षित करेगा। यह संख्या इसे विश्व के सबसे लोकप्रिय संग्रहालयों की श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि इसका देश की अर्थव्यवस्था पर 'अत्यंत सकारात्मक प्रभाव' पड़ेगा। 2014 में सत्ता संभालने के बाद राष्ट्रपति सीसी ने कई मेगा प्रोजेक्ट्स शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य मिस्र की जड़ हो चुकी अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकना है। ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम उन्हीं में से एक है, एक ऐसा स्मारक जो न केवल मिस्र की गौरवशाली सभ्यता का प्रतीक बनेगा, बल्कि आधुनिक मिस्र की प्रगति का भी प्रतीक चिन्ह साबित होगा।

## जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने दूसरे क्वार्टर में मजबूत वृद्धि हासिल की, आय में 128% और मुनाफे में 138% की बढ़ोतरी

**– उल्लेखनीय परिचालन प्रदर्शन, मजबूत ऑर्डर बुक और अनुभवी नेतृत्व के साथ कंपनी विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध**

**उत्तम भारत संवाददाता, मुंबई।** जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (इरए-505504) कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरे तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने इस अवधि के दौरान आय में 128% और मुनाफे में 138% की बढ़ोतरी दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि जीएचवी इंफ्रा सड़क, रेल, पानी, एयरपोर्ट रनवे, बंदरगाह और ऊर्जा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ-साथ स्टील, रिफाइनरी, तेल और गैस पाइपलाइन्स, बड़े कारखाने आदि के औद्योगिक विकास तथा औद्योगिक, वेयरहाउसिंग, कॉमर्शियल, आवासीय, होटल, संस्थान, अस्पताल, प्लांट और नॉन-प्लांट इमारतों के EPC/टर्नकी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन से जुड़ी हुई कंपनी है।

जीएचवी इंफ्रा कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही अवधि में असाधारण वृद्धि दिखाई है, जो निम्नानुसार है-

-परिचालन कार्य से आय वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के 8,046.00 लाख रुपए की तुलना में दूसरी तिमाही में 128% से अधिक बढ़कर 18,376.60 लाख रुपए हो गई।

-कंपनी के परिचालन लाभ (कर पूर्व लाभ) में लगभग 151% की असाधारण वृद्धि देखने को मिली है, जो वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के 632.16 लाख रुपए की तुलना में दूसरी तिमाही में 1,584.73 लाख रुपए तक पहुंच गया।

-- कर के बाद का लाभ दोगुने से अधिक बढ़कर 1,122.20 लाख रुपए दर्ज किया गया, जो वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के 471.85 लाख रुपए से लगभग 138% अधिक है।

-प्रति शेयर आय (एढर): वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (मूल) के लिए 1.56 रुपए तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली अर्धवार्षिक अवधि के लिए 2.21 रुपए रही।

-बैलेंस शीट: 30 सितंबर, 2025 तक कुल संपत्ति 51,232.44 लाख रुपए दर्ज की गई।

कंपनी के परिचालन कार्य से जुड़ी प्रमुख विशेषताओं में इस अवधि के दौरान उल्लेखनीय कॉर्पोरेट कार्रवाइयां शामिल हैं, जैसे कि सफल बोनस शेयर इश्यू (अनुपात 3:2), इक्विटी शेयरों का उप-विभाजन और प्रमोटर तथा नॉन-प्रमोटर को प्रेफरेंशियल आवंटन। कंपनी ने अपने रणनीतिक अंतरराष्ट्रीय विस्तार के भाग के रूप में वअए के रस अल खैमाह इकोनॉमिक जोन में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जीएचवी INFRA FZ LLC को शामिल किया है। यह सहायक कंपनी अभी संचालन प्रारंभ नहीं कर पाई है, हालांकि अक्टूबर तिमाही से इसके पूरी तरह संचालन में आने की उम्मीद है। कंपनी की ऑर्डर बुक में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है, जो 30 जून, 2025 को लगभग 3,400 करोड़ से बढ़कर 30 सितंबर, 2025 को लगभग 8,500 करोड़ हो गई।

# अफ़ग़ानिस्तान के साथ 'शत्रुता' और नहीं बढ़ाना चाहते-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने कहा है कि वह अफ़ग़ानिस्तान के साथ 'शत्रुता' को और नहीं बढ़ाना चाहता है बल्कि वह आशा करता है कि तालिबान शासक अफ़ग़ानिस्तान की धरती से सक्रिय विद्रोहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करके उसकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान करेंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने शुक्रवार को यह बात कही। यह टिप्पणी उस समय आई है जब एक दिन पहले ही पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान ने तुर्किए और कतर की मध्यस्थता में लगभग एक सप्ताह तक चली वार्ता के बाद युद्ध विराम कायम रखने पर सहमति व्यक्त की थी, ताकिक्षेत्र में व्यापक संघर्ष को रोका जा सके। अंद्राबी की इस टिप्पणी को दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम होने का संकेत माना जा रहा दिया है। गौरतलब है कि अक्तूबर की शुरुआत से ही दोनों पक्षों के बीच सीमा पर हुई गोलीबारी में दर्जनों सैनिक, नागरिक और विद्रोही मारे गए थे। इस बीच कतर ने दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडलों को दोहा आमंत्रित किया है, जहाँ वे 19 अक्टूबर को युद्धविराम पर सहमत हुए। इसके बाद तुर्किये में इस्तांबुल में छह दिनों तक बातचीत हुई, जो गुरुवार रात तक जारी रही। इस वार्ता में दोनों पक्ष युद्धविराम कायम रखने पर सहमत हुए हैं। इस शांति वार्ता के बाद, दोनों पक्ष युद्धविराम को लागू करने संबंधी कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए छह नवंबर को इस्तांबुल में फिर से बैठक करेंगे। अंद्राबी ने द्विपक्षीय वार्ता को सफल बनाने में कतर और तुर्किये की भूमिका की प्रशंसा की।



युद्धविराम के बावजूद, दोनों देशों ने प्रमुख सीमा चौकियों को बंद रखा हैं, जिससे माल से भरे सैकड़ों ट्रक और हज़ारों शरणार्थी दोनों तरफ़ फँसे हुए हैं। अंद्राबी के अनुसार सुरक्षा कारणों से अफ़ग़ानिस्तान के साथ सभी सीमा चौकियां व्यापार के लिए फिलहाल बंद हैं, लेकिन शरणार्थियों को कम से कम दक्षिण-पश्चिमी चमन सीमा चौकी से अफगानिस्तान लौटने में मदद की जा रही हैं। उधर, अफगानिस्तान में काबुल में, गृह मंत्रालय की सीमा पुलिस के प्रवक्ता अबीदुल्लाह उकाब फ़ारूक़ी ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी तोरख़म सीमा चौकी शनिवार को शरणार्थियों के लिए फिर से खोल दी जाएगी। हालांकि इस बाबत पाकिस्तान की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई है। वर्तमान घटनाक्रम में एक दिन पहले पाकिस्तान में अफ़ग़ानिस्तान के राजदूत अहमद शकीब द्वारा 'एक्स' पर एक लेख साझा किया गया था जिसमें उन्होंने कहा शिकायत की थी कि पाकिस्तान द्वारा सीमा चौकियां बंद करने के कारण बड़ी संख्या में अफ़ग़ान शरणार्थी वहां फँसे हुए हैं। इस पर अंद्राबी ने एतराज जताते हुए कहा कि अफ़ग़ानिस्तान के राजदूत ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के माध्यम से बातचीत करने के बजाय सोशल मीडिया पर अपनी शिकायतें व्यक्त करके 'राजनयिक' मानदंडों का उल्लंघन किया है।